


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 350 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.13 2079 रविवार, 5 मार्च 2023

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये




## सिसोदिया की रिमांड दो दिन बढ़ी

### जमानत अर्जी पर फैसला 10 मार्च तक सुरक्षित, कोर्ट ने सीबीआई से भी जवाब मांगा



नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया की रिमांड दो दिन के लिए बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम को अगले दो दिन के लिए सीबीआई कस्टडी पर भेज दिया। वहीं, सिसोदिया की तरफ से दाखिल जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को फैसला सुनाएगा। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सिसोदिया की पेशी हुई। सीबीआई ने कोर्ट से तीन दिन के लिए उनकी कस्टडी मांगी थी। सिसोदिया 26 फरवरी को गिरफ्तार हुए थे। कोर्ट ने उन्हें 27 फरवरी को पांच दिन के लिए सीबीआई रिमांड पर भेजा था। रिमांड की अवधि 4 मार्च को पूरी हो गई है।

**सिसोदिया की दलील, पूछताछ में पूरा सहयोग किया**

शुक्रवार को सिसोदिया ने निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में उन्होंने लिखा कि सीबीआई की पूछताछ में उन्होंने सहयोग किया है। जब भी उन्हें बुलाया गया, वे आए हैं। उन्होंने दलील दी कि उन्हें कस्टडी में रखने के पीछे अब कोई वाजिब कारण नहीं है, क्योंकि सारी रिकवरी तो सीबीआई कर चुकी है।

### प्रधानमंत्री ने पोस्ट-बजट वेबिनार को किया संबोधित

## 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : मोदी

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (4 मार्च) को 'इन्फ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट' पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति मानती है और इससे भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि इस साल का बजट देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के विकास को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के साथ ही देश के सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर का भी मजबूत होना उतना ही आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हमारा सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा, उतने ही टैलेंटेड युवा और स्किल्ड युवा काम करने के लिए आगे आ पाएंगे। इसलिए ही स्किल डेवलपमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, फाइनेंशियल स्किल्स पर जोर दिया जाना बहुत आवश्यक है।

**हम इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को देश की इकोनॉमी का ड्राइविंग फोर्स मानते हैं :**

पीएम ने कहा कि गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान, भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक का कायाकल्प करने जा रहा है। ये इकोनॉमिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग को, डेवलपमेंट को इंटिग्रेट करने का बहुत बड़ा टूल है। उन्होंने कहा कि हम इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को देश की इकोनॉमी का ड्राइविंग फोर्स मानते हैं। इसी रास्ते पर चलते हुए भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करेगा।



**नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर में 110 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य :**

मोदी ने कहा कि नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के तहत सरकार आने वाले समय में 110 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य लेकर चल रही है। ऐसे में प्रत्येक हितधारकों के लिए ये नई दायित्व, नई संभावनाओं और साहसपूर्ण निर्णय का समय है। किसी भी देश के विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर का महत्व हमेशा से ही रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे यहां दशकों तक एक सोच हावी रही कि गरीबी एक मनोभाव है। इसी सोच की वजह से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर इन्वेस्ट करने में पहले की सरकारों को दिक्कत होती थी। हमारी सरकार ने ना सिर्फ इस सोच से देश को बाहर निकाला है, बल्कि वो आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड इन्वेस्टमेंट भी कर रही है।

**विकास की गति को बढ़ाने और टॉप गियर पर पहुंचाने की जरूरत :**

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अब इस विकास की गति को बढ़ाने और टॉप गियर पर पहुंचाने की जरूरत है और इसमें प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसे सभी क्षेत्रों में आधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए काम कर रही है। यह व्यवसायों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और लॉजिस्टिक कॉस्ट को कम करने में मदद करेगा।

नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि आज राष्ट्रीय राजमार्ग का औसत वार्षिक निर्माण 2014 की तुलना में दोगुना हो गया है। 2014 से पहले हर साल 600 रूट किमी रेल लाइन का विद्युतीकरण होता था और आज ये आंकड़ा 4000 रूट किमी पर आ गया है। एयरपोर्ट की संख्या भी 2014 की तुलना में 74 से बढ़कर 150 के आस-पास पहुंच चुकी है।

## सेना ने चीन सीमा पर गश्त बढ़ाई

### गलवान में घोड़ों के साथ पेट्रोलिंग कर रहे जवान

लद्दाख, 4 मार्च (एजेंसियां)। लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात भारतीय सेना ने गश्त बढ़ा दी है। इसके चलते जवानों ने हाल के महीनों में गलवान घाटी और आस-पास के इलाकों में घोड़ों और खच्चरों से पेट्रोलिंग की है। इधर, पैंगोंग झील पर भी हाफ मैराथन जैसी गतिविधियां की गई हैं।

इस बीच सेना की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें वह गलवान घाटी के पास फिटनेस के लिए क्रिकेट-हॉकी खेल रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जहां भारतीय सेना क्रिकेट खेल रही है उस जगह का खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन यह जगह वही है जहां भारत-चीन के बीच जून 2020 में झड़प हुई थी।

हालांकि गलवान घाटी में संघर्ष के बाद से दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर हैं। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भी कुछ महीनों पहले चीन-भारत की सेनाओं के बीच झड़प हुई थी।

**भारतीय सेना ने कहा, हम असंभव को संभव बनाते हैं :**

बताया जा रहा है कि बेहद ऊंचाई वाले इन क्षेत्रों में तैनात सेना की टुकड़ियां सर्दियों के दौरान कई गेम्स ऑर्गेनाइज करती हैं। वहीं यह तस्वीर भारतीय सेना की लेह स्थित 14वीं कोर ने भी ट्विटर पर शेयर की है। उन्होंने लिखा कि पटियाला ब्रिगेड त्रिशूल डिवीजन ने पूरे उत्साह और शौर्य के साथ शून्य से नीचे के तापमान और बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्र में एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। हम असंभव को संभव बनाते हैं। 2020 में चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को तैनात कर दिया था। इसके बाद इस इलाके में कई जगहों पर चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की। इसके जवाब में भारतीय सेना ने भी इस इलाके में चीन के बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती कर दी थी। हालात इतने खराब हो गए थे कि 4 दशक से ज्यादा वक्त के बाद एलएसी पर गोलियां चलीं।

### एनआईए ने काला जठेड़ी के सहयोगी, छेनू गिरोह के सदस्य की संपत्तियां कुर्क की

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने छेनू गिरोह के सदस्य आसिफ खान और काला जतेदी के सहयोगी सुरेंद्र चीकू के परिसरों पर छापेमारी की और उनकी संपत्तियों को सील कर दिया। एनआईए ने शुक्रवार को यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, खान की संपत्ति गौतम विहार, गली नंबर 7 में स्थित है। उनके परिसर के बाहर एक नोटिस भी लगाया गया है।

हाल के हफ्तों में एनआईए ने आतंकवादी-गैंगस्टर सांठगांठ मामले में छापेमारी की थी। खान छेनू के कहने पर व्यवसायियों से रंगदारी वसूलता था। सीलिंग के मामले में एनआईए के एक सूत्र ने कहा कि अब तक उन्होंने दिल्ली और हरियाणा में स्थित पांच संपत्तियों को सील कर दिया है। ये संपत्तियां उन गैंगस्टर्स की हैं जो ड्रग्स रैकेट में शामिल थे और उनके आतंकी कनेक्शन भी हैं। इनके पाकिस्तान और कनाडा स्थित आतंकियों से भी संबंध हैं। एनआईए ने 2022 में आतंकवादी-गैंगस्टर सांठगांठ का मामला दर्ज किया था। इस मामले में हरियाणा और पंजाब के कुछ कबड्डी खिलाड़ी भी एनआईए के राडार पर हैं।

### भारत हर देश की समृद्धि चाहता है : नेवी चीफ

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। नेवी के चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा है कि जब भी कोई तकनीक आती है तो उसे काउंटर भी किया जाता है।

उन्होंने कहा कि हमने यूक्रेन की लड़ाई के दौरान देखा कि युद्ध में जब भी नई तकनीक आई, उसका जवाब भी दिया गया। उन्होंने कहा कि मैरीटाइम डोमेन में चुनौतियां परंपरागत या गैरपरंपरागत नहीं होतीं। कोई भी परेशानी सबके लिए परेशानी ही होती है। नेवी चीफ ने कहा मैरीटाइम डोमेन में हम सहकारिता के भाव से साथ मिलकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम छोटे समूहों में काम करते हैं तो उससे उद्देश्य की पूर्ति होती है। इससे सहयोगी देशों के बीच विश्वास भी बढ़ता है। नेवी चीफ ने कहा है कि भारत ऐसा देश है तो क्षेत्र के सभी देशों की समृद्धि को बढ़ावा देना चाहता है। नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार शनिवार को रायसीना डायलॉग 2023 को संबोधित कर रहे थे। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि हिंद महासागर में 2008 से चीन की मौजूदगी है।

### दिल्ली आबकारी नीति मामला : राघव मगुंटा की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ाई

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार राघव मगुंटा की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। अदालत ने ईडी को मगुन्टा की जमानत याचिका पर 13 मार्च तक जवाब दाखिल करने को कहा और इसे 16 मार्च को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। सांसद मगुनता श्रीनिवास रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा को पिछले महीने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। >14




## रेप और मर्डर में फांसी की सजा पाया शख्स निकला नाबालिग

### सुप्रीम कोर्ट ने रिहा करने को कहा

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। एक नाबालिग लड़की के रेप और मर्डर केस में फांसी की सजा पाया शख्स नाबालिग निकला। सुप्रीम कोर्ट ने घटना के वक्त उसके नाबालिग होने के कारण उसकी सजा को खारिज कर दिया। और उसे रिहा करने को कहा है। मध्य प्रदेश का यह मामला है।

ट्रायल कोर्ट ने रेप और मर्डर में आरोपी को फांसी की सजा सुनाई थी। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने फांसी की सजा को कन्फर्म कर दिया जिसके बाद मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। सुप्रीम कोर्ट में जब अपील पेंडिंग थी तो याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि घटना के वक्त वह नाबालिग था और ऐसे में उसे जूवनाइल जस्टिस एक्ट का लाभ मिलना चाहिए।

**3 साल के लिए सुधार गृह में रख सकते हैं**

जेजे एक्ट के तहत प्रावधान है कि नाबालिग अगर अपराध के लिए दोषी पाया जाए तो ज्यादा से ज्यादा उसे तीन साल के लिए सुधार गृह में रखा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट से कहा कि वह जेजे एक्ट के तहत आरोपी के नाबालिग होने के दावे की छानबीन करे। ट्रायल कोर्ट की ओर से सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट पेश की गई और कहा गया कि आरोपी का जन्म 25 जुलाई 2002 को हुआ है। और इस तरह घटना वाले दिन यानी 15 दिसंबर 2017 को वह 15 साल का था।



**पांच साल जेल की सजा काट चुका है**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जेजे एक्ट के तहत जूवनाइल (नाबालिग) को ज्यादा से ज्यादा तीन साल सुधार गृह में रखा जा सकता है ऐसे में उसकी फांसी की सजा को खारिज की जाती है और वह इस दौरान पांच साल जेल काट चुका है ऐसे में उसे रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हमारा मत है कि दोषी करार दिया जाना इस कारण निरस्त नहीं हो सकता है कि जूवनाइल जस्टिस बोर्ड ने मामले में छानबीन नहीं की। मामले में सजा के वक्त जेजे एक्ट को देखा जाएगा।

**...तो रिहा किया जाना जरूरी है**

जेजे एक्ट 2015 में बदलाव किया गया है। कानून का मकसद यह भी है कि ऐसे अपराधी को मुख्य धारा में कम से कम सजा देकर लाया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने दोषी करार दिए जाने को बरकरार रखा लेकिन फांसी की सजा को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याची 16 साल से कम है। ऐसे में इस मामले में अधिकतम 3 साल ही उसे सुधार गृह में रखा जा सकता है। वह पांच साल जेल काट चुका है, ऐसे में उसे रिहा किया जाना जरूरी है। जेजे एक्ट को देखा जाए तो जेजे एक्ट की धारा-2 (13) में कहा गया है कि जेजे एक्ट के तहत बच्चों को जो प्रोटेक्शन दिया गया है >14

### लोकायुक्त की जांच में हस्तक्षेप का सवाल ही नहीं : येदियुरप्पा

बेंगलुरू, 4 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने शनिवार को कहा कि राज्य की भाजपा सरकार रिश्वत के आरोपी पार्टी विधायक और उनके बेटे को नहीं बचाएगी।

उन्होंने कहा कि लोकायुक्त की जांच में हस्तक्षेप का सवाल ही नहीं है। पत्रकारों से बात करते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई इस संबंध में पहले ही एक बयान जारी कर चुके हैं। उन्होंने कहा, कोई भी जांच में हस्तक्षेप की कोशिश नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कानूनी ढांचे के तहत आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी। मैं इसके बारे में आगे नहीं बोलूंगा। येदियुरप्पा ने बोम्मई के इस्तीफे की मांग कर रहे कांग्रेस नेताओं के विरोध पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इस बीच, लोकायुक्त सूत्रों ने बताया कि वे मामले के संबंध में चन्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मदल विरुपक्षप्पा को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके पुत्र प्रशांत मदल को निविदा आवंटन के एवज में 40 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। विरुपाक्षप्पा को इस मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया है। प्रशांत मदल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




### दिल्ली में फ्री बिजली देने पर यू-टर्न

## केजरीवाल सरकार 3 किलोवाट से ज्यादा खपत पर सब्सिडी खत्म कर सकती है

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली वालों को 200 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा कर सत्ता में आई दिल्ली सरकार इस गर्मी में फ्री बिजली को लेकर झटका देने वाली है। दिल्ली सरकार के सूत्रों के अनुसार, 3 किलो वाट से ज्यादा बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की सब्सिडी खत्म हो सकती है।

दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, डीआईआरसी ने दिल्ली सरकार को सुझाव दिया है कि उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर बिजली सब्सिडी देने के बारे में विचार किया जाए। इस व्यवस्था का प्रस्ताव तैयार करने के लिए उन उपभोक्ताओं को सब्सिडी से बाहर रखा जाएगा जिनकी बिजली की खपत 3 किलो वाट से ज्यादा है। वर्तमान में दिल्ली में 0-200 यूनिट तक बिजली की खपत पर शून्य बिल आता है। वहीं, बिजली कनेक्शन के लोड का सब्सिडी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अगर बिजली की खपत 400 यूनिट के अंदर है तो उपभोक्ता को बिल पर 50 प्रतिशत अधिकतम 800 रुपये सब्सिडी मिलती है। 401 यूनिट होते ही उपभोक्ता सब्सिडी के दायरे से बाहर हो जाता है। दरअसल दिल्ली में अब सभी उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी मांगने पर ही मिलती है। एक अक्टूबर 2022 से दिल्ली सरकार ने यह व्यवस्था लागू की है। अब तक 40.28 लाख से ज्यादा उपभोक्ता बिजली सब्सिडी के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन की प्रक्रिया कब शुरू होगी इसकी तारीख तय नहीं है। ऊर्जा विभाग इस पर जल्द फैसला लेगा। दिल्ली में करीब 58 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें 47 लाख से अधिक घरेलू हैं। सर्दियों में तो 85 प्रतिशत से ज्यादा को उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ मिलता है।

दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में बिजली सब्सिडी के लिए 3250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। दिल्ली सरकार का ऊर्जा विभाग इसको लेकर प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जल्द ही इस प्रस्ताव को दिल्ली सरकार की कैबिनेट के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। दिल्ली विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग को तीन किलोवाट से अधिक लोड वाले कनेक्शन को इस दायरे से बाहर रखने को कहा है।



# सर्च अभियान में 35 करोड़ की हेरोइन

## 2 करोड़ से अधिक कैश बरामद, गिरफ्तार हो गया कुख्यात ड्रग पेडलर

जम्मू, 4 मार्च (एजेंसियां)। कश्मीर के श्रीनगर स्थित पुंछ में पुलिस और सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगी है। दरअसल यहां के कुख्यात ड्रग पेडलर रफी धाना उर्फ रफी लाला के घर से भारी मात्रा में हेरोइन, पैसे और हथियार बरामद किए गए हैं। लाला को पीएसए के तहत हिरासत में ले लिया गया है। लाला के घर पड़ी रेड में करीब 7 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। तलाशी अभियान में 2 करोड़ 30 लाख और 93 हजार रुपये कैश बरामद किया गया है। वहीं 15 हजार रुपये के अमेरिकी डॉलर समेंत, एक पिस्टल, मैगजीन और 10 राउंड गोलियां, और सात राउंड एसएलआर बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हेरोईन की कीमत 35 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक ड्रग पेडलर रफी धाना पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास रहता है। इंस्पेक्टर सुनील के नेतृत्व में पुलिस, एनसीए और सीआरपीएफ की टीम ने लाला के घर की तलाशी शुरू की गई। जानकारी के मुताबिक इस बाबत इनपुट्स मिले थे, जिसके बाद इस सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। बता दें कि तलाशी अभियान अब भी जारी है। पंजाब के ड्रग पेडलर्स से इसका कोई लिंक है या नहीं इस बाबत भी जांच की जा रही है। इस बाबत मंडी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू) मुकेश सिंह ने बताया कि नियंत्रण रेखा के पास नार्को टेरर मॉड्यूल सक्रिय था। रफी धाना उर्फ रफी लाला के घर से तलाशी अभियान में भारी मात्रा में हेरोइन और पैसे बरामद किए गए। रफी धाना कुख्यात ड्रग पेडलर है इस कारण उसे पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया है।

# 'मैं मोदी का विरोध करने नहीं बैठा, मैं उन्हें सुधार दूंगा'

## कपिल सिब्बल बोले- विपक्षी नेता और सीएम दें मेरा साथ...

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्ष अभी से एकजुट होने की कवायद में लगा है. अब इसे लेकर कांग्रेस की काफी सक्रिय नजर आ रही है. इसके लिए अब जल्द ही राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल नए मंच का एलान करने वाले हैं. माना जा रहा है कि वह विपक्षी नेताओं के संपर्क में हैं. कपिल सिब्बल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि समय आ गया है जनता को जागरूक किया जाए, अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए. उन्होंने कहा कि देश के विपक्षी सीएम, नेता मेरा साथ दें और हम एक राष्ट्रीय आंदोलन शुरू करें, ताकि गुलामी खत्म हो सके. उनका कहना है कि 11 मार्च को जंतर मंतर पर एक बड़ा कार्यक्रम होगा, जिसमें सभी विपक्षी नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा.



**'पीएम मोदी का विरोध करने नहीं बैठा हूं'**

सिब्बल का कहना है कि वह 11 मार्च को अपना एजेंडा सभी के सामने रखेंगे. उन्होंने तंज किया वह पीएम मोदी का विरोध करने के लिए नहीं बैठे हैं, बल्कि उन्हें सुधार देंगे. इससे पहले उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तारीफ भी की थी. उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी समाज के अलग-अलग तत्वों को एक साथ लाने में सफल रहे हैं और उन्हें यह एहसास दिलाया है कि देश में एकता कितनी जरूरी है. हालांकि, उन्होंने ने पिछले साल ही कांग्रेस छोड़ दी थी. बाद में समाजवादी पार्टी ने उन्हें राज्यसभा में भेजा था.

**'नहीं बना रहा राजनीतिक दल'**

उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी सब काम गलत नहीं कर रहे हैं. डिजिटलाइजेशन, आवास योजना अच्छी योजना है, लेकिन जहां अन्याय होगा उसके खिलाफ लड़ने की जरूरत है. सिब्बल ने साफ किया कि वो राजनीतिक दल नहीं बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि ये देश के लोगों के लिए है. मुझे लगता है कि मोदी भी इसका विरोध नहीं करेंगे.

# खनन अधिकारी के घर पर मिला 'खजाना'

## गड्डियां देख उड़े होश- अलमारी में छिपा रखा था सोना

भुवनेश्वर, 4 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा के एक वरिष्ठ खनन अधिकारी के घर पर छापा पड़ा है, जिसमें अकूत संपत्ति मिली है. विजिलेंस के अधिकारियों को अंदाजा भी नहीं थी कि अधिकारी ने इतनी बड़ी मात्रा में कैश छुपाकर रखा है. विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि खनन अधिकारी के पास से करीब एक करोड़ रुपए नकद और 650 ग्राम सोने की ज्वैलरी मिली हैं. आरोपी ने ज्वैलरी अलमारी में छिपाकर रखी हुई थी. इसके अलावा उसके पास से अचल और चल संपत्तियों भी मिली है. आय के से अधिक संपत्ति के आरोपों पर विजिलेंस अधिकारियों ने खान निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक उमेश चंद्र जेना के खुर्दा और क्योंझर जिलों में 13 स्थानों पर छापेमारी की और घर की तलाशी ली. इस दौरान ओडिशा विजिलेंस की 13 टीमों को भुवनेश्वर में एक बहुमंजिला इमारत, क्योंझर में तीन इमारते, क्योंझर के प्रमुख क्षेत्र में पांच भूखंड, एक कार और दो बाइक के अलावा नकदी व सोने के ज्वैलरी मिली है. आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बैंक, बीमा और इंश्योरेंज व इन्वेस्टमेंट के कागजात भी खंगाले गए हैं. विजिलेंस ने कहा, 'जेना के बेटे ने सात फर्मों को चलाने में बिजनेस इनकम का दावा किया है और जेना की पत्नी ने बीमा एजेंसी से कमीशन इनकम का दावा किया है. इन दावों का सत्यापन किया जा रहा है. हम आगे की तलाश जारी रखे हुए हैं. पूछताछ जारी है.' विजिलेंस ने शुक्रवार को एक अन्य अधिकारी एडिशनल चीफ इंजीनियर कंदरपा प्रधान के खुढा, अंगुल और कालाहांडी जिले में 8 विजिलेंस की 8 टीमों ने चीफ इंजीनियर के ठिकानों की ली तलाशी आधिकारियों ने बयान में कहा है कि अब तक की तलाशी के दौरान विजिलेंस की आठ टीमों ने भुवनेश्वर में एक 3बीएचके और दो 2बीएचके फ्लैट, अंगुल में दो एक मंजिला इमारतें, अंगुल शहर में और उसके आसपास पांच प्लॉट पाए हैं. फ्लैटों, बिल्डिंग, प्लॉट की माप और मूल्यांकन विजिलेंस टेक्नीकल विंग विंग की ओर से किया जा रहा है.

# 'पीएम मोदी के नाम पर मांगें वोट तो चप्पलों से पीटो'

## बीजेपी नेताओं पर हिंदू सेना प्रमुख का हमला



बेंगलुरु, 4 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक में विवादास्पद हिंदू सेना प्रमुख प्रमोद मुथालिक ने बीजेपी नेताओं के खिलाफ बयान देकर नए विवाद को जन्म दे दिया है. कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले प्रमोद मुथालिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट मांगने के लिए राज्य में बीजेपी नेताओं पर निशाना साधा. मुथालिक ने कारवार में लोगों से कहा कि अगर बीजेपी के नेता डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान पीएम मोदी का नाम लेते हैं तो उनको 'चप्पलों से पीटें'. "बीजेपी के नेता नालायक हैं. ये बेकार लोग पीएम मोदी का नाम लेते हैं, लेकिन वह अपने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को नहीं समझेंगे." हिंदू सेना प्रमुख मुथालिक ने कथित तौर पर बीजेपी नेताओं को पीएम मोदी के नाम और तस्वीर का इस्तेमाल किए बिना वोटर्स को लुभाने की कोशिश करने की चुनौती भी दी.

**निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे मुथालिक**

प्रमोद मुथालिक ने कहा, "इस बार आप बिना पीएम मोदी का नाम लिए वोट मांगे. पैम्फलेट और बैनर पर मोदी की तस्वीर नहीं होनी चाहिए. वोटर्स से कहें कि आपने विकास किया है, आपने गायों को बचाया है और आपने हिंदुत्व के लिए काम किया है. अपनी छाती पीट-पीटकर शान से वोट मांगने की कोशिश कीजिए कि आपने इतना काम किया." प्रमोद मुथालिक ने 23 जनवरी को घोषणा की थी कि वह करकला से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे.

**मोदी के नाम का इस्तेमाल किए बिना वोट नहीं मांगेंगे नेता- मुथालिक**

प्रमोद मुथालिक ने आगे कहा, "बीजेपी के नेता पीएम मोदी के नाम का इस्तेमाल किए बिना वोट नहीं मांगेंगे. वे फिर से आपके दरवाजे पर आएंगे. आप सभी से निवेदन है कि 'कृपया अपना वोट मोदी को दें, कृपया अपना वोट मोदी को दें'. अगर वे मोदी का नाम लेते हैं तो उन्हें चप्पलों से मारो." इससे पहले मुथालिक ने दावा किया था कि उन्हें कुछ बीजेपी नेताओं का समर्थन हासिल है, जिन्होंने चुनाव लड़ने के लिए आर्थिक मदद की पेशकश की थी. उन्होंने चुनाव लड़ने के अपने फैसले से पीछे हटने से भी इनकार किया.

# सीपीआई नेता ने नाबालिग के साथ कई बार किया दुर्व्यवहार पुलिस ने किया गिरफ्तार



अलाप्पुझा, 4 मार्च (एजेंसियां)। केरल अलाप्पुझा जिले के अरथुंगल इलाके में नाबालिग लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में भाकपा के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 56 वर्षीय नेता सीवी सतीशन को 14 साल की लड़की के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी को आर्थंगल पुलिस ने पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया था। आरोपी को कई धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हिजाब पर बवाल

## बर्बाद होने के कगार पर मुस्लिम लड़कियों का एक और साल



बेंगलुरु, 4 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक में सरकारी स्कूलों और पीयू कॉलेजों में हिजाब पर बैन को लेकर मामला और गरमा गया है. हिजाब पर बैन के विरोध में पीयूसी परीक्षा में शामिल नहीं होने के कारण एक साल की पढ़ाई छोड़ने वाली प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज की मुस्लिम छात्राओं का एक साल और खराब हो सकता है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को याचिका को तत्काल सुनने से इनकार कर दिया. याचिका में 9 मार्च से शुरू होने वाली प्री-यूनिवर्सिटी की द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाली मुस्लिम छात्राओं ने हिजाब पहनने देने का अनुरोध किया था. महिला वकील की दलील थी कि मुस्लिम लड़कियों का एक और शैक्षणिक वर्ष बर्बाद होने के कगार पर है, क्योंकि सरकारी विद्यालयों में परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जहां हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जा रही है. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा कि एक पीठ गठित की जाएगी.

**यह साल भी बर्बाद हो जाएगा- याचिकाकर्ता**

वकील ने कहा कि परीक्षा पांच दिनों के बाद आयोजित होने वाली है. उन्होंने आगे कहा, उनका एक साल बर्बाद हो चुका है. उनका यह साल भी बर्बाद हो जाएगा. जब पीठ ने यह कहा कि छुट्टियां शुरू होने से एक दिन पहले मामले का उल्लेख किया गया है, तो वकील ने कहा कि पहले भी दो बार मामले का उल्लेख किया जा चुका है. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने तारीख तय किये बिना कहा कि वह पीठ गठित करेगी.

**याचिका पर तत्काल सुनवाई करने की हुई थी मांग**

मुस्लिम छात्राओं की ओर से वकील शादान फ़रासत ने तत्काल सुनवाई के लिए मामले का पिछली बार उल्लेख किया था. सुप्रीम कोर्टने उस वक्त कहा था कि वह हिजाब पहनकर कर्नाटक के सरकारी स्कूलों में मुस्लिम छात्राओं को परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की मांग कर रही याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी.

# क्राइम कंट्रोल करने में जुटी दिल्ली पुलिस

## अलग-अलग मामलों में 4 आरोपियों को दबोचा

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। कभी कोई दोस्त या पड़ोसी मोटरसाइकिल या स्कूटी किसी अर्जेंट काम से मांगकर ले जाये, तो कृपया सावधान हो जाएं. कहीं ऐसा ना हो की उस गाड़ी से कोई वारदात हो जाए और आप भी बेवजह चक्कर में फंस जाएं. ऐसा ही एक मामला द्वारका सबसिटी के सेक्टर 23 थाना इलाके में सामने आया है. जहां पुलिस टीम ने पड़ोसी की बाइक लेकर लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है. डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया की 27 फरवरी को द्वारका सेक्टर 23 थाना इलाके के बामनोली बस स्टैंड के पास मोबाइल स्नैचिंग की एक वारदात हुई थी. पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की. एसएचओ अनिश शर्मा की देखरेख में सब इंस्पेक्टर भगवान सिंह की टीम ने स्पॉट से सीसीटीवी फुटेज को चेक किया. वहां से उस बाइक के बारे में पता चला, जिससे लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था. पुलिस की टीम फिर उस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करती हुई बादुसराय गांव तक पहुंची. जहां गाड़ी के ऑनर से पुलिस ने पूछताछ की. पूछताछ में उसने बताया कि उसका पड़ोसी मंदीप गाड़ी मांगकर ले गया था. बोला कि कोई अर्जेंट काम है उसे करके वह जल्दी निपटाकर वापस दे देगा. जब पुलिस ने बताया की उसी के गाड़ी से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था,

# केरल के मुख्यमंत्री विजयन के कार्यक्रम में काला मास्क पहनकर पहुंचे लोगों को लौटाया गया



तिरुवनंतपुरम, 4 मार्च (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में काला मास्क और छाता लगाकर पहुंचे लोगों को प्रवेश नहीं दिया गया। यह घटना शनिवार को कालीकट विश्वविद्यालय में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कहा कि वह सिर्फ सीएम कार्यालय के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। आरोप है कि मुख्यमंत्री के आगमन से ठीक पहले काले कपड़े पहने तीन महिला और दो छात्रों को हिरासत में ले लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा है कि कार्यक्रम स्थल से कुछ दूर काले कपड़े पहने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। विरोधियों ने तंज किया है कि विजयन को काला रंग पसंद नहीं है। फिर भी वह काले रंग की कार में यात्रा करते हैं।

उल्लेखनीय है कि केरल के बजट में ईंधन उत्पादों पर 2 रुपये का उपकर लगाने के फैसले के बाद विजयन कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष (यूडीएफ) के निशाने पर हैं। काले रंग की सियासत पर 20 फरवरी को विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि विजयन लोगों को काला मास्क पहनने या अंतिम संस्कार के लिए भी काले झंडे का इस्तेमाल नहीं करने देने की वजह से हंसी का पात्र बन गए हैं।

इससे पहले पिछले साल जून में केरल पुलिस ने मलप्पुरम और त्रिशूर जिलों में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए लोगों के काला मास्क पहनने पर कथित रूप से रोक लगा दी थी। आरोप है कि कोच्चि में मेट्रो स्टेशन पर काले कपड़े और काले मुखौटे पहनकर पहुंचे दो किन्नरों को पुलिस 'जबरदस्ती' उठा ले गई थी।

# 'वसीम नहीं, मोनू को जेल भेजिए'

## जुनैद-नासिर हत्याकांड की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार की गिरफ्तारी पर भड़के ओवैसी



नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। जुनैद-नासिर हत्याकांड की कवरेज करने वाले एक पत्रकार की गिरफ्तारी की खबरों पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने राहुल गांधी और राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है. हैदराबाद सांसद ने कहा कि उसे इसलिए गिरफ्तार किया गया, क्योंकि उसका नाम वसीम है. असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीट कर लिखा, खबर आयी है कि जुनैद-नासिर की हत्या पर मुसलसल रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार वसीम अकरम मेव को गिरफ्तार कर लिया गया. वसीम की बद-क़िस्मती है कि उसका नाम वसीम है. वो कैंब्रिज जाकर सूट बूट पहन कर अभिव्यक्ति की आज़ादी पर ज्ञान नहीं दे सकते. असदुद्दीन का इशारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ था जिन्होंने इसी हफ्ते 1 मार्च को ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में संबोधन दिया था. इस दौरान राहुल गांधी ने भारत में अभिव्यक्ति को खतरे में बताते हुए मोदी सरकार पर निशाना साधा था. पत्रकार की गिरफ्तारी पर ओवैसी ने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत से कहा कि वसीम को नहीं, मोनू को जेल भेजिए. डबल मर्डर में मोनू मानेसर नाम के शख्स पर हत्या का आरोप लग रहा है. इस मामले में राजस्थान की भरतपुर पुलिस ने बताया कि वसीम अकरम मेव को वीआईपी घेरा तोड़ने के कारण गिरफ्तार किया गया था. पुलिस ने पत्रकार की रिहाई की पुष्टि की है. भरतपुर पुलिस ने ओवैसी के ट्वीट के जवाब में लिखा है कि वसीम अकरम मेव और कामिल खान के खिलाफ धरने पर बैठने के संबंध में पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की. इन दोनों युवकों को मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार के घाटमीका आगमन पर वीआइपी सुरक्षा घेरे को तोड़ने के कारण गिरफ़्तार किया एवं विधिनुसार पाबंद करवाकर रिहा किया गया है.

# '40 प्रतिशत कमीशन सरकार' पर घिरे सीएम बोम्मई

## कांग्रेस नेता सिद्धारमैया बोले- अमित शाह बड़े झूठे...

बेंगलुरु, 4 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शनिवार (4 मार्च) को कांग्रेस पार्टी ने राज्य की बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया. कांग्रेस पार्टी ने मांग की कि बीजेपी विधायक मदल विरुपाक्षप्पा को गिरफ्तार किया जाए. 2 मार्च को बीजेपी विधायक के बेटे प्रशांत को 40 लाख की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था. वहीं अगले दिन उसके घर से 6 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए. कांग्रेस पार्टी इस मामले को अब सड़क पर लेकर आ गई है. कांग्रेस ने बसवराज सरकार को कमीशन खाने वाली सरकार बताया है. विपक्षी के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, मुख्यमंत्री झूठ बोल रहे थे कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त है. फिर ये क्या हो रहा है... हमने कभी आतंकवाद का समर्थन नहीं किया. कांग्रेस आतंकवाद का समर्थन क्यों करेगी? अमित शाह भी बड़े झूठे हैं.



**'हम सीएम के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं'**

कांग्रेस पार्टी ने बेंगलुरु में विरोध मार्च निकाली और बसवराज सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. कांग्रेस विधायक रामलिंगा रेड्डी ने कहा, राज्य में घोटाले और भ्रष्टाचार चल रहे हैं, लेकिन सरकार ने सबूत मांगा तो यह सबूत (बीजेपी विधायक के बेटे की गिरफ्तारी) है. हम सीएम बोम्मई के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं.


**हिरासत में कांग्रेस नेता**

बता दें कि बेंगलुरु में कर्नाटक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व सीएम सिद्धारमैया सहित कई कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया. इससे पहले, शुक्रवार (3 मार्च) को कांग्रेस ने कहा था कि यह साबित हो गया है कि प्रदेश में '40 प्रतिशत कमीशन सरकार' है. कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, बीजेपी की कृपा से मैसूर के संदल साबुन में भ्रष्टाचार की दुर्गन्ध भर गई है. कर्नाटक में बीजेपी विधायक के बेटे 40 लाख की घूस लेते हुए पकड़े गए. ठेकेदार से 81 लाख की घूस मांगी गई थी और बीते 24 घंटे में 7 करोड़ 20 लाख बरामद हो चुके हैं.

**'40 प्रतिशत कमीशन सरकार'**

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, हमने कर्नाटक की बीजेपी सरकार को '40 प्रतिशत कमीशन सरकार' कहा तो इन्हें बुरा लगा. जबकि कर्नाटक के 'कांट्रैक्टर एसोसिएशन' ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर कहा था कि राज्य में निविदा के लिए 40 प्रतिशत कमीशन देना पड़ता है.

# नोएडा में जिस्मफरोशी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़, महिला सरगना सहित 7 गिरफ्तार



नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा की सलारपुर कॉलोनी में सेक्स रैकेट चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक महिला समेत 7 लोगों को अरेस्ट किया है और दो महिलाओं को रेस्क्यू किया है। आरोपी ऑन डिमांड महिलाओं को बुलाते थे और उनसे जबरन देहव्यापार करवाया जाता था। गिरफ्तार की गई महिला इस रैकेट की सरगना बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, नोएडा के सेक्टर-39 पुलिस और एएचटीयू टीम ने नकली ग्राहक बनकर सलारपुर गांव में सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक महिला के साथ छह अन्य लोगों को अरेस्ट किया है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि सलारपुर में किराये के मकान में जिस्मफरोशी कराई जा रही है। पुलिस को नकली ग्राहक बनाकर घर में भेजा गया। नकली ग्राहक द्वारा आरोपियों के साथ बातचीत करने के बाद पुलिस को इशारा किया गया, जिसके बाद पुलिस ने दबिश दी। पुलिस ने मौके से एक महिला समेत अभिषेक निवासी ग्राम राजपुर जिला कानपुर, मनप्रीत सेट्टी निवासी ग्राम चौड़ा सेक्टर-22, हरीश निवासी ग्राम इलाहबास, अनिल निवासी देवताह जिला देवरिया, राजन निवासी ग्राम सलारपुर और सगीर निवासी ग्राम परसौतीपुर जिला छपरा बिहार को अरेस्ट किया है।

# अयोध्या में मस्जिद निर्माण की बाधा समाप्त

## इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन का नक्शा पास, इस माह से शुरू होगा काम

अयोध्या, 4 मार्च (एजेंसियां)। राम मंदिर निर्माण के साथ अब अयोध्या के धन्नीपुर में बनाई जाने वाली मस्जिद के लिए भी निर्माण की स्वीकृति मिल गई है. राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों को अयोध्या से 25 किमी दूर धनीपुर में 5 एकड़ की जमीन मस्जिद निर्माण के लिए दी गई थी. हालांकि अभी तक मस्जिद निर्माण में कानूनी प्रक्रिया में पेच फंसा था. लेकिन बीते शुक्रवार की देर शाम विकास प्राधिकरण की बैठक के बाद मस्जिद निर्माण की अनुमति कानूनी मापदंडों को पूरा करते हुए दे दिया गया. लिहाजा एक तरफ जहां 2024 में भगवान राम लला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो दूसरी तरफ मस्जिद निर्माण कार्य भी अब जल्द शुरू होगा और आगामी दिनों में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा.

इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सदस्य अरशद अफजाल खान बताते हैं कि मस्जिद निर्माण की स्वीकृति विकास प्राधिकरण ने दे दिया है. मस्जिद के लिए गठित ट्रस्ट के सदस्य ने कहा कि लैंड के यूज को चेंज करते हुए मानचित्र को स्वीकार किया गया है. हालांकि अभी भी कुछ सरकारी खानापूर्ति बाकी हैं. लेकिन सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद नक्शा मिल जाएगा.

**जानिए कब से शुरू होगा निर्माण**

इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सदस्य अरशद अफजल खान ने कहा कि आने वाले रमजान माह के बाद मस्जिद निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट इंडो इस्लामिक कल्चर ट्रस्ट की एक बैठक होगी. जिसमें सारे ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहेंगे. उस बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि किस तरह से मस्जिद का निर्माण होना है. इसके अलावा ये भी दावा किया जा रहा है कि अप्रैल-मई माह से मस्जिद के निर्माण का कार्य शुरू किया जा सकता है. ट्रस्ट के सदस्य ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा काफी मदद की गई है. नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट को जमा करने के लिए जिलाधिकारी अयोध्या ने काफी सहयोग किया.

**अयोध्या दे रही हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश**

वहीं जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार ने बताया कि मस्जिद निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट इंडो इस्लामिक कल्चर के द्वारा आवेदन किया गया था. एनओसी के लिए सभी विभागों से स्वीकृत मांगी गई थी जो पूरी हो चुकी है. बोर्ड की बैठक में मस्जिद के मानचित्र को स्वीकृत किया गया है. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर जमीन मुस्लिम समाज को दी गई थी. जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या सांप्रदायिक सौहार्द की भूमि रही है और हमेशा रहेगी मस्जिद निर्माण से एक सांप्रदायिक माहौल का संदेश जाएगा.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

रविवार, 5 मार्च, 2023 3

सुविचार

आप हर किसी को खुश नहीं कर सकते अगर आप ऐसा करने की कोशिश भी करते हो तो खुद को खो देते हो...

# इंदिरा पार्क से वीएसटी तक स्टील ब्रिज का काम तीन महीने में पूरा करें : केटीआर

## निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जीएचएमसी अधिकारियों को दिया सख्त निर्देश



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री, केटी रामाराव ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अधिकारियों से इंदिरा पार्क से वीएसटी तक स्टील ब्रिज का काम तीन महीने में पूरा करने को कहा है। उन्होंने नागरिक निकाय को यातायात पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि इस उद्देश्य के लिए आवश्यक यातायात डायवर्जन लगाया जा सके।

मंत्री ने शनिवार को स्टील ब्रिज से जुड़े कार्यों व अन्य विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया तथा 2.62 किलोमीटर लंबे चार-लेन वाले द्वि-दिशात्मक इस्पात पुल का निर्माण कर रही जीएचएमसी की इंजीनियरिंग टीम को कहा कि श्रमिकों और जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि स्टील ब्रिज को रणनीतिक सड़क विकास योजना (एसआरडीपी) के तहत पूरी की गई अन्य परियोजनाओं की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जीएचएमसी लगभग 426 करोड़ रुपये की लागत से स्टील ब्रिज कॉरिडोर का निर्माण कर रहा है और परियोजना विशेष रूप से मुशीराबाद, खैरताबाद, अंबरपेट और आसपास के स्थानों में लोगों की सेवा करेगी। यह आरटीसी चौराहे पर यातायात के प्रवाह को कम करेगा। यह कहते हुए कि पिछले दो दशकों से परियोजना की मांग की जा रही थी, रामा राव ने कहा कि पारंपरिक कंक्रीट पुल के बजाय एक स्टील पुल का निर्माण किया जा रहा है ताकि काम जल्द से जल्द पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी। एमए एंड यूडी मंत्री ने हुसैन सागर सरप्लस नाले में रणनीतिक नाला विकास कार्यक्रम (एसएनडीपी) कार्यों का भी निरीक्षण किया और अशोक नगर में बनाए जा रहे रिटेनिंग वॉल का आकलन किया।

उन्होंने कहा कि हुसैन सागर सरप्लस नाले के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है और रिटेनिंग वॉल जैसे निर्माण किए गए है। मंत्री ने कहा कि यह निचले इलाकों को झील से बाढ़ के पानी से बचाएगा और जीएचएमसी के अधिकारियों को मानसून शुरू होने से पहले काम पूरा करने के लिए कहा।

## 10वीं छात्र के साथ शिक्षिका फरार, पकड़े गये

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। दसवीं कक्षा के एक छात्र के साथ उसकी 23 वर्षीय शिक्षिका द्वारा कथित रूप से फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है, जिसे पुलिस ने छुड़ा लिया। एक निजी स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाला लड़का 16 फरवरी से लापता हो गया था। लड़के के माता-पिता ने गच्चीबोवली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। इस बीच महिला टीचर के परिजनों ने चंदनगर थाने में शिकायत भी की थी। बाद में पुलिस को पता चला कि शिक्षिका छात्र के साथ भाग गयी था। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को ट्रैक कर गच्चीबावली थाने लाया। पुलिस ने समझा कर उन्हें छोड़ दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिक्षिका और छात्र के बीच एक साल से अधिक समय से दोस्ती थी।

# डीजीपी अंजनी कुमार ने नवनियुक्त यूनिट अधिकारियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंस

## कानून और व्यवस्था प्रबंधन के विषय पर दिये कई टिप्स



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस महानिदेशक अंजनी कुमार ने शनिवार को कानून और व्यवस्था प्रबंधन के विषय पर सभी नई तैनात इकाई अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की।

यह कवायद उन अधिकारियों के लिए उपयोगी है जो पहली बार जिले का प्रभार संभाल रहे हैं। अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में, अंजनी कुमार ने कहा कि पुलिसिंग में मुद्दों के विभिन्न पहलुओं का प्रबधन शामिल हैं। सबसे महत्वपूर्ण वर्टिकल में से एक जिसे दिन-प्रतिदिन के आधार पर निपटाया जाना है, वह है विशेष रूप से विभिन्न बंदोबस्त, सार्वजनिक सभाओं, धार्मिक सभाओं या रैलियों और जुलूसों के मद्देनजर कानून और व्यवस्था का रखरखाव। हमारे कैडर को भारी अनुभव और ज्ञान के साथ वरिष्ठ अधिकारियों का एक स्वस्थ मिश्रण और अंतहीन कड़ी मेहनत के लिए बहुत उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ युवा अधिकारियों का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने सुझाव दिया कि लगातार बातचीत और दोनों के संयोजन में कैडर को एक तक ले जाएंगे।


**केन्द्रीय विद्यालय : एनएफसी नगर, घटकेसर**

**वाक इन इंटरव्यू**

सत्र 2023-24 के लिए पैनल तैयार करने तथा संविदा पर आधारित स्टाफ नियुक्ति के प्रति विद्यालय प्रांगण में निम्न विषयों हेतु **दिनांक 10-03-2023 को प्रातः 9.00 बजे वाक -इन- इंटरव्यू** आयोजित किया जा रहा है।

पीजीटी(सभी विषय), टीजीटी(सभी विषय), पीआरटी, नर्स, स्पोर्ट्स कोच, म्युजिक टीचर, स्पेशल एज्युकेटर, कम्प्युटर इंस्ट्रक्टर ।

**अधिक जानकारी हेतु कृपया:**
https://ghatkesarnfc.kvs.ac.in देखें। प्राचार्य
फोन: 8309997875 संपर्क करें।


## नगर पुलिस आयुक्त ने 'जनभागीदारी' 10के रन को हरी झंडी दिखाई



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के लिए आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक के. निखिला के नेतृत्व में नगर पुलिस आयुक्त सीवी आनंदने भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा पीपुल्स प्लाजा, नेकलेस रोड पर आयोजित 'जनभागीदारी' 10के रन को हरी झंडी दिखाई। दौड़ का आयोजन 1 दिसंबर, 2022 से नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता संभालने वाले भारत की पृष्ठभूमि में किया गया है। वित्तीय समावेशन के लिए दूसरी वैश्विक भागीदारी 6 और 7 मार्च को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। रन का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित बैंकिंग लेनदेन पर जोर देते हुए सार्वजनिक आउटरीच बनाना और जनता के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सिटी पुलिस और आरबीआई वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और साइबर धोखाधड़ी करने वालों से सुरक्षित रह सकते हैं।






# देश के इतिहास को फिर से लिखने जा रहे हैं मोदी : बंडी

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने आज भविष्यवाणी की कि भारत 2047 वर्ष के अंत तक एक विकसित देश बन जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के इतिहास को फिर से लिखने जा रहे हैं और कहा कि पीएम 2047 तक इसे विकसित देश बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बंडी ने कहा कि मोदी का सपना भारत को विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के युवाओं में कौशल लाने के उद्देश्य से पांच मुद्दों पर पंच प्राण नामक कार्यक्रम कर रही है। वह करीमनगर में नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) द्वारा आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम में ज्योतिस्मती इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक एआर विजया राव, जिला प्रमुख प्रबंधक अंजनेयुलु, करीमनगर डीएसडीओ के. राजावीरू और कॉलेज के मालिक सागर राव ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, संजय ने कहा कि उन्हें खुशी है कि नेयुके पंच प्राण योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव कार्यक्रम युवाओं में छिपे कौशल को बाहर लाने और देश को नंबर एक बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक भारत को हमेशा एक विकासशील देश कहा जाता रहा है और कहा कि मोदी वर्ष 2047 तक देश को एक विकसित देश में बदलने के लिए प्रयास कर रहे हैं।



यह कहते हुए कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं है, उन्होंने कहा कि देश अगले तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार दिल्ली में तुगलक रोड और औरंगजेब रोड का नाम बदलकर देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। यह कहते हुए कि भारतीय नौसेना पिछले 75 वर्षों से अपने ध्वज पर सेंट जॉर्ज लुईस के प्रतीक का उपयोग कर रही है, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इसे छत्रपति शिवाजी के प्रतीक के साथ बदल दिया है।

सीएम केसीआर पर परोक्ष तरीके से निशाना साधते हुए उन्होंने आश्चर्य जताया कि क्या राज्य को निजाम शासकों के शासन की प्रशंसा करने वाले राजनीतिक दलों की जरूरत है। संजय ने कहा कि राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की आवश्यकता है और कहा कि देश ने कोविड महामारी के दौरान अपनी एकता का परिचय देते हुए कहा कि भारत ने न केवल कोविड वैक्सीन का आविष्कार किया है बल्कि दुनिया के 150 देशों को इसकी आपूर्ति भी की है। उन्होंने कहा कि देश अब हथियारों का निर्यात कर रहा है। यह कहते हुए कि जम्मू-कश्मीर और देश के उत्तर पूर्वी राज्यों के युवा अब विकास देख रहे हैं, उन्होंने कहा कि इन राज्यों में युवाओं का विकास पीएम मोदी की कड़ी मेहनत को साबित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी का अवसर देश के लिए गर्व की बात है। बंडी संजय ने सर्कस ग्राउंड में जिला कलेक्टर आरवी कर्णन के साथ करीमनगर बुक फेस्टिवल में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कुछ किताबें भी खरीदीं। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि वह एक पूर्ण राजनीतिज्ञ नहीं थे और उन्होंने कहा कि उनके पास अच्छे को अच्छा और बुरे को बुरा कहने का दुस्साहस है।

## भरतनगर में 37 वर्षीय व्यक्ति की हत्या

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार सुबह जवाहरनगर के भरतनगर में एक 37 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने कहा कि संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई है और शव को यहां ठिकाने लगाया गया है। पीड़ित अली खान को बेरहमी से पीटा गया और चाकू मारकर हत्या कर दी गई।


**वर चाहिए**

गुजराती कन्या 28 वर्षीय हैदराबाद निवासी पिता व्यापारी को तलाश हैं अच्छे व्यापारी/अन्य परिवार से सुयोग्य वर चाहिए! ( जातिबंधन नहीं )
संपर्क: (080-69072069)

**वर चाहिए**

राजस्थानी कन्या 24 वर्षीय बैंगलोर निवासी परिवार को तलाश हैं शिक्षित परिवार से वर की सम्पर्क करे। महेश्वरी एवं जैन परिवार स्वीकार हैं।
फोन न : (080-69072069)

**वर चाहिए**

बैंगलोर निवासी पंजाबी सुन्दर कन्या, जन्म 1996, कद 5'5, (उच्च मध्यवर्गीय परिवार) को वर की तलाश है। माता-पिता ही संपर्क करें।
संपर्क : (080-69072069)

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, MOHAMMED MUZAMIL, R/o.H.No.20-4-129/32/1, SHAH ALI BANDA, HAVELI MANJLI BEGUM, Hyd, T.S, Changed My Name As MOHAMMED MUZZAMMIL S/o. MOHAMMED PASHA.

I, MOHAMMED MUZAMEEL, R/o.H.No.20-4-129/32/1, SHAH ALI BANDA, HAVELI MANJLI BEGUM, Hyd, T.S, Changed My Name As MOHAMMED MUZZAMMIL S/o. MOHAMMED PASHA.

I, NATTA SAVITHRI D/o.N.Seeta Rama Rao R/o.H.No.152, Spring Woods, Praneeth Nagar, Shambhupur, Cyberabad, T.S, Changed My Name As SHAMILY HARIDAS D/o.N.SEETA RAMA RAO.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


# श्री श्याम मेला में उमडा जन सैलाव भक्तों ने मंदिर में निशान अर्पित किये

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम मंदिर, काचीगुड़ा में फाल्गुन मेला के साथ धार्मिक अनुष्ठानों व भजन- कीर्तन कर मनाया गया। अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा के अलौकिक दरबार में दर्शन किए। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर को अत्यंत ही भव्य रूप से सजाया गया। बाबा का दिव्य दरबार, छप्पन भोग श्रृंगार किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित हुए। श्याम मंदिर सेवा समिति द्वारा



मंदिर में निशान अर्पित करने के लिए आने वाले भक्तों का स्वागत किया गया। पर नगरद्वय के विभिन्न संस्थाओं और बाबा के भक्तों ने श्री श्याम मंदिर में शीश के दानी को निशान अर्पित किये। अवसर पर श्री श्याम सत्संग समिति मलकपेट, श्री राम मित्र मंडल अत्तापुर, श्री श्याम प्रेमी सत्संग समिति अत्तापुर, श्री भाग्यनगर श्याम समिति बेला चंदूलाल, श्री श्याम भजन प्रेमी, अन्य भक्तों ने निशान अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के मानद मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, प्रह्लादराय टिबडेवाल, राजकुमार बिग, रामदेव अग्रवाल, अशोक डाकतिया, विश्वनाथ टिबड़ेवाल, कैलाश अग्रवाल, मुसद्दीलाल सहित अन्यों ने भक्तों का स्वागत किया। मंदिर में भक्ति हेतु सुमधुर भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री श्याम सत्संग समिति, मलकपेट द्वारा आयोजित श्री श्याम भजन संध्या में लखनऊ की गुडिया विभा मिश्र और नगर के सुनील शर्मा ने भजन प्रस्तुत किया।


**जन्मदिन की शुभकामनाएं**



रिद्धि सिंह
माता : आरती सिंह
पिता : ललित सिंह






# बिहार में फिर होगा खेला?

## नीतीश और तेजस्वी की अलग-अलग दिख रही है राय

पटना, 4 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर पलटी मार सकते हैं. कयास लगाए जा रहे कि बीते दिनों से राजनीतिक गलियारे से जो भी घटनाएं सामने आ रही वो काफी कुछ बयां कर रही. नीतीश और तेजस्वी कई मुद्दों पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे. जेडीयू में तो पहले से ही टूट है जिसमें उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी छोड़ दी और नई बना ली. बीते दिनों मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच कई ऐसी चीजें देखने को मिली है जिससे राजनीति में भूचाल आने की संभावना है.

**तमिलनाडु केस पर अलग-अलग राय**

इधर, तमिलनाडु कथित बिहारी मजदूरों पर हमले मामले को लेकर जहां तेजस्वी कह रहे कि कुछ भी नहीं हुआ है. वहीं मुख्यमंत्री वहां जांच के लिए टीम भेज रहे हैं. बजट सत्र चल रहा है और इसमें बीजेपी की ओर से इस मामले पर गहन जांच करने की बात कही है. नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा एक टीम के साथ इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने गए थे. नीतीश कुमार इस मुद्दे पर गंभीर हैं जबकि सदन में तेजस्वी ने साफ तौर पर कहा था कि ये वीडियो के जरिए अफवाह फैलाए जा रहे हैं.



**कुर्सी की कहानी**

कहा गया कि नीतीश कुमार पीएम पद के लिए चाह रख रहे जबति तेजस्वी सीएम पद के लिए चाह रख रहे. हालांकि महागठबंधन की रैली में तेजस्वी ने कहा था कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद के लिए कोई लड़ाई नहीं है. देश से बस बीजेपी को हटाना है और लोकतंत्र बचाना है. हालांकि देखा जाए तो कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री ने मीडिया के सामने खुलेआम कहा था कि साल 2025 में तेजस्वी यादव बिहार का नेतृत्व करेंगे. अब मुख्यमंत्री नीतीश के दिल में क्या चल रहा ये तो वो ही जान सकते, लेकिन हाव भाव देखा जाए तो दोनों के बीच की दूरी साफ तौर पर देखी जा सकती है.

**सुधाकर सिंह पर गोल मटोल प्रतिक्रिया**

आरजेडी के विधायक सुधाकर सिंह नीतीश कुमार को लेकर बयान देते रहते हैं. जेडीयू कार्रवाई की मांग कर रहे, लेकिन आरजेडी और तेजस्वी इस पर खामोश हैं. इस मामले को लेकर भी इनकी प्रतिक्रिया अलग है तो कहीं ने कहीं ऐसे कयास लगाए जा रहे कि सिंह को लेकर दोनों पार्टियों में भी तनाव है.

# सीएम योगी से बीएसपी सांसद ने की मुलाकात

## पहले मोदी सरकार की इस वजह से की थी तारीफ



लखनऊ, 4 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बीएसपी के एक सांसद की सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद सियासी हलचल बढ़ गई है. जौनपुर से बीएसपी के सांसद श्याम सिंह यादव ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास में उनसे मुलाकात की. यूपी में बीजेपी समेत अन्य विरोधी दल लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर रहे हैं. इसी बीच राज्य में नेताओं की मुलाकातों ने सियासी पारा गर्म कर दिया है. अब जौनपुर से बसपा सांसद श्याम सिंह यादव ने सीएम योगी से मुलाकात की है. इस मुलाकात की जानकारी उन्होंने सीएम योगी के साथ तस्वीर शेयर करते हुए दी है. अपने ट्विटर पर मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आज माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से एक औपचारिक मुलाकात की.

**क्यों की थी तारीफ?**

जबकि पिछले महीने केंद्र सरकार द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार की तारीफ की थी. दरअसल, बजट में जौनपुर के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पांच रेलवे स्टेशनों को चुना गया है. योजना के अनुसार स्टेशनों को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा. जिले के पांच स्टेशनों में सिटी स्टेशन, जफराबाद स्टेशन, मुंगराबादशाहपुर स्टेशन, शाहगंज स्टेशन और जौनपुर जंक्शन को रखा गया है.

# पीलीभीत में पहले बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने किया बड़ा दावा

## फिर अपने ही बयान से पलटे

पीलीभीत, 4 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश स्थित पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी बीते लंबे वक्त से अपने बयानों को लेकर चर्चा में बने रहते हैं. बीते कुछ महीने से उनके बीजेपी छोड़कर कांग्रेस या समाजवादी पार्टी में शामिल होने की अटकलें चल रही हैं. लेकिन इसी बीच बीजेपी सांसद ने एक कार्यक्रम के दौरान बड़ा दावा किया और फिर उसकी वक्त उस दावे से पलट गए. कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए वरुण गांधी ने कहा, मैं चार साल पहले इसी गाड़ी में आपसे वोट मांगने आया था. आज मैं चार साल बाद इसी गाड़ी में आपके सामने वोट मांगने आया हूं. लेकिन फिर वरुण गांधी अपने बयान से पलट गए और कहा कि अब तो मैं वोट मांगने नहीं आया लेकिन जब आऊंगा तो इसी गाड़ी में आऊंगा. अब वरुण गांधी के इस बयान का वीडियो सामने आया है.



**ऐसी थी अटकलें**

दरअसल, बीते दिनों वरुण गांधी के बीजेपी छोड़कर पहले कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें चली. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान ने इस अटकलों को और हवा दी. इसके बाद राहुल गांधी के ही बयान ने इन अटकलों पर विराम लगा दिया. तब कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा यूपी में आई थी. सूत्रों ने यहां तक दावा किया कि वरुण गांधी से सीधे प्रियंका गांधी बात कर रही हैं. हालांकि अब ये अटकलें थम चुकी हैं. इसी दौरान बीजेपी सांसद के सपा में शामिल होने की भी अटकलें चली. तब उन्होंने एक कार्यक्रम में अपनी एक किताब का जिक्र किया. उस किताब को लिखने में अखिलेश यादव की मदद वाली बात कही और उनकी तारीफ भी की.

# एसडीएम ने केंद्रीय जेल में की छापेमारी, आठ थानों की पुलिस की रही मौजूदगी

बक्सर, 4 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के बक्सर केंद्रीय कारागार में छापेमारी की गई. एसडीएम धीरेंद्र कुमार मिश्रा की अचानक छापेमारी से पूरे जेल प्रशासन और कैदियों में आपाधापी का माहौल बना रहा. इस दौरान एसडीएम के साथ आठ थानों की पुलिस भी मौजूद थी. बताया जाता है कि यह छापेमारी



सुबह 04:35 बजे से 06:36 मिनट तक चली. इस छापेमारी में पुलिस ने एक रेजर और सीलिंग फैन का कंडेसर बरामद किया.

# उत्तर प्रदेश को मिलेगा नया विधानसभा भवन



लखनऊ, 4 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश को जल्द ही नया विधान भवन मिलेगा. इसमें सदन की कार्यवाही संचालित होगी. राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान नए विधान भवन के निर्माण का प्रावधान किया गया. संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन को बताया कि बजट में इस बार राजधानी में नए विधानसभा भवन के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है. सदन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि 2027 तक विधानभवन बनकर तैयार हो जाना चाहिए, जिससे वर्तमान में चल रही 18वीं विधानसभा की कार्यवाही नए विधान भवन में संचालित की जा सकेगी. उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार राजधानी में नए विधानभवन के निर्माण का ऐलान पहले ही कर चुकी है. विधानसभा सदन में इसे 2027 तक बनाए जाने की सहमति जताई गई है.राजधानी के हजरतगंज क्षेत्र में विधानसभा कार्यवाही के दौरान आने वाले विधानसभा सदस्यों के आने-जाने, सुरक्षा व्यवस्था आदि की वजह से जाम की भी समस्या बनी रहती है. इसको देखते हुए नई विधानसभा का प्रस्ताव पास किया गया है. नया विधान भवन वर्तमान समय में बढ़ती हुई जरूरतों को देखते हुए तैयार कराया जाएगा. नए विधान भवन को पूरी तरह से इको फ्रेंडली व आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाया जाएगा. फिलहाल, 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रारंभिक तौर पर नए विधान भवन के निर्माण के लिए बजट में की गई है.उल्लेखनीय यह भी है कि मौजूदा विधान भवन काफी पुराना हो चुका है. बढ़ती जरूरतों के मुताबिक, विधान भवन में स्थान कम होने और आसपास बढ़ रहे ट्रैफिक दबाव को देखते हुए राज्य सरकार ने नए विधान भवन के निर्माण का फैसला किया है. पूर्व में इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कर चुके हैं. राजधानी में नए विधान भवन के निर्माण को लेकर जल्द ही स्थान चिह्नित किए जाने की बात कही जा रही है.उल्लेखनीय है कि मौजूदा विधान भवन का उद्घाटन 21 फरवरी 1928 को हुआ था. तत्कालीन गवर्नर सर स्पेंसर हरकोर्ट बटलर में इसकी नींव दिसंबर 1922 को रखी गई थी. करीब 6 साल में यह विधान भवन बनकर तैयार हुआ था. कोलकाता की एक कंपनी ने इसका निर्माण किया था. मुख्य वास्तुविद स्विनोन जैकब और हीरा सिंह थे. उस समय निर्माण के लिए 21 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे.इस मौजूदा विधान भवन का स्थापत्य यूरोपियन और अवध निर्माण की विस्तृत शैली का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है. विधान भवन में वर्तमान समय में 403 विधानसभा सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है, जबकि राज्यपाल दीर्घा, सचिवालय दीर्घा, दर्शक दीर्घा, पत्रकार दीर्घा आदि की व्यवस्था अलग से है. वहीं, विधान भवन के अंदर ही विधान परिषद का निर्माण 1937 में किया गया था. विधान परिषद में वर्तमान समय में 100 विधान परिषद सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है. साथ ही अन्य दीर्घा बनी हुई हैं.

# पटना की जगह वाराणसी में लैंड हुई फ्लाइट

## यात्रियों का बवाल; विमान कंपनी के अधिकारियों से तीखी नोकझोंक



पटना, 4 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली से पटना आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट को डायवर्ट कर वाराणसी में लैंड कराया गया। इसके बाद तीन घंटे की देर से वह पटना पहुंची। इसी फ्लाइट को पटना से दिल्ली के लिए उड़ान भरना था। विलंब के कारण यात्रियों और विमान कंपनी के अधिकारियों में तीखी नोकझोंक भी हुई। यात्रियों का कहना था कि स्पाइसजेट की फ्लाइट में हमेशा कुछ न कुछ समस्या आ जाती है। हालांकि, सीआइएसएफ के जवानों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत करा दिया। बताया जाता है कि स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या एसजी 8721 ने दिल्ली से पटना के लिए उड़ान भरी थी। इसे 8:30 बजे पटना में लैंड होना था। फ्लाइट आरा तक पहुंच चुकी थी। एटीसी ने लैंडिंग की अनुमति भी दे दी थी। तभी पायलट को ब्रेक में कुछ तकनीकी खराबी महसूस हुई। उन्होंने फौरन इसकी जानकारी एटीसी को दी और विमान को वाराणसी की तरफ डायवर्ट किया गया। जानकारों के मुताबिक, पटना एयरपोर्ट का रनवे छोटा होने की वजह से यहां विमान को लैंड कराना संभव नहीं था। वाराणसी में लैंडिंग के बाद तकनीकी खराबी दूर की गई और फ्लाइट को पटना रवाना किया गया।

# मुखिया उपचुनाव में पूर्व एमएलए का अश्लील वीडियो वायरल कर रहा था, गुस्से में डबल मर्डर



समस्तीपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। समस्तीपुर में डबल मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। यह हत्या केवल एक अश्लील वीडियो के कारण की गई। दरअसल पूर्व विधायक राम बालक सिंह का एक युवती के साथ गंदा वीडियो किसी ने बना लिया था। इस वीडियो के जरिए पूर्व सुरेंद्र प्रसाद सिंह ब्लैकमेल करते थे। आगामी उपचुनाव को लेकर पूर्व मुखिया इसका गलत इस्तेमाल कर रहे थे। इस कारण पूर्व विधायक की छवि धूमिल हो रही थी। इसको लेकर पूर्व विधायक के भाई लाल बाबू सिंह ने बाहर से शूटर बुलाकर पूर्व मुखिया और उसके सहयोगी की हत्या करवा दी। इस संबंध में एसपी ने बताया कि मर्डर केस के पीछे पूर्व विधायक का एक लड़की के साथ अश्लील वीडियो था। इसे सुरेंद्र प्रसाद द्वारा इलाके में लोगों के बीच दिखाया जा रहा था। विभूतिपुर के सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत में हाल ही में उपचुनाव होना था। इस वीडियो का इस्तेमाल वह कर रहे थे। इससे पूर्व विधायक की छवि धूमिल हो रही थी इस कारण ही पूर्व विधायक के भाई ने शूटर को हायर कर इस घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में चार शूटर शामिल थे। पूर्व विधायक के भाई ने मोटी रकम देकर पूर्व मुखिया और उनके सहयोगी की हत्या करवाई।

# पूर्व विधायक के बेटे ने की हर्ष फायरिंग, घोड़े पर चढ़कर चला रहे थे गोली

बेगूसराय, 4 मार्च (एजेंसियां)। सरकार और जिला प्रशासन के तमाम बंदिशों के बावजूद भी हर्ष फायरिंग की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी क्रम में बेगूसराय जिले से एक हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बखरी के पूर्व विधायक रामानंद राम के पुत्र घोड़े पर बैठकर फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन के द्वारा सख्त रूप से निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी समारोह या उत्सव के दौरान हर्ष फायरिंग नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसा होता है तो पुलिस प्रशासन आरोपी पर सख्त कार्रवाई करेगी।

# यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के चेयरमैन होंगे ब्रजेश पाठक, निर्विरोध चुने जाएंगे सभी पदाधिकारी



लखनऊ, 4 मार्च (एजेंसियां)। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का यूपी ओलंपिक एसोसिएशन में चेयरमैन बनना तय है। 19 साल बाद यह पहला मौका होगा जब एसोसिएशन में चेयरमैन पद पर कोई नियुक्त होगा। इससे पहले वर्ष 2004 में कलराज मिश्र इस पद पर चयनित हुए थे। नामांकन की आखिरी तिथि खत्म होते ही यह तय हो गया है कि पांच मार्च को यूपी बैडमिंटन अकादमी में होने वाले चुनाव में एसोसिएशन की कार्यकारिणी में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने जाएंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2007 के बाद से यूपी ओलंपिक एसोसिएशन का चुनाव निर्विरोध होता रहा है। नामांकन की बात करें तो विराज सागर दास लगातार दूसरी बार अध्यक्ष और आनंदेश्वर पांडेय लगातार आठवीं बार महासचिव बनेंगे। इसके अलावा अपर मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनना तय है। इसी तरह यूपी वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष सबीना यादव, यूपी नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष वाघीश पाठक और यूपी जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर हलवासिया संयुक्त रूप से उपाध्यक्ष बनेंगे। वहीं, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह का वरिष्ठ संयुक्त सचिव बनना भी तय है।

# 'राहुल गांधी लंदन में जाकर भारत के लिए जो शब्द बोल रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण'- रविशंकर प्रसाद



पटना, 4 मार्च (एजेंसियां)। पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता आजकल लंदन में हैं और वहां वो देश के लिए जिस तरह की भाषा बोल रहे हैं, वह कहीं से भी उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी लंदन में लगातार भारत की सभ्यता, संस्कार और लोकतंत्र को लेकर जो बात कर रहे हैं, वह हमें नहीं लगता कि कहीं से भी उचित है. वहीं वह लंदन में बैठकर चीन को सद्भावना का प्रतीक मान रहे हैं. रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत के लोकतंत्र में ही राहुल गांधी को विश्वास नहीं है. आप समझ लीजिए कि उनकी मां, वह खुद, उनके पिता हो या उनके परिवार के लोग, सभी इसी लोकतंत्र से जीत कर जाते हैं और यहीं पर राजनीति करते हैं और दूसरे देश में जाकर भारत के बारे में तरह-तरह का बयान देते हैं.

वहीं चीन को सद्भावना का प्रतीक मानते हैं. देश की जनता देख रही है कि किस तरह से राहुल गांधी दूसरे देश में जाकर अपने देश की तौहीन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा राहुल गांधी विदेश में जाकर बोल रहे हैं जब भारत में जी-20 की बैठक हो रही है और यहां कई देश के विदेश मंत्री पहुंचे हुए हैं. रविशंकर ने आगे कहा कि आप खुद देखिए कि इटली के प्रधानमंत्री यहां पर आए हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर क्या कुछ कहा है. पूरे विश्व के जो प्रमुख हैं वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बहुत कुछ कह रहे हैं, साथ ही भारत को आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं. वहीं राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत की नीतियों के खिलाफ कह रहे हैं और चीन को सद्भावना वाला देश बता रहे हैं. राहुल गांधी जो विदेशों में जाकर कर रहे हैं वह कहीं से भी उचित नहीं है और उस समय में जब भारत में कई देशों के विदेश मंत्री पहुंचे हुए हैं. कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी आने वाले हैं. ऐसे समय में उनका बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण है.

# नातिन की शादी के लिए बैंक से निकाला कैश, 500-500 की गड्डी में निकले चूरन वाले नोट

आगरा, 4 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में इंडियन बैंक से निकाले गए कैश में आवास विकास परिषद के रिटायर्ड कर्मचारी को नोट की गड्डी के बीच में बच्चों के खेलने वाले नोट मिले। पांच-पांच सौ के छह नोट मिलने से उनके पसीने छूट गए। उन्होंने तत्काल ही बैंक प्रबंधक से शिकायत की। बैंक प्रबंधक ने कहा कि वे बैंक के कैश से मिलान करने के बाद कुछ स्पष्ट बता सकेंगे। आवास विकास परिषद के रिटायर्ड कर्मचारी हाकिम सिंह ने नातिन की शादी के लिए बैंक से डेढ़ लाख रुपए निकाले, जिनमें 50 हजार रूपये की गड्डी में 500-500 रुपये के छह नकली नोट निकले। इसकी शिकायत बैंक प्रबंधक से करने पर उन्होंने गिन कर नोट देने की बात कहकर पीड़ित को लौटा दिया। आवास विकास कॉलोनी सेक्टर एक निवासी हाकिम सिंह ने बताया कि उनकी नातिन की शादी थी। 20 फरवरी को उन्होंने इंडियन बैंक की आवास विकास कार्यालय स्थित शाखा से डेढ़ लाख रुपए निकाले थे, जिसमें 500 के नोटों की 50 हजार की एक गड्डी में ये नोट निकले।

# कूड़े पर बैग में मिली लावारिस नवजात

मेरठ, 4 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के मेरठ से मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है. घटना जिले के खरखौदा थाना क्षेत्र की है जहां के डंपिंग ग्राउंड के पास लावारिस बैग में नवजात बच्ची रोती हुई मिली. बताया जा रहा है कि बच्ची का जन्म शायद एक दिन पहले ही हुआ है. कोई इसे कूडे.के ढेर में छोड़ गया है. लोगों ने बच्ची मिलने की सूचना पुलिस को दी. सूचना पर पहुंची थाना पुलिस बच्ची को लेकर अस्पताल आई है. बच्ची किसकी है, कौन छोड़ गया इसकी जांच की जा रही है.

# सदन में उठा सुनीता किडनी कांड मामला

## एमएलसी ने कहा- गरीब और दलित की बेटी को आठ महीने से न्याय का इंतजार

मुजफ्फरपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। सरकारी अव्यवस्था के कारण अपनी दोनों किडनी गंवा चुकी सुनीता को इंसाफ दिलाने की आवाज बिहार विधान परिषद में गूंजी। भाजपा के विधान पार्षद एवं पूर्व मंत्री जनक राम ने यह मामला सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि सुनीता अनुसूचित जाति और गरीब परिवार से आती है। उसे गंभीर हालत में मुजफ्फरपुर में ही छोड़ दिया गया है। हद तो यह है कि एसकेएमसीएच में नेफ्रोलाजिस्ट तक नहीं है। उसका भी इंतजाम सरकार नहीं कर पा रही है। विदित हो कि दैनिक जागरण की ओर से लगातार सुनीता की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है। इंसाफ को लेकर सुनीता के स्वजन के साथ सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण कुमार धरना दे रहे हैं। जनक राम ने कहा कि धरना के समर्थन में वह



भी मुजफ्फरपुर आएंगे। जब तक उचित इलाज यानी किडनी की व्यवस्था सरकार नहीं करती और आरोपितों की गिरफ्तारी व स्पीडी ट्रायल नहीं चलता, आंदोलन को तेज किया जाएगा। वह आठ माह से बेड पर पड़ी है। विधान पार्षद ने जिस समय यह मामला उठाया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी सदन में मौजूद थे।

# ओम प्रकाश राजभर की बीजेपी से नहीं बन रही बात

## मिलेगा मायावती का साथ, यूपी में बढ़ी हलचल

लखनऊ, 4 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के बयानों की चर्चा अकसर होते रहती है. बीते दिनों में लोकसभा चुनाव से पहले सुभासपा और बीजेपी के बीच गठबंधन की अटकलें चल रही थी. ओपी राजभर ने इसके संकेत भी दिए थे. लेकिन अब उनका खास लगाव बीएसपी प्रमुख मायावती के लिए नजर आने लगा है. कभी अखिलेश यादव और कभी बीजेपी के साथ दिखने वालो ओम प्रकाश राजभर अब अपने लिए स्थायी जगह खोज रहे हैं. बीते दिनों



सुभासपा प्रमुख बीजेपी की तारीफ कर रहे थे लेकिन अब वो बीएसपी और मायावती की तारीफ करने लगे हैं. उन्होंने मायावती की सरकार को सबसे बेहतर बताया है. जिसके बाद बड़ा सवाल ये है कि क्या बसपा का दरवाजा राजभर के लिए खुलेगा. सुभासपा प्रमुख ने कहा, हमको तो मायावती की सरकार लॉ एंड ऑर्डर की सरकार लगी. पहली बार जब मायावती की सरकार बनी थी, तब वो सरकार साढ़े चार साल चली थी. वो कार्यकाल हमको बहुत पसंद रहा था. ओपी राजभर के इस बयान पर बीएसपी विधायक ने कहा, सचाई यही है, सच्चाई को झूठलाया नहीं जा सकता है. जब बीएसपी की सरकार थी तो 2009 से लेकर 2011 तक देखेंगे और एनसीआरबी की रिपोर्ट, उसमें यूपी भारत में क्राइम के मामले में 34वे नंबर पर था. इससे पहले भी राजभर ने कुछ ऐसे बयान दिए हैं जिससे बीजेपी सरकार की भूमिका पर सवाल खड़े होते हैं. जिसके बाद चर्चा शुरू हो गई है कि बीजेपी में बात नहीं बन पाने की वजह से ओम प्रकाश राजभर ने बीएसपी के साथ जाने का मन बना लिया है. हालांकि अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या राजभर द्वारा तारीफ किए जाने के बाद भी बसपा, सुभासपा के लिए अपने दरवाजे खोलेगी. ध्यान देने वाली बात ये कि राजभर ने जब सपा से किनारा किया था, तब उन्होंने बीएसपी का रूख किया था. लेकिन तब बात नहीं बनी थी.

# रेड लाइट एरिया में पुलिस की रेड, असम की लड़की को छुड़ाया



सीतामढ़ी, 4 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के सीतामढ़ी स्थित रेड लाइट एरिया में पुलिस ने छापा मारकर एक लड़की को देह व्यापार के धंधे से छुड़ाया. दरअसल, असम के एक शख्स ने सीतामढ़ी के एसपी हर किशोर राय से मिलकर शिकायत की थी कि उनकी रिश्तेदार को बहला-फुसलाकर सीतामढ़ी रेड लाइट एरिया में लाकर बेच दिया गया है. इसके बाद एसपी के निर्देश पर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और लड़की को वहां से बरामद किया. नगर थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान रेडलाइट एरिया से कई महिला व पुरुष को गिरफ्तार किया. पुलिस की छापेमारी से रेड लाइट एरिया हड़कंप मचा गया है. सीतामढ़ी के एसपी हर किशोर राय के निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी की घटना को अंजाम दिया है. जानकारी के मुताबिक, 24 दिन पहले असम के कामरु जिला की एक लड़की को यहां बहला-फुसलाकर लाया गया था. किसी तरह लड़की ने इसकी सूचना अपने परिजन तक भिजवाई. उसके बाद लड़क की परिजन पता लगाते-लगाते सीतामढ़ी तक पहुंचे. यहां आकर लड़की के मामा ने सीतामढ़ी एसपी से मिलकर लड़की को रेडलाइट एरिया में बेचे जाने की शिकायत की. तब जाकर पुलिस ने एसपी के निर्देश पर कार्रवाई की है.

## मेकअप ने बिगाड़ दी दुल्हन के चेहरे की हालत आईसीयू में भर्ती; अब कब होगी शादी

बेंगलुरु, 4 मार्च (एजेंसियां)। अपनी ही शादी में एक लड़की के लिए मेकअप करवाना भारी पड़ गया। दरअसल कर्नाटक के हासन में एक युवती ने अन्य ही लड़कियों की तरह अपनी शादी के लिए मेकअप करवाया था। लेकिन उस मेकअप से युवती का चेहरा इस कदर बिगड़ गया कि उससे इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में भर्ती करवाना पड़ा था। इस कारण उसकी शादी भी पोस्टपोन हो गई है। घटना में पुलिस ने केस दर्ज कर पार्लर की ब्यूटीशियन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। आपको जानकर हैरानी होगी कि जिस पार्लर से पीड़िता ने अपना मेकअप करवाया था वह एक हर्बल ब्यूटी पार्लर है। यह पूरी घटना हासन के अरसिकेरे शहर की है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता जाजूर गांव की निवासी है। उसने 10 दिन पहले अपने शहर के गंगा श्री हर्बल ब्यूटी पार्लर एंड स्पा में अपना ब्राइडल मेकअप करवाया था। लेकिन



पीड़िता को क्या खबर थी कि मेकअप से उसकी हालत इतनी गंभीर हो जाएगी। मेकअप के कारण पीड़िता का चेहरा बुरी तरह से सूज गया था। जिसके बाद उसे तुरंत ही आईसीयू में भर्ती करवाना पड़ा। जहां उसका इलाज जारी है। हर्बल ब्यूटी पार्लर एंड स्पा की ब्यूटीशियन ने पीड़िता से कहा कि उसने उसके मेकअप के लिए नए तरह के मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया है। लेकिन मेकअप के बाद पीड़िता को एलर्जी हो गई और उसके चेहरे की हालत काफी ज्यादा बिगड़ गई। इसी वजह से युवती की शादी को पोस्टपोन करना पड़ा। हालांकि इस पूरी घटना में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और अभी मामले में ब्यूटीशियन से पूछताछ जारी है।

# पीएम की हत्या का कहने वाले नेता जेल से छूटे

## पटेरिया बोले- जेल हमारे लिए महात्मा गांधी शोध विश्वविद्यालय, पीएम-सीएम का धन्यवाद आपने मुझे भिजवाया

पन्ना, 4 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की बात कहने वाले पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता राजा पटेरिया 80 दिन बाद जमानत मिल गई है। शाम जेल से बाहर निकलने के बाद पटेरिया काफी खुश नजर आए। उन्होंने इस दौरान जेल को शोध विश्वविद्यालय कहा। बता दें, राजा पटेरिया को जबलपुर हाईकोर्ट ने 27 फरवरी को जमानत दे दी थी, 4 दिन का समय कागजी कार्रवाई में लग गया। पटेरिया ने कहा कि देश 3 हजार साल तक जाति की वजह से गुलाम रहा है, लेकिन जेल में कोई जाति भेदभाव नहीं है। जेल में सब एक साथ खाना खाते हैं। जिंदगी के ढाई महीने शोध संस्थान के थे। जेल हमारे लिए



महात्मा गांधी शोध विश्वविद्यालय है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को धन्यवाद कि आपने मुझे जेल भिजवाया। इस देश को जाति ने खाया है। जेल के अंदर कोई जात-पात भेदभाव नहीं है। हिन्दू, मुस्लिम, शूद्र, ब्राह्मण, क्षत्रिय सब एक जगह खाना पकाते और एक साथ खाते हैं। जेल में हिंदू और मुसलमान का कोई झगड़ा नहीं है। मेरे लिए यह सबसे शानदार जगह है।

**कागजी कार्रवाई में लगा समय- जेलर**

पवई जेलर एमपी मिश्रा ने बताया कि जबलपुर हाईकोर्ट से जमानत याचिका मंजूर होने के बाद जमानत स्वीकृति का आदेश ट्रायल कोर्ट पहुंचा। उसके बाद वहां से जब जमानत भर कर जेल आदेश आया, तो हमने संबंधित सभी दस्तावेज की जांच की। उसी के बाद ही रिहाई हुई है, इसलिए 4 दिन का समय लग गया।

**अब जान लेते हैं पटेरिया को क्यों जाना पड़ा था जेल...**

11 दिसंबर 2022 को राजा पटेरिया पन्ना जिले के मंडलम में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था, मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या इन द सेंस ...हराने के लिए तैयार रहो।'

पटेरिया के इस बयान का वीडियो वायरल होते ही मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने राजा पटेरिया के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए थे। पन्ना के पवई थाने में विभिन्न धाराओं पर मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने 13 दिसंबर को उनके गृह निवास हटा जिला दमोह से गिरफ्तार कर पवई जेल भेज दिया था। उनके परिजन व वकील ने पवई न्यायालय, हाईकोर्ट जबलपुर और ग्वालियर कोर्ट से जमानत लेने की कोशिश की थी, लेकिन उनकी जमानत याचिका मंजूर नहीं हो पाई थी। 2 महीने 20 दिन बाद राजा पटेरिया की हाईकोर्ट जबलपुर में जमानत याचिका मंजूर हुई, जिसके बाद उन्हें शुक्रवार की शाम पवई जेल से रिहा कर दिया गया।

## यात्री से पांच रुपये अधिक वसूलना हरियाणा रोडवेज को पड़ा महंगा, अब देना होगा मुआवजा और केस खर्च



चंडीगढ़, 4 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा रोडवेज के कंडक्टर का यात्री से वाजिब किराये से पांच रुपये अधिक लेना महंगा पड़ गया। चंडीगढ़ जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने हरियाणा रोडवेज को निर्देश दिया है कि वह शिकायतकर्ता को पांच रुपये लौटाए और उक्त राशि पर नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से राशि भी अदा करे। साथ ही 1000 रुपये मुआवजा और 700 रुपये मुकदमा खर्च अदा करने का भी निर्देश दिया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग ने इसे सेवा में कोताही का दोषी करार दिया है।

## सिविल अस्पताल के निकू वार्ड में लगी आग बाल-बाल बचे 30 बच्चे, सारा रिकॉर्ड जला

यमुनानगर, 4 मार्च (एजेंसियां)। सिविल अस्पताल यमुनानगर के निकू वार्ड में शनिवार सुबह आग लग गई। वार्ड में 30 बच्चे दाखिल थे जो बाल-बाल बच गए। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने अपनी जान पर खेल कर बच्चों को बचाया। आग से वार्ड में रखा सारा सामान व रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। वार्ड में भर्ती बच्चों को जगाधरी के निकू वार्ड व ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। निकू वार्ड में नवजात बच्चों को शीशे में रखा जाता है। यह वह बच्चे होते हैं जो समय से पहले जन्म लेते हैं, या जिन्हें पीलिया या फिर सांस लेने में दिक्कत होती है। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बच्चे वार्ड में लगे एसी में शार्ट सर्किट हुआ। जिससे वार्ड में रखे रिकॉर्ड में आग लग गई। देखते ही देखते आग दूसरी जगह भी फैल गई। आग की लपटें उठते देख वार्ड में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने शोर मचा दिया। तब वहां पर पांच कर्मचारी ड्यूटी पर थे।

## हैदराबाद की युवती संग छतरपुर के युवक ने किया दुष्कर्म, तीन साल तक शोषण कर कई बार गर्भपात कराया

छतरपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची हैदराबाद की एक युवती ने अपनी आपबीती सुनाते हुए एसपी को शिकायती आवेदन दिया, जिसमें उसने नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चौबारा निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर तीन साल तक उसका शारीरिक शोषण करने, कई बार गर्भपात कराने और मारपीट कर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। युवती का कहना है कि वह नौगांव थाने गई थी, लेकिन वहां उसकी बात नहीं सुनी गई। इसलिए अब वह एसपी ऑफिस आई है।

# बिना ट्रायल के 14 साल तक जेल में बंद रहा इंडियन मुजाहिद्दीन का संदिग्ध

## अब बॉम्बे एचसी ने दी जमानत

मुंबई, 4 मार्च (एजेंसियां)। पुलिस ने 14 साल पहले मोहम्मद जाकिर अब्दुल हक शेख को गिरफ्तार किया था. मोहम्मद जाकिर अब्दुल हक शेख को इंडियन मुजाहिद्दीन (आईएम) से जुड़े होने का आरोप था. मोहम्मद जाकिर अब्दुल हक शेख को बॉम्बे हाईकोर्ट ने अब जमानत दे दी है. मोहम्मद जाकिर अब्दुल हक शेख के खिलाफ अहमदाबाद में भी एक आतंकी मामले में मुकदमा चला था. मोहम्मद जाकिर को अहमदाबाद के आतंकी हमले के मामले में कोर्ट ने बरी कर दिया था. कबाड़ का कारोबार करने वाले 40 साल के शेख ने कथित रूप से कुछ समाचार चैनलों को 2008 में हुए अहमदाबाद बम धमाकों जिम्मेदारी लेते हुए धमकी भरे ईमेल मिले थे. जांच से पता चला था कि मुंबई के एक कॉलेज से यह ईमेल भेजे गए थे. आईपी एड्रेस के सहारे पुलिस ने कॉलेज की पहचान की थी.

**इस आधार पर मांगी थी जमानत**

अहमदाबाद मामले में बरी होने के बाद, शेख ने मुंबई में विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था. शेख ने निर्दोष साबित होने और समानता की दलील देते हुए जमानत मांगी थी. उसकी ओर से ये दलील भी दी गई थी कि मामले के दो सह-आरोपियों को जमानत मिल गई है. हालांकि, सत्र न्यायालय ने शेख की याचिका को खारिज कर दिया



था. कोर्ट ने कहा कि अहमदाबाद मामले में उसका बरी होना मुंबई मामले में जमानत पर रिहाई का आधार नहीं हो सकता. अदालत ने यह भी कहा था कि उसका नाम तीन सह-अभियुक्तों के इकबालिया बयानों में सामने आया था जो बाद में मुकर गए थे. इन लोगों ने दावा किया था कि शेख ने पाकिस्तान में प्रशिक्षण लिया था.

**हाईकोर्ट से मिली राहत**

निचली अदालत में जमानत याचिका खारिज होने के बाद शेख ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. शेख ने बॉम्बे हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी कि वह 2008 से ही बिना सुनवाई शुरू हुए सलाखों के पीछे है. उसने ये दलील भी दी कि जेल में बिताया गया समय उन आरोपों में न्यूनतम सजा के प्रावधान से कहीं अधिक है जिसके लिए उसकी गिरफ्तारी हुई थी. इस मामले में कई आरोपी ऐसे थे जो अहमदाबाद के साथ-साथ दिल्ली में भी आतंकी मामले में मुकदमे का सामना कर रहे थे. दोनों मुकदमे शुरू हुए और अभियुक्तों को उन शहरों की जेलों में भेज दिया गया था. इसके बाद मुंबई में कई आरोपी मौजूद नहीं रहे जिसकी वजह से सुनवाई शुरू नहीं हो सकी.

**कोर्ट ने दी जमानत**

मुंबई मामले में, विशेष लोक अभियोजक एएम चिमलकर ने मामले के गुण-दोष के आधार पर जमानत याचिका का विरोध करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट के समक्ष एक जवाब दायर किया था. एएम चिमलकर ने हाईकोर्ट में ये भी स्वीकार किया कि अभियुक्त 14 साल और 4 महीने से बिना किसी ट्रायल के सलाखों के पीछे है. इसके बाद जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस पीडी नाइक की पीठ ने आरोपी को जमानत देने का फैसला किया.

## 'न्यूनतम मजदूरी के कम क्यों दिया जा रहा वेतन' कोर्ट ने डिंडौरी कलेक्टर से मांगा जवाब

जबलपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। जबलपुर हाईकोर्ट ने एक मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि शासकीय विभाग में भी न्यूनतम मजदूरी से कम वतेन क्यों दिया जा रहा है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने जनजातीय कार्यविभाग के प्रमुख सचिव व आयुक्त, कलेक्टर डिंडौरी, डीईओ, ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर और लेबर ऑफिसर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डिंडौरी के समनापुर में रहने वाले राजकुमार नंदा ने याचिका दायर कर बताया कि जुलाई 2010 से कलेक्टर दर पर दैवेभो के रूप में आदिम जनजाति कार्य विभाग में नियुक्त हुआ। वर्तमान में ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डेटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में कार्यरत



है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह ने बताया, लेबर कमिश्नर इंदौर द्वारा नियम के अनुसार डेटा एंट्री ऑपरेटर उच्च कुशल श्रमिक की परिभाषा में आता है। नियुक्ति दिनांक से अक्तूबर 2021 तक न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया गया। अक्टूबर 2021 में न्यूतम मजदूरी पर 12 हजार 335 रुपये एक महीने का भुगतान किया गया। इसके बाद से सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के मौखिक निर्देश के अनुसार नवंबर 2021 से पांच हजार मासिक भुगतान किया जा रहा है। आवेदक की ओर से दलील दी गई कि वर्तमान में उच्च कुशल श्रमिक के लिए न्यूनतम मजदूरी 12 हजार 860 रुपये है। कलेक्टर डिंडौरी को न्यूनतम मजदूरी भुगतान के संबंध में अभ्यावेदन किया। जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो याचिका दायर की गई।

## दिल्ली के कंझावला इलाका में गोलीबारी से दहला

### बदमाशों ने की 15 राउंड फायरिंग, दो लोग हुए घायल

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के कंझावला इलाके का ततेसर गांव गोलीबारी से दहल उठा है। बताया जा रहा है बाइक पर सवार होकर यहां पहुंचे बदमाशों ने अंधाधुन फायरिंग की। गोलीबारी में दो युवक घायल हुए हैं। घायलों की पहचान मुकुल (उम्र 20) और चंद्र प्रकाश (उम्र 24) के रूप में हुई है, दोनों चांदपुर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, ग्राम ततेसर में गोलीबारी की घटना की जानकारी पुलिस स्टेशन कंझावला में एक पीसीआर कॉल के जरिए मिली। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने उस जगह का निरीक्षण किया जहां उन्हें खाली कारतूस और खून के धब्बे मिले। पुलिस के अनुसार, मौके से फरार होने से पहले बदमाशों करीब 15 राउंड फायरिंग की। पुलिस ने बताया 15 खाली कारतूस पाए गए हैं। हालांकि, घटना के पीछे के मकसद का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 'नाबालिग की तस्वीर' शेयर कर मुश्किल में फंसे राघव चड्ढा और आतिशी

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर 'नाबालिग की तस्वीर' ट्विटर पर शेयर करने को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा तथा आतिशी के खिलाफ जांच और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है। आयोग ने आरोप लगाया कि ''राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने'' के लिए ये तस्वीरें शेयर की गईं।

पत्र के मुताबिक, आयोग ने यह भी पाया कि नेताओं द्वारा तस्वीर साझा करने का उद्देश्य मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी जांच से ध्यान भटकाना था। गौरतलब है कि राउत और चड्ढा राज्यसभा सदस्य हैं जबकि आतिशी दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की विधायक हैं। सिसोदिया ने 2021-22 आबकारी




नीति में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद हाल में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

सिसोदिया के पास शिक्षा सहित दिल्ली सरकार के 18 विभागों का प्रभार था। आयोग ने कहा कि उसे राउत और चड्ढा के सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में शिकायत मिली है, जिन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर ऐसी तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें आम आदमी पार्टी नेता एवं राज्य के तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया स्कूलों में नाबालिग बच्चों के साथ दिख रहे हैं। आयोग ने कहा कि इस मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा गया है, जिसकी प्रति दिल्ली के मुख्य सचिव को भेजी गई है।

आयोग ने दिल्ली पुलिस से किशोर न्याय कानून के तहत उचित कार्रवाई करने को कहा है। आतिशी के मामले में आयोग ने कहा है कि ''बच्चों की सहमति के बिना उनकी तस्वीरों को साझा करने और इनका उपयोग करके अपने व्यक्तिगत एजेंडे को बढ़ाने के वास्ते अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग करने'' के लिए आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।


## दिल्ली में सीबीआई की कार्रवाई के बाद देसी शराब का कोटा बढ़ाने की तैयारी में मान सरकार



जालंधर, 4 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली में सीबीआई की शराब घोटाले पर जबरदस्त कार्रवाई से पंजाब के अधिकारी सकते में हैं और दिल्ली की तर्ज पर बनाई गई आबकारी नीति में बदलाव करने की तैयारियां की जा रही है। ऐसी उम्मीद है कि पंजाब सरकार आने वाले वित्त वर्ष की आबकारी नीति में एल-1 की प्रकिया में बदलाव कर सकती है। शराब पर एकाधिकार को खत्म करने के लिए अधिकारियों ने सरकार को प्रपोजल बनाकर दिया है। जैसे ही मौजूदा नीति में सुपर एल-1 धारक के पास ही कंपनियों की शराब बेचने का एकाधिकार है। प्रपोजल दिया गया है कि हरेक शराब फैक्टरी के लिए एक से अधिक डिस्ट्रिब्यूटर को लाइसेंस दिया जाए। पंजाब में सुपर एल-1 बनाने से शराब 10 फीसदी महंगी बिकी थी लेकिन दिल्ली में धरपकड़ के बाद पंजाब में नई पॉलिसी में सुपर एल-1 को खत्म करने का प्रपोजल अधिकारियों ने दिया है। जिससे शराब मार्केट में 10 फीसदी सस्ती मिल सकती है। इसके अलावा ठेकेदारों की तरफ से सरकार को एक प्रपोजल भेजा गया है कि 30-30 करोड़ के ग्रुप को खत्म किया जाए क्योंकि 30 करोड़ का ग्रुप लेना किसी छोटे ठेकेदार के बस का नहीं है। क्योंकि कोटा खत्म कर ओपन शराब की खरीद होने से ठेकेदार घाटे में जा सकते हैं और पंजाब में छोटे प्लेयर सड़कों पर आ जायेंगे। हालांकि सरकार इस नियम को बदलने की पक्षधर नहीं है। पंजाब सरकार की तरफ से पिछले साल सुपर एल-1 की पॉलिसी बनाकर 9600 करोड़ का राजस्व शराब से एकत्रित करने की योजना बनाई थी और सरकार का राजस्व इसके करीब पहुंच रहा है। जनवरी तक 7200 करोड़ रुपये सरकार के पास आबकारी विभाग से आ चुका है। सत्ता पक्ष के नेताओं व सरकार के लिए राहत की बात यह है कि पिछले सालों के मुकाबले 3 हजार करोड़ का अधिक राजस्व पंजाब सरकार को मिलने की उम्मीद है। इसलिए सरकार दिल्ली की तर्ज पर बनायी गई पॉलिसी में अधिक बदलाव करने की पक्षधर नहीं है। मंथन किया जा रहा है कि शराब के ग्रुप 30-30 करोड़ के ही रहने दिये जाएं और सिर्फ एल-1 में बदलाव किया जाए।

पंजाब के आबकारी व वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा का कहना है कि सूबे में 3 हजार करोड़ का अधिक राजस्व आबकारी विभाग में बढाने का श्रेय आप सरकार को जाता है। इसका मतलब है कि हमारी पॉलिसी अच्छी थी। हम इसी माह नई पॉलिसी लाने की तैयारी कर रहे हैं।

## रोहतक में राजस्थान पुलिस की एसआई गिरफ्तार इंटरनेशनल खिलाड़ी के पास मिले अवैध हथियार दिल्ली से छापेमारी करने आई थी टीम



रोहतक, 4 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के रोहतक में राजस्थान पुलिस की एसआई को अवैध हथियार के साथ काबू किया हैं। जो सनसिटी हाइट के फ्लैट में किराए पर रहती थी। दिल्ली पुलिस अपहरण के मामले में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर छापेमारी कर रही थी। इस दौरान हरियाणा केसरी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी को फ्लैट से ही गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस अपहरण के मामले में छापेमारी करते हुए रोहतक पहुंची थी। आरोपी के संदेह होने पर सनसिटी हाइट में पहुंची। जहां पर हरियाणा केसरी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं राजस्थान पुलिस की सब इंस्पेक्टर नैना मिली। जिसको अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**दिल्ली पुलिस के साथ की छापेमारी**

सिटी थाना रोहतक के प्रभारी पीएसआई राजू सिंधू ने बताया कि थाना मोहन गार्डन दिल्ली में आरोपी सुमित नानंदल के खिलाफ अपहरण सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज हैं। आरोपी सुमित नांदल को गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली पुलिस छापेमारी के लिए रोहतक पहुंची थी। पुलिस चौकी सुखपुरा की टीम एसआई प्रदीप, महिला सिपाही व दिल्ली पुलिस की टीम के साथ सनसिटी हाइट फ्लैट पर पहुंचे।

**पुलिस को देखकर हथियार फेंके नीचे**

छापेमारी के दौरान फ्लैट का दरवाजा खटखटाया तो एक लडकी ने दरवाजा खोला। जिसके पास दो हथियार मिले। लड़की ने पुलिस टीम को देखकर अवैध हथियारों को नीचे फेंक दिया। जिसकी पहचान पानीपत के गांव सुताना निवासी नैना के रुप में हुई है। दोनों पिस्तौलो को बरामद करके नैना के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## पहले 3 निकाह, अब 3 तलाक...ट्रांसजेंडर से की तीसरी शादी, पहली बीवी से 6 बच्चे

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा में तीन तलाक का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. एक शख्स ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया है. शख्स ने अपने निकाह के 30 से 32 साल बाद अपनी पहली पत्नी को घर से निकाल दिया है और उसके बाद चिल्लाते हुए तीन बार तलाक-तलाक-तलाक कहते हुए अलग कर दिया है. आपको बता दें कि दोनों के इस निकाह से 6 बच्चे हैं. दरअसल निकाह के 30-32 वर्ष बाद आफताब नाम के शख्स ने चिल्लाते हुए अपनी पत्नी को तलाक-तलाक-तलाक कहते हुए खुद को उससे अलग कर लिया. इस मामले में दिल्ली पुलिस ने मुस्लिम महिला संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़ित महिला ने भजनपुरा थाने में घरेलू हिंसा की रिपोर्ट दर्ज कराई है. शिकायत मिलने पर पुलिस ने 'मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन मैरिज एक्ट- अगेंस्ट ट्रिपल तलाक' कानून के तहत शिकायत दर्ज की है. पुलिस ने जानकारी दी है कि उन्हें 30 जून 2022 को भजनपुरा थाने में घरेलू हिंसा की शिकायत मिली थी. दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 30 जून 2022 को थाना भजनपुरा में



घरेलू हिंसा की शिकायत की गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता जो भजनपुरा की रहने वाली है. उन्होंने बताया था कि उसकी शादी लगभग 3032 साल पहले आफताब नाम के शख्स से हुई थी. शादी से उनके 6 बच्चे हैं. उनके पति ने उन्हें छोड़ दिया और एक ट्रांसजेंडर से निकाह कर लिया. महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी शादी आफताब से 32 साल पहले हुई थी. उनकी शादी से छह बच्चे हैं. उसके पति ने उसे छोड़कर एक किन्नर से शादी कर ली. इसके बाद उसे बिरादरी से बाहर कर दिया गया. अब उसके पति ने दूसरी बीवी को छोड़कर एक अन्य महिला से तीसरी शादी कर ली है. महिला ने अपनी शिकायत में आगे बताया कि तीसरी शादी के बाद वह करदमपुरी में रहने लगा. अब वह उसे घर से निकलने के लिए दबाव बनाने लगा है. सात जुलाई 2022 को उसके पति ने उसे पीटा और घर से निकालने से पहले तीन तलाक दे दिया. दिल्ली पुलिस ने उसकी शिकायत को काउंसलिंग के लिए क्राइम अगेंस्ट वूमेन सेल भेजा, जिसके बाद उसकी शिकायत के आधार पर द मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन मैरिज एक्ट के तहत दिल्ली के थाना भजनपुरा में एक मामला दर्ज किया गया है.

# कालजयी साहित्य सृजक : वृंदावनलाल वर्मा



अतुल कुमार

अजीब बात है जो नाटक साहित्य की ज़रूरी विधा है दिनों दिन उसकी धमक फीकी पड रही है। महामारी के बाद तो यदा कदा ही इसके बारे में सुनने या पढने को मिलता है . नाटक कम लिखे और मंचित हो रहे हैं .नाटको का ही परिष्कृत रूप सिनेमा को माना गया .आम बोलचाल की भाषा में नाटकों को थियेटर कहते है. इससे जुडे अभिनेता भी पूछने पर बताते हैं थियेटर कर रहा हूं . नाटक की जगह थियेटर ने ली .इससे जुडे कई रंग़ कर्मी फिल्मों में नामी ऐक्टर बने .

परंपरा पुरानी है पृथ्वी राजकपूर , संजीव कुमार से ले नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी तक नाटकों से उभरे .हैदराबादी ज़बान में खेले गये नाटक " अदरक के पंजे " ने खूब धूम मचायी . दर्शकों के ज़ेहन में उसकी यादें अब भी हैं .कई प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकारों की लिखी रचनाओं की पहले बहुत चर्चा होती जिसमें प्रेमचंद के लिखे " गोदान " " कफन " डा धर्मवीर भारती के " अंधा युग "और वृंदावनलाल वर्मा की " मृग़नयनी " के मंचन के समाचार खूब छपते . विशेषकर छोटे शहरों गांव कस्बों में भी इन्हें उत्साह से ख़ेला जाता .वृंदावनलाल वर्मा नामी साहित्यकार थे जिन्होंने प्रेमचंद के बाद साहित्य को सामाजिक सरोकारों से जोडा .

बात उन दिनों की है जब देश में अंग्रेज़ों का शासन था . आठवीं कक्षा में पढा करते ,एक बार इतिहास पढाते हुए अंग्रेज़ टीचर ने उन्हें अपने शासन और शासकों का गुणगान पढाया तब कक्षा में उपस्थित वृंदावन लाल वर्मा ने टीचर को बीच में रोकते हुए अपने देश की महत्ता बतायी . इतना ही नहीं इसके बाद इतने आग बबूला हुए कि अपनी इतिहास की किताब के पन्ने फाड डाले . वृंदावनलाल वर्मा के बाल मन को यह घटना इतना आहत कर गयी कि इसका उल्लेख अपने चाचा से किया उन्होंने समझाया हमारा मनोबल तोडने के लिये अंग्रेज़ इतिहास में अनाप शनाप लिखते हैं इसे सुन उन्होंने इतिहास को नये सिरे से लिखने का संकल्प लिया . लिखा भी .

सिर्फ 19 वर्ष की उम्र में पहला उपन्यास " सेनापति ऊदल ' लिखा जिसमें अंगेज़ शासन का ज़बर्दस्त विरोध किया इससे शासकों की नींद उड गयी और इस उपन्यास को ज़प्त कर लिया गया . कई दिनों तक उन्हें जेल में रखा .उन दिनों उनके साहस की चर्चा होती .कुछ महीनों बाद ग्वालियर राजमाता ने उनको बुलवाया और ग्वालियर के राजा मान सिंह और उनकी प्रेयसी मृगनयनी को ले उपन्यास लिखने का आग्रह किया . उपन्यास लिखा जो उनकी साहित्य यात्रा में मील का पत्थर साबित हुआ भारतीय साहित्य के प्रमुख उपन्यासों में इसकी गणना होती है . कुछ साल पहले दूर दर्शन ने इस पर धारावाहिक भी बनाया.


साहित्य के ऐसे महत्वपूर्ण प्रसंगों को ले अब कहीं कोई चर्चा होती है न कोई उल्लेख .नौजवान पीढी को इतने महान साहित्यकार के बारे में बताने या इस पर चिंतन करने की बात पर सन्नाट पसरा है .इंस्टाग्राम,फेस बुक , और वाट्सअप के इस दौर में भी इस महान लेखक को ले जो चुप्पी खामोशी दीखती है वह चौंकाती है ! क्योंकि वृंदावनलाल वर्मा की तुलना हमेशा विश्व साहित्य में अंग्रेज़ी के नामी नावेलिस्ट वाल्टर स्काट से की जाती है "मृगनयनी" लिख रातों रात वाल्टर स्काट के समकक्ष खडे हुए इसके बाद " गढ कुंडार "और " विराटा की पद्मिनी" जैसे उपन्यास लिख ऐतिहासिक उपन्यासों को उत्कर्ष तक पहुंचाया हिंदी साहित्य में ऐतिहासिक उपन्यास लिखने का श्रेय उन्हीं को है . साहित्य में महिला पात्रों के शौर्य और बलिदान की गाथाएं लिखीं उदाहरण के लिये उपन्यास " झांसी की रानी " है .

उनके लिखे ऐतिहासिक नाटक " हंसमयूर " " पूर्व की ओर " बीरबल " और " मंगलसूत्र " में शिक्षित लडकी के साथ एक अयोग्य लडके के विवाह " की "खिलौने की खोज में "मनोबल द्वारा अनेक समस्याओं के समाधान " देखा देखी "में दूसरों को देख फिज़ूल खर्च करने की बढती प्रवृत्ति पर लिखा . सोशल सब्जेक्टस पर लिखते समय उनका नज़रिया हमेशा उसकी विद्रूपताओं की पोल खोलने पर रहा . रचना "देखा देखी " की सामयिकता आज अधिक है क्यों कि दिखावा आज सामाजिक बेबसी और किरकिरी बन गया है . सभी रचनाओं को प्रयोगशाला बनाया और सामाजिक कुरीतियों की ओर इंगित किया श्रम के महत्व के प्रबल समर्थक थे और इससे मिलने वाले अच्छे परिणामों को लेखन में स्थापित करते .मानव जीवन के लिये प्रेम को आवश्यक तत्व मानते हुए इस पर कहा भी " प्रेम एक साधना है जो साधक को सामान्य भूमि से उठा उंचाई की ओर ले जाता है ". व्यापक भाव भूमि पर साहित्य को प्रतिष्ठित किया साहित्य के माध्यम से सभी को मातृभूमि और राष्ट्रभक्ति के लिये प्रेरित किया .

उनके लिखे कुछ प्रमुख नाटक " धीरे धीरे " "राखी की लाज "" पीले हाथ " " देखा देखी " और "रानी लक्ष्मी बाई " उपन्यास " गढ कुंडार "" लगन " " संगम " और " मृगनयनी " कहानी संग्रह "अंगूठी का दान "शरणागत " मेंढक का ब्याह " तथा " दबे पांव "आदि हैं .कई भारतीय भाषाओं के साथ अंग्रेज़ी ,रूसी व अन्य विदेशी भाषाओं में उनके अनुवाद हुए .वृंदावन लाल वर्मा का जन्म 9 जनवरी 1889 को झांसी उत्तरप्रदेश में हुआ पेशे से वकालत को अपनाया और साथ में लेखन किया .बुंदेलखंड के जीवन मूल्य और सांस्कृतिक उपलब्धि को राष्ट्रीय पहचान दी . उनकी आत्मकथा " अपनी कहानी " पाठकों द्वारा पसंद की गयी .साहित्य की हर विधा पर लिखा लेकिन ऐतिहासिक उपन्यासों और ग्रामीण परिवेश और सामाजिक ताने बाने को अपने कथानकों में ऐसे पिरोया कि हर कोई उसमें अपनी छवि देखने लगा

वकालत व लेखन के बाद कुश्ती का शौक भी था, और लंगोट लाठी समेत रोज़ कसरत करते कहते .स्वाध्याय ने लेखक बनाया तो कुश्ती ने सामना करना सिखाया कहा कुश्ती बहुत कुछ सिखलाने के साथ परिस्थितियों से जूझना सिखाती है .अच्छे निशानेबाज़ भी थे शिकारी जीवन पर " दबे पांव " पुस्तक लिखी .

समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे समाज कल्याण के लिये बैंक की स्थापना की और लोगों को बैंकिंग के लाभ बताये .अपने लिखे नाटकों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों व चलनों को उखाड फेंकने की भरसक कोशिश की. इनमें कई समस्याएं आज भी हैं जिस पर दूरदृष्टा चिंतक की तरह लिखा .एकदम कालजयी साहित्य सृजक थे , आजीवन साहित्य साधना समर्पित साधक की तरह की इस भौतिक जगत को 23 फरवरी 1969 को त्यागा . लेकिन विरासत के रूप में ऐसे सुनहरे साहित्य को दे गये जो समय से परे है।




# काव्य कुंज

## रंग बिरंगी टोली



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

आओ सखियों बाहर आओ
होली ढपली ढोल बजाओ
रंग बिरंगी पिचकारी भर के
सखियों को रंग लगाओ।
आओ सखियों बाहर आओ।
आज तो कुछ करें शरारत हरे कृष्णा की करके इबादत
गोपियों सा स्वांग रचाओ मोहल्ले में सबको नचाओ ।
आओ सखियों बाहर आओ ।।
आज तो ठंडाई भी है बनानी पकौड़े में भी भंग मिलानी
प्यार से सबको खूब खिलाओ
शिव गोरा का ध्यान लगाओ।
आओ सखियों बाहर आओ ।।
भंग के संग रंग लगाना झूम झूम के नाचना गाना
बनाओ सबको होली का दीवाना
खूब टेसू के रंग बहाओ। आओ सखियों बाहर आओ ।।
ऐसे रंग में रंग दो सबको कोई न पहचाने किसी को
मूंछे लगा कर सबको डराओ
छुप-छुपकर रंग लगाओ। आओ सखियों बाहर आओ ।।
आज तो जीजासा री खैर नहीं है
आज तो जीजी का डर भी नहीं है
जीजासा ने लहंगा पहनाओ
अपनी टोली में मिलाओ। आओ सखियों बाहर आओ ।।
बुरा न मानो होली है, रंग बिरंगी टोली है
खुशनसीब जो साली मिली है
जीजाजी के रंग लगाओ।।
आओ सखियों बाहर आओ होली ढपली ढोल बजाओ
रंग बिरंगी पिचकारी भर के सखियों को रंग लगाओ
आओ सखियों बाहर आओ।

## पावन सरिता



चंद्रप्रकाश शर्मा
हैदराबाद

जीवन तो पावन सरिता है
तू डुबकी रोज लगाए जा
नित्य मन पर ध्यान लगाए जा
यह नित नित रोज बदलता है
बंदर की तरह उछलता है
कभी इस शाख पर तो
कभी उस शाख पर जाता है
तू सजग प्रहरी बनता जा
जीवन तो पावन सरिता है
यह पंचतत्व का चोला है
इसमें विराट है छुपा हुआ
कुछ क्षण इसका नित्य चिंतन कर
फिर जग के कारज कर्ता जा
काम क्रोध मद लोभ ईर्ष्या
इसमें है जगत गिरा हुआ
तू थोड़ा सा बच कर चल
जीवन तो पावन सरिता है
मन का खेल निराला है
हर कोई इस से बंधा हुआ
यह लालच विचार सब देता है
यह मानव चित का राजा है
ना ध्यान कभी देना इस पर
जंजीरों से जकड़ा जाएगा
फिर होश ना तुझको आएगा
जीवन तो पावन सरिता है
संसार में रमता जाएगा
यश वैभव धन की चिंता में
तू कदम बढ़ाता जाएगा
यहां पड़ा सभी रह जाएगा
तू खाली हाथ आया था
फिर खाली हाथ ही जाएगा
फिर होश तू कर सत्य कर्म तू कर
जीवन तो पावन सरिता है
तू नित नित ध्यान लगाया जा

## कविता लिखते हैं...।



डॉ डी डी देसाई

चलो.. हम तुम मिलकर
अपनी कविता लिखते हैं।
न तेरा.. न मेरा चलो
इश्क़ का शहर लिखते हैं।
नजरों से.. होठों तक का सफर लिखते हैं..
बेइंतेहा मोहब्बत दोनों के दरमियाँ लिखते हैं।
सात समंदर पार चलो अश्क़ से समंदर लिखते हैं..
बढ़ती धड़कनों के डर का किनारा लिखते हैं।
लबों से लबों पर इश्क़ की शहादत लिखते हैं,
समा जाऊँ मैं तुझमे.. और तुम मुजमे,
जैसे दुग्ध में घुली शरकरा लिखते हैं।
मैं मुझसे दूर...तु तुझसे दूर खड़ी,
चलो दोनों का नया सफर लिखते हैं
तुमपर कुर्बान तुझसे समर्पित प्रीत लिखते हैं।
दोनों के मन की मीत प्यार का गीत लिखते हैं
किसी शोक संध्या में दे सुकुम हमें..
चलो.. हम तुम मिलकर अपनी कविता लिखते हैं।

## होली



कुमुद बाला,
हैदराबाद

दिल मिलते,खुश होते हैं,
भेद निकल जाता है
होली के आते ही
मधुमास मचल जाता है
उड़ते हैं होली में अनगिनत गुलाल
हिलते हैं हरियाली से भरे तमाल
खिलते हैं रंगबिरंगे फूल बेमिसाल
जलते हैं तम में जगनुओं के मशाल
रंगबिरंगी पिचकारियों से दृश्य बदल जाता है
होली के आते ही मधुमास मचल जाता है
रंगों की दुनिया भी अजीब होती
शबनम की बूँद भी अज़ीज़ होती है
बहार की अंगड़ाई क़रीब होती है
फूलों की भी हंसीं तकदीर होती है
फाग की तान पर ढोलक-मृदंग बहल जाता है
होली के आते ही मधुमास मचल जाता है
चाँदनी में नहायी है पूनम की रात
हो रही नभ से रौशनी की बरसात
इंद्रधनुष ने रंगों की पिटारी खोली
फूल - फूल पर रहे थिरक ज़ज़्बात
धरा के अधरों के मधु में दिल पिघल जाता है
होली के आते ही मधुमास मचल जाता है
खुशियों के रंग में डूबा यह त्यौहार
सावन भी कर रहा है देखो मनुहार
धरती पे बरसेगी प्यार की फुहार
जब मानव बदलेगा अपना व्यवहार
मिलाप के हाथों से राग-द्वेष फिसल जाता है
होली के आते ही मधुमास मचल जाता है।।

## होली का त्यौहार



दर्शन सिंह
हैदराबाद

होली का त्यौहार आया
अंग अंग मुस्कराया
हो चाहे किसी भी उम्र की काया
रहता है साथ सभी के
गुलालों का इंद्रधनुषी साया
वसुंधरा भी थी मंत्रमुग्ध
ओजस्वी स्वरूप भाया
होली का त्यौहार आया अंग - अंग मुस्कराया
मस्तिष्क पर ज़ोर डाला
होलिका की कुटीलता स्मृत हो आई
सत्यमेव जयते है सर्वोपरी
भक्त प्रह्लाद ने समझाया इतिहास है साक्षी
गर्त की परतों में दब कर रह गई
कुटिल हरिण्यकश्यप की श्वासें
अंतःकरण को भाया
होली का त्यौहार आया अंग - अंग मुस्कराया
टूट जाति, रंग वर्ण की दीवारें
होली ने स्मरण करवाया हो उन्मुक्त दिशाएं
विषाक्त कीटाणुओं से होली ने पढ़ाया
रक्त का रंग लाल सभी का
लगाओ फिर हृदय से एक दूसरों को
होली ने सिखाया अवलोकित कर
होली के अद्भुत स्वरुप को फुले नहीं समाया
होली का त्यौहार आया अंग - अंग मुस्कराया।।

## जिंदगी अग्नि परीक्षा



संजीव ठाकुर,
रायपुर

जिंदगी अग्नि परीक्षा का नाम है,
उसे पास करो, बाईपास करने की
कोशिश ना करो, जिन्दगी को जीओ,
उसे समझने की कोशिश ना करो,
चलते वक्त के साथ
चलो,वक्त को बदलने
की कोशिश न करो,
दिल खोल कर सांस लो,
अंदर ही अंदर घुटने की कोशिश न करो..!
कुछ बातें प्रभु भोलेनाथ पर छोड़ दो,
सब कुछ खुद सुलझाने की कोशिश न करो,
जीवन मिला है परोपकार कर जियो
स्वार्थ में जीवन जीने की कोशिश ना करो,
कुछ भोलेनाथ ने भी ठाना है,
बस उपासना करो फल पाने की
कोशिश ना करो, जीवन भोलेनाथ की देन है,
जी भर कर जियो भोलेनाथ की सेवा करो,
किसी से बराबरी की कोशिश ना करो,
सावन की शुभकामनाएं, जय जय जय भोलेनाथ।

## होली



गजानन पाण्डेय

आपस में सब एक हैं
सब उसकी संतान
जाति, रंग व नस्ल से
न हमारी पहचान ।
लोग खडे हैं बांटने
दिलों का प्यार
एकता की दीवार में
खुदगर्जी की सेंधमार ।
रिश्तों में वो बात नहीं
नहीं भावनाओं का ज्वार
सब फीके पड गये
क्या रिश्ते, क्या व्यापार ?
आओ फिर से जी लें
वैर भाव भुला दे
' होली ' की मस्ती में
सब एक - रंग हो जाएं ।

## नारी



पद्मजा श्रीवास्तव

सच है ऊंचाइयाँ आकाश की छू रही है
सपनों को पंख लगा
उड़ रही है नारी आज की
हर क्षेत्र में जलवा
अपना बिखेर रही है
नारी शक्तिशाली
धारणाएँ पुरानी तोड़ रही है पह्चान अपनी बना रही है
बंधनों को काट आवाज अपनी उठा रही है
जगह अपनी बना रही है ।
किंतु एक कडवा सच यह भी है
बेटे की चाहत में जाने कितनी अजन्मी बच्चियाँ
मार दी जाती हैं दुनिया देखने से पह्ले ही ।
बेटियाँ पैंदा करने के कारण कितनी ही
स्त्रियाँ बेघर होने को मजबूर कर दी जाती हैं
गाँव कस्बों में आँज भी बेटी और बेटे में भेद्भाव
अपमानित होती स्त्रियाँ घर, बाहर हर जगह
समाज को अपनी सोच बदलना होगा
सम्मान महिलाओं का करना सीखना होगा
सुरक्षा उनकी करनी होगी
घर, बाहर, कार्यालय ,सुनसान सड़कों पर
जब लड़की सुरक्षित रहेगी
तभी तो बन सकेगी सच्चे अर्थों में शक्तिशाली नारी ।

## सागर और कविता

कविता में क्या चाहिए
लय चाहिए
संदेश चाहिए
पंक्तियों में उचित मेल चाहिए
और बातों में गहराई चाहिए
तो सागर की लहरों में एक श्रेष्ठ लय है
किनारे पड़ी बोतले एक श्रेष्ठ संदेश है
हर लहर का दुसरी लहर से एक उचित मेल है
और इनकी बातें तो गहराई से ही निकलती है
फिर तो बेशक ये लहरें कविता ही कहती हैं
किनारों पर खड़े जोड़ो को श्रृंगार रस
पर्यावरणीय ज्ञानी को करुण रस
और ना जाने कितनों को रौद्र रस
का पान कराती हैं
एक ही पंक्ति में इतनी विविधता
बेशक तुम अच्छे शायर हो
पर पहले तुम यह बतलाओ
तुम किस से ठोकर खाए हो।

-प्रभुनाथ शुक्ला

## नादानी



हेमंत सुराना

मान सम्मान हम भूल चुके है,
क्यों यह नादानी कर बैठे है
नादानी की हद तो देखो,
शब्दों से ही रुला बैठे है
हँसते हुए चेहरों के आंगन में,
उदासी के बादल ला बैठे है
आदेशों को बंदिशें कह कर,
खता हम कर बैठे है
बुजुर्गों से बहस में उलझकर,
बेबुनियाद इल्जाम लगाए बैठे है
परम्पराओ को इन्कार कर,
कलह कर बैठे है
खामोशियों को कमजोरी कह कर,
चुप्पी पर सवाल कर बैठे है
अपनों को खो जाने के बाद,
उसे हम नादानी कह बैठे है,
उसे हम नादानी कह बैठे है।

## तुम जैसी हो वैसी ही रहो



प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

सौंदर्य, सामंजस्य,सहनशीलता की प्रतीक नारी
तुम जैसी हो वैसी ही रहो
मत बदलो जमाने की तौर - तरीको में,
मत बदलो अपनी पुरानी पहचान को,
दुनिया की बदलती तस्वीरों से ।
मत खोना अपनी अस्मिता को,
झूठे आडंबरों की होड़ में ।
माना कि ये बिंदी, सिंदूर,मंगलसूत्र,
पुरानी मानसिकता,पुरानी सोच है,
जकड़ती हैं ये दासता की बेड़ियों में,
असमानता का बोध कराती हैं,
बदल दो पुरानी रीत को,
आगे बढ़ो,कंधे- से- कंधा मिलाकर पुरुषों के,
बदलो ! पर मत बदलो अपनी गरिमा को,
शुचिता, शालीनता को,
बन जाओ कुछ भी, छू लो,
आसमान की ऊंचाईयों को
पर धरा - सी कोमल रहो,
हे ! नारी तुम जैसी हो वैसी ही रहो।

## रंग जरुरी है



रेणुका अग्रवाल

जीवन में रंग जरुरी है।
अपनों का संग जरुरी है।
तन्हा क्या ख़ुशी मनाओगे,
आज हुड़दंग ज़रूरी है।
चलो आसमान की ओर चलो,
ऊपर से रंग बिखराते हैं।
हरी भरी धरती के ऊपर,
आज रंगोली सजाते हैं।
होली मशहूर बरसाने की।
राधा के आने जाने की।
ये अलौकिक प्रेम संदेशा है,
जनम जनम प्रीत निभाने की।
रंगों का त्योहार है।
रंगों की बौछार है।
भूलो आज रंज ग़म सारे ,
ग़र जिंदगी से प्यार है।
फागुन का महीना है।
मौसम भी सुहाना है।
डाल डाल पर फूल खिले है।
मिलने का बहाना है।
होली ख़ूब मशहूर है।
भांग का सुरुर है।
बेधडक नाचे गाएँ,
समझ नशे में चूर है।
हुल्लड़ मचाती आई होली,
हुड़दंग में मसरूफ़ है।
देखी जो राह में गौरी,
रंग लगाने को मजबूर है।
मिलना-जुलना प्यार है।
साथ दोस्त औऱ यार है।
लो आशीष बड़ों का सब ,
छोटों का बेड़ा पार है।

## कैसी है मेरी मज़बूरी



चेतना प्रकाश
चितेरी, प्रयागराज

हम अपनों से दूर हुए
कैसी है मेरी मज़बूरी ?
जिस माँ ने जनम दिया
वह माँ आज है अकेली ।
उसके प्यार के लिए हम भाई आपस में लड़ जाते थे ,
हम दोनों को झगड़ते देख
माँ कहती -तुम दोनों मेरे राम लखन हो
संस्कार दिया है हमने
श्रवण कुमार बनकर माता - पिता की सेवा करना ,
हम अपनों से दूर हुए कैसी है मेरी मज़बूरी ?
पिता देखें मेरे आने की राह कोई पूछे मेरे बारे में,
हँसकर कह देते - परिवार में है ख़ुशहाल
मुझे अब क्या चाहिए ?
मेरे बच्चे सब खुश रहें
हमसे दूर होकर भी देते हैं दुआ
कहाँ गई मेरे घर की रौनक़ ?
चंद रुपयों के लिए मैं सिमट कर रह गया
हम अपनों से दूर हुए कैसी है मेरी मज़बूरी ?
थका हुआ - सा जब घर आता
मंदिर में भगवान को न पाता हूँ उदास मैं हो जाता
काश! मुझे भी ! कोई समझ लेता मैं क्या चाहता हूँ ?
छोड़ के मैं न आता ,साथ उन्हें भी लाता
सोचता हूँ कभी - कभी पति , पिता , दामाद
बनकर मै रह गया , सबसे से नाता तोड़
कैसा रिश्ता जोड़ लिया ?
सबके रहते हुए भी , मैं अकेला रह गया
हम अपनों से दूर हुए कैसी है मेरी मज़बूरी।।

## रिश्तों की डोर



सरिता शर्मा
बैंगलोर

रिश्तों की डोर या अपनेपन का छोर,
कुछ भी हो बड़ा मधुर सा लगता है,
दिल में जुगनुओं सा जगता है।
एक अडिग सा विश्वास,
पार तर जाने की आस,
अंधियारे में चिराग,
उजियारे में अनुराग,
मख़मली सी सहलाती धूप,
पंखुड़ी सा नाजुक, कोमल रूप,
रिश्तों की डोर या अपनेपन का छोर
कुछ भी हो बड़ा प्यारा सा नाता है,
चेहरे पर सुकून सी मुस्कान सा भाता है।
तपिश में शीत लहर सी,
रेगिस्तान में नहर सी,
बादल को हवा का सहारा,
मोज़ो को इत्मीनान का किनारा,
वादियों में ख़ुशनुमा समाँ,
ठंडी हवाओं में झुकता आसमाँ,
रिश्तों की डोर या अपनेपन का छोर,
जो भी हो उसमें फ़िज़ाएँ बरक़रार हैं,
देखो उस पार बस बहार ही बहार है !

## तितली, तितली

तितली, तितली
तु कितनी है रेग बिरंगी
तु कितनी है पतली
तु कितनी है प्यारी
फिर भी तू है हवा में उड़ती
फूलों पर है घूमती
बिगीचा में है दिखाई देती
फूलों का है स्वाद लेती
और मस्त है रहती
किसी से न है तुझे डर
किसी से न है तुझे परवा
किसी से न है तुझे सहायता
किसी से न है तुझे दर्द
तितली, तितली।।

-सोपान काशीनाथ, सिकंदराबाद

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

स्वतंत्र वार्ता साप्ताहिकी
हैदराबाद, निज़ामाबाद, विशाखापट्टणम
रविवार 5, मार्च 2023


# होली पर कहीं नकली मावा तो नहीं खरीद रहें

## गैंगस्टर ने 3 करोड़ का नकली मावा बेच डाला, अब प्रॉपर्टी होगी जब्त, फेस पाउडर, चूना, चॉक मिला मावा पहुंचा देगा हॉस्पिटल

होली के त्योहार के आसपास नकली मावा बनाने और बेचने का गोरखधंधा फलने-फूलने लगता है। जैसे ही मावे की डिमांड बढ़ती है, इसमें मिलावट की खबरें आने लगती हैं। मिलावट करने वाले अपना काम इतनी सफाई से करते हैं कि इसका पता ही नहीं चल पाता। मावे में मिलावट से क्या-क्या नुकसान हो सकता है, मिलावट की पहचान कैसे करें और मिलावट वाले सामान से कैसे बचें। जानते हैं मावा के एक्सपर्ट डॉ. अरुण सिंह, गैस्ट्रोलॉजिस्ट बंसल और धर्मेंद्र नुनईयां, फूड सेफ्टी ऑफिसर, भोपाल से।


2 फरवरी की घटना है। आगरा में नकली मावा बेचने वाले गैंग्स्टर पप्पू कुशवाह की 3 करोड़ 30 लाख की संपत्ति प्रॉपर्टी को कुर्क कर लिया गया। गैंगस्टर ने ये पूरी संपत्ति नकली मावा बेचकर कमाई थी।

नकली मावा यानी खोया में खराब क्वालिटी का मिल्क पाउडर, टेलकम पाउडर, चूना, चॉक और सफेद केमिकल्स मिलाएं जाते हैं। इसके अलावा नकली मावा बनाने के लिए दूध में यूरिया, डिटर्जेंट पाउडर और वनस्पति घी यानी डालडा मिलाया जाता है। कई लोग मावे में शकरकंद, सिंघाड़े का आटा, मैदा या आलू भी मिलाते हैं। इसके अलावा आजकल दूध का फैट कंटेंट निकालकर उसकी जगह खराब क्वालिटी का तेल मिला दिया जाता है।

इसलिए मावा खरीदते समय हाथों से दबाकर मावे का टेक्सचर चैक करें। अगर मावा नरम है तो वो फ्रेश और असली है। मावे को मसलने पर अगर घी की खुशबू आ रही है तो वो असली है। मावा खाकर देखें। असली मावा मुंह में घुल जाएगा और नकली मुंह में चिपकता है। हल्का ब्राउन मावा ठीक होता है। बिल्कुल सफेद या क्रीमी मावा नकली हो सकता है।

नकली मावा यदि खाने पर मुंह में चिपक रहा है, मतलब नकली है। खाने पर खारापन महसूस हो तो समझ लें उसमें कास्टिक सोडा मिलाया गया है। जरा भी मिलावट होने पर उसकी लोइयां फटने लगती हैं। चीनी मिलाकर गर्म करने पर नकली मावा पानी छोड़ता है। मिलावट वाले मावे को पानी में घुलने में टाइम लगता है। नकली मावे से बचने के लिए आप घर पर दूध से मावा बना सकते हैं। इसके अलावा कई ऐसी मिठाईयां बना सकते हैं जिसमें मावे का इस्तेमाल नहीं होता। जैसे नारियल की बर्फी, लौकी की बर्फी, पेठे की मिठाई और सूजी की मिठाई। साथ ही गुंझिया में मावे की फिलिंग की जगह ड्राय फ्रूट्स या खजूर की फिलिंग कर सकते हैं।

मिलावटी चीजों की शिकायत आप फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड ऑथारिटी ऑफ इंडिया यानी FSSAI के कानून के तहत कर सकते हैं। याद रखें कि इसके लिए आप डायरेक्ट मैजिस्ट्रेट के पास नहीं जा सकते है। पनीर के उदाहरण से ही इसे समझते हैं। अगर पनीर मिलावटी है तो उसके सैंपल को लेकर आपको फूड सेफ्टी अथॉरिटी के पास जाना होगा। वहां एक लिखित शिकायत दर्ज करवाएंगे कि ये जो पर्टिकुलर प्रोडक्ट हम रख रहे हैं आपके सामने उसकी जांच करवाई जाए, उसमें मिलावट है। अथॉरिटी उसे लैब भेजकर जांच




करवाएगी, जैसे ही रिपोर्ट आपके फेवर में आएगी, वारंट जारी हो जाएगा। हर शहर में एक फूड सेफ्टी डेजिगनेटेड ऑफिसर मौजूद है। उसका काम ही इंस्पेक्शन और जांच दोनों है। देश के सभी राज्यों के फूड सेफ्टी डेजिगनेटेड ऑफिसर की जानकारी के लिए FSSAI की ऑफिशियल आईडी के हेल्पडेस्क पर क्लिक करें।

खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिलावटी सामान बेचने वाले दुकानदारों पर जुर्माने का प्रावधान है। उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। अगर किसी ने मिलावटी खाने की कोई चीज खा ली है तो उसके लिए नॉन बेलेबल वारंट जारी होगा। इसके बाद दोषी को 6 महीने से 3 साल की जेल होगी। लेकिन इसके लिए वो खाने की चीज लैब में टेस्ट की जाएगी और मिलावट साबित होने पर सजा निश्चित है। दूसरी ओर अगर मिलावटी चीज किसी ने नहीं खाई है तो बेलेबल वारंट दोषी के खिलाफ जारी होगा। त्योहारों में लोग पनीर की सब्जी, खीर भी अक्सर बनाते हैं, इन चीजों में भी मिलावट देखी जा रही है। अब इनके बीच असली और नकली के पहचान का तरीका बता रहे हैं ये भी याद रखें।

**पनीर शुद्ध है या नहीं चेक करें ऐसे**

पनीर को हाथों से मसलकर देखें। मिलावटी पनीर का चूरा बन जाएगा, क्योंकि यह पाउडर मिल्क से बनता है। प्योर पनीर के साथ ऐसा नहीं होगा। पनीर को थोड़ी देर के लिए गर्म पानी में उबालें। इस पानी में सोयाबीन का आटा या अरहर दाल का पाउडर डालें। इसके बाद नकली पनीर का रंग लाल होने लगेगा। पानी में पनीर को उबालकर ठंडा कर लें। फिर इसमें टिंचर आयोडीन की कुछ ड्रॉप डाल दें। अगर पनीर का रंग नीला हो जाए, तो पनीर में मिलावट है।

**घी असली है या नकली**

हथेलियों पर थोड़ा सा घी रखकर अच्छे से रगड़ें। सात से आठ मिनट के बाद उसे सूंघकर देखें। अगर प्योर होगा, तो खुशबू आएगी। अगर नहीं तो समझें नकली है। तीन से चार चम्मच घी को धीमी आंच पर उबालें। एक उबाल के बाद इसे 24 घंटे के लिए अलग रख दें। इसके बाद भी उसकी खुशबू आए और वो दानेदार दिखें, तो समझिए असली है वरना नकली। एक ग्लास पानी में एक चम्मच घी डालें। घी पानी के ऊपर तैरने लगे, तो वह असली है और नीचे बैठ जाए, तो घी नकली हो सकता है।

दूध में मिलावट है कि नहीं पहचान करना आसान है दूध में पानी की मिलावट चेक करने के लिए अपनी उंगली की टिप पर दूध की एक बूंद लें। उसे बहने दें, अगर तेजी से बह गया, तो समझो ज्यादा पानी मिला हुआ है। दूध अगर रुका रहता है या फिर धीरे-धीरे बहता है, तो उसमें कम पानी या कोई पानी नहीं मिलाया गया। दूध में स्ट्रार्च अक्सर मिलाया जाता है। इसकी जांच करने के लिए एक चम्मच दूध लें। उसमें दो चम्मच नमक मिला दें। मिलावट होने पर वो नीला हो जाएगा। अगर असली होगा, तो दूध का रंग नहीं बदलेगा। आधा चम्मच दूध में सोयाबीन पाउडर मिलाएं। पांच मिनट के बाद, लिटमस पेपर को 30 सेकंड के लिए इसमें डुबोएं। अगर पेपर का रंग नीला हो जाए, तो मतलब दूध में यूरिया मिलाया है।

# ऐसी वाणी बोलिए... कि आपहु शीतल होय

यह ठीक है कि कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने देश के प्रधानमंत्री के नाम के साथ जानबूझकर ही सही, 'चर्चित गौतम अडानी' के नाम के साथ जोड़कर अनर्गल रूप में लिया, जो घोर निंदनीय है, लेकिन उनकी गिरफ्तारी का जो हाई वोल्टेज ड्रामा पेश किया गया, वह तो विपक्षी दल बैठे बिठाए आक्सीजन दे गया। अब विपक्षी ढूंढ-ढूंढ कर भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री की इस प्रकार की टिप्पणियों को सार्वजनिक करने में लग गए हैं जिसमें सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने विपक्षी दलों और उनके नेताओं पर की थी। क्या इस हाई वोल्टेज ड्रामा का मतलब सत्तारूढ़ दल द्वारा एक ऐसा आतंक विपक्षी दलों के नेताओं मन में पैदा करना था, जिससे उनमें डर पैदा हो और भविष्य में कोई ऐसा बोलने की हिमाकत न कर सके। भला हो सुप्रीम कोर्ट का, जिन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता को अंतरिम जमानत दे दी, जिससे उन्हें कांग्रेस के रायपुर में आयोजित 85वें सम्मेलन में हिस्सा लेने का अवसर मिल सका। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद पवन खेड़ा कहते हैं कि 'मुझे गैर कानूनी तरीके से विमान से उतारकर गिरफ्तार किया गया। बिना एफआईआर की कॉपी और नोटिस मेरी गिरफ्तारी हुई। मुझे न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है, जिसने आज मेरी रक्षा की।'

पवन खेड़ा ने पत्रकार वार्ता में कहा था कि हिंडनबर्ग-अडानी मामले पर जेपीसी गठन करने में 'नरेंद्र गौतमदास मोदी को समस्या क्या है? बाद में कहा- क्षमा करें, नरेंद्र दामोदरदास मोदी।' पवन खेड़ा की गिरफ्तारी और सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए अंतरिम जमानत के बाद सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के उत्तर प्रदेश में एक सार्वजनिक मंच से दिए गए उस भाषण को वायरल किया जा रहा है, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी के लिए कहा था, 'आपके पिता को आपके रागदरबारियों ने 'मिस्टर क्लीन' बना दिया था। गाजे-बाजे के साथ 'मिस्टर क्लीन, मिस्टर क्लीन' चला था, लेकिन देखते-ही-देखते भ्रष्टाचारी नंबर वन के रूप में उनका जीवनकाल समाप्त हो गया।'

दरअसल, प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी उस बोफोर्स घोटाले के संदर्भ में की गई थी जिसमें राजीव गांधी का नाम घसीटा जरूर गया था, लेकिन बाद में न सिर्फ उनका नाम उस चार्जशीट से हटाया गया और उन्हें क्लीन चिट दी गई, बल्कि एक वर्ष पहले जब सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दोबारा उस मामले को खोलने की अनुमति मांगी, तो सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को यह कहते हुए अनुमति नहीं दी कि उसे इस मामले की याद अचानक 13 वर्ष बाद कैसे आई!

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत कहती हैं कि जब प्रधानमंत्री हमारी चुनी हुई अध्यक्ष को कांग्रेस की विधवा, जर्सी गाय, हमारे लीडर को हाईब्रीड बछड़ा, ब्याहता को पचास करोड़ की गर्लफ्रेंड कहते हैं, तो हमें भी पीड़ा होती है। प. बंगाल के चुनाव में वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री 'दीदी ओ दीदी' कहते हैं, तो यह उनकी गरिमा के अनुकूल नहीं है और यह भारतीय नारी का अपमान भी है।

ठीक पवन खेड़ा की तरह गुजरात के कांग्रेस विधायक और दलित नेता जिग्नेश मेवाणी को असम पुलिस ने पालनपुर सर्किट हाउस से पिछले वर्ष रात लगभग 11:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। उन्हें असम ले जाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ट्वीट में आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मेवाणी के खिलाफ असम पुलिस ने केस दर्ज किया था। मेवानी ने अपने ट्वीट में कहा था, 'गोडसे को अपना आराध्य मानने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 तारीख से गुजरात दौरे पर हैं।

उनसे अपील है कि गुजरात में हिम्मतनगर, खंभात, वेरावल में जो कौमी हादसे हुए हैं, उसके खिलाफ शांति और अमन की अपील करें। महात्मा मंदिर के निर्माता से इतनी उम्मीद तो बनती है।' यहां इसका उल्लेख करना आवश्यक है कि राजनीतिक गलियारे में इस गिरफ्तारी को सियासत से जोड़कर देखा जा रहा है। जिग्नेश मेवानी, गुजरात कांग्रेस (अब निर्दलीय) के बड़े चेहरों में से एक हैं और खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाते रहे हैं।

जानकारों का कहना है कि कानून का सम्मान तो हर किसी को करना होगा। अगर किसी शख्स ने विधिसम्मत काम नहीं किया हो, तो उसके खिलाफ राजनीतिक कार्रवाई होती है। लेकिन, जब मामला किसी राजनीतिक शख्सियत से जुड़ा हो तो कई तरह के सवाल भी उठ खड़े होते हैं। आज यही चर्चा कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की हवाई जहाज से उतारकर की गई गिरफ्तारी को लेकर देशभर में कांग्रेस द्वारा माहौल को गरमाया जा रहा है। पवन खेड़ा के विरुद्ध लखनऊ, वाराणसी और असम के हफलोंग थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 153बी, 500, 504 शामिल हैं। भाजपा प्रवक्ता ने पवन खेड़ा की गिरफ्तारी पर कहा है कि देश का कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है और कांग्रेस द्वारा हवाईअड्डे पर धरना देना यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ करने जैसा है।

पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के बाद से ही सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा सरकार ने पवन खेड़ा को परेशान करने की कोशिश की। मैं सुप्रीम कोर्ट के आदेश से खुश हूं, यह उनके मुंह पर करारा तमाचा है। मैं भाजपा के इस कृत्य की निंदा करता हूं। संसद में भी हमें मुद्दे उठाने से रोका गया। वे बोलने की आजादी खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। लोकतंत्र खतरे में है।' कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि 'क्या भारत बनाना रिपब्लिक बन गया है।'

**खड़गे बोले- लोकतंत्र को मोदी सरकार ने हिटलरशाही बना दिया**

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा को कोसते हुए कहा कि यह इसी तरह से काम करती है, क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी को कानून, संविधान और लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। खड़गे ने ट्वीट किया कि विपक्ष संसद में मुद्दे उठाए तो नोटिस दिया जाता है। महाधिवेशन के पहले छत्तीसगढ़ के हमारे नेताओं पर ईडी की छापेमारी कराई जाती है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा को विमान से उतारकर गिरफ्तार किया गया। भारत के लोकतंत्र को मोदी सरकार ने हिटलरशाही बना दिया। हम इस तानाशाही की घोर निंदा करते हैं।'

जिस पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू को आज सत्तापक्ष पानी पी-पीकर कोसते हैं, उन्हीं नेहरू के प्रति भाजपा सर्वश्रेष्ठ कद्दावर नेता स्व. अटल बिहारी बाजपेई के मन में कितना सम्मान था, इसका उदाहरण यहां देना आवश्यक है। वर्ष 1977 में जब अटल बिहारी बाजपेई विदेश मंत्री बने तो कार्यभार ग्रहण करने के लिए साउथ ब्लॉक अपने दफ्तर पहुंचे तो उन्होंने गौर किया कि वहां लगी नेहरू की तस्वीर गायब थी। उन्होंने तुरंत अपने सेक्रेटरी से इस बारे में पूछा, तो उन्हें बताया गया कि कुछ अधिकारियों ने जानबूझकर पं. नेहरू की तस्वीर को वहां से हटा दिया है; क्योंकि पं. नेहरू विरोधी दल के नेता थे, लेकिन बाजपेई जी ने कहा कि उस तस्वीर को वहां फिर से लगा दिया जाए। पहले तो प्रायः कांग्रेस, भाजपा द्वारा लगाए आरोपों को सुनकर चुप रह जाती थी, लेकिन अब राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की अपार सफलता के बाद से एक प्रकार से वह नींद से जगकर मुखर हो गई है। अब ऐसा लगने लगा है कि जैसे उसे यह एहसास हो गया है कि उसकी चुप्पी और आपसी तालमेल की कमी के कारण कहीं भाजपा का यह नारा सच न हो जाए जिसमें उनका कहना था कि देश में कांग्रेस लगभग समाप्त हो गई है।

# त्रिपुरा में लेफ्ट ने खोई विपक्ष की भी हैसियत

## 2018 में सत्ता गई, 2023 में विपक्ष नहीं, महाराज ने छीना रुतबा

त्रिपुरा की सबसे नई-नवेली राजनीतिक पार्टी टिपरा मोथा के चीफ प्रद्युत किशोर मानिक देब बर्मा जितने खुश लगते हैं उतने ही बेफिक्र भी। वे कहते हैं कि मैं जानता हूं कि मैं सच के रास्ते पर था। मुझे जो करना था किया। बाकी सब कुछ ईश्वर और बैलेट बॉक्स पर छोड़ दिया। मैं उन चीजों को क्यों कंट्रोल करने की कोशिश करूं जो मेरे हाथ में नहीं हैं। वहां के शाही परिवार से आने वाले प्रद्युत किशोर को ये खुशी और बेफिक्री 2 मार्च को आए चुनाव नतीजों ने दी है। दो साल पहले बनी उनकी पार्टी अब त्रिपुरा में मुख्य विपक्षी दल है। पार्टी पहली बार चुनाव लड़ी, 42 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, जिनमें से 13 को जीत मिली।

चुनाव से पहले माना जा रहा था कि टिपरा मोथा सरकार चला रही बीजेपी को नुकसान पहुंचा सकती है। इसका फायदा कांग्रेस और CPI(M) को मिलता, पर हुआ इसका उल्टा। बीजेपी को सिर्फ 3 सीटों का नुकसान है, वहीं CPI(M) से मुख्य विपक्षी दल का दर्जा छिन गया। उसे टिपरा मोथा से 2 कम यानी 11 सीटें मिली हैं। 2018 में CPI(M) ने 16 सीटें जीती थीं।

नतीजों में बीजेपी और कांग्रेस के लिए कुछ नया नहीं, लेकिन टिपरा मोथा का सीधे विपक्ष की हैसियत में आना लेफ्ट के लिए ध्वस्त होने जैसा है। त्रिपुरा CPI(M) का गढ़ रहा है, उसके पास वजूद के नाम पर विपक्षी दल का स्टेटस था, वह भी टिपरा मोथा ने छीन लिया।

टिपरा मोथा के चीफ प्रद्युत किशोर मानिक देब बर्मा रैलियों और जनसभाओं में बताते रहे कि बीजेपी ने उनसे हाथ मिलाने के लिए दबाव डाला, लेकिन वह बिकने वाले लोगों में नहीं हैं। उन्होंने पूरे चुनाव के दौरान अपना मुकाबला बीजेपी से बताया। कांग्रेस को लेकर उन्होंने राहुल और प्रियंका गांधी से अच्छे रिश्ते तक की बात कही। लेफ्ट के खिलाफ कोई बयान नहीं आया। जब नतीजे आए तो नुकसान बीजेपी से ज्यादा लेफ्ट को पहुंचा। आदिवासियों के बीच में टिपरा मोथा की पकड़ थी। वह कुछ सीटें जीतेगी, यह तय था। पर 13 सीटें जीतकर लेफ्ट को विपक्ष की हैसियत से बेदखल कर देगी, यह अंदाजा लगाना मुश्किल था। वह भी तब जब कांग्रेस उसके साथ थी।'

लेफ्ट ने इस चुनाव में पूरी ताकत लगा दी थी। आदिवासी नेता जितेंद्र चौधरी को सीएम उम्मीदवार बनाया, पर वह उतनी सीटें भी नहीं ला पाए, जितनी पिछली बार थीं। इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि कितनी सीटों का अंतर है। फर्क इस बात से पड़ता है कि आप पद में प्रमोट हुए या डिमोट।'

उम्मीद से बिल्कुल उलट 2 मार्च को नतीजे आने के बाद और अगले दिन भी प्रद्युत ने कोई राजनीतिक कमेंट नहीं किया। न उन्होंने जनता का शुक्रिया अदा किया और न




ही जीत पर ट्वीट। शायद वे जताना चाहते थे कि उन्हें जीत-हार से कोई फर्क नहीं पड़ता। उनसे पूछा कि आप राज्य की दूसरी बड़ी पार्टी और मुख्य विपक्षी दल हैं। यह बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि पार्टी बिल्कुल नई है। ट्विटर पर न जनता को शुक्रिया और न कोई जश्न की झलक। तब बेफिक्र अंदाज में उनका जवाब मिला, ' मैं अपना ट्विटर हैंडल खुद हैंडल करता हूं। कोई टीम नहीं है। मैं पूरे दिन व्यस्त था। प्रद्युत देब बर्मा बताया 'जज्बात में घुली मांग पुरानी नहीं होती। मुझे उन्हीं लोगों ने चुनकर भेजा है, जिनके लिए मैंने मांग की है। मैं ग्रेटर त्रिपरालैंड की मांग असेंबली में भी उठाऊंगा।'

प्रद्युत किशोर देब बर्मा का अंदाज पूरे चुनाव में छाया रहा। वे लाइमलाइट में तब आए, जब गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें दिल्ली बुलाया और त्रिपुरा में मिलकर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया। दरअसल प्रद्युत त्रिपुरा में आदिवासियों के लिए अलग ग्रेटर त्रिपरालैंड की मांग कर रहे हैं। इस बार उन्होंने लिखित में बीजेपी से इसका वादा मांग लिया था। बीजेपी तैयार नहीं हुई तो उन्होंने साथ आने से इनकार कर दिया। इससे भी आगे उन्होंने टिपरा मोथा के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

वोटों की गिनती वाले दिन उन्होंने 12 बजकर 48 मिनट पर कुछ नए म्यूजिशियन्स की फोटो के साथ एक ट्वीट किया, म्यूजिशियन्स के साथ शाम बिताना, यह महसूस करने का बिल्कुल सटीक तरीका है कि अपनी आत्मा के साथ सच्चा रहना पॉलिटिकल लाइमलाइट में रहने से ज्यादा महत्वपूर्ण है।'

यह 'बुबाग्रा' बिकाऊ नहीं

त्रिपुरा के राजवंश से ताल्लुक रखने वाले प्रद्युत का स्टाइल चर्चा में रहता है। डार्क चश्मा और अब कुर्ता-पैजामा। सोशल मीडिया पर वे विरोधियों को चुनौती देते रहते हैं। वे यह भी कहते रहे कि जीत हार तो लगी रहेगी, लेकिन मैं अपने लोगों के लिए हमेशा लड़ता रहूंगा। त्रिपुरा की स्थानीय भाषा में राजा को नाते बुबाग्रा कहा जाता है। वह जनसभाओं में कहते रहे, 'ये बुबाग्रा केवल आपका है, कभी नहीं बिकेगा।'

5 फरवरी 2021 को प्रद्युत ने अपने सामाजिक संगठन को राजनीतिक पार्टी में बदलने की घोषणा की थी। उसी साल ट्राइबल ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट कांउसिल के चुनाव में टिपरा मोथा खड़ी हुई और बहुमत हासिल किया। महज दो साल में पार्टी विधानसभा चुनाव में खड़ी हुई और विपक्ष का दर्जा हासिल किया।

बीजेपी ने पिछली बार के मुकाबले इस बार 4 सीटें खोईं, लेकिन 32 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। लेफ्ट ने इस बार 11 सीटें जीतीं, पिछली बार उसे 16 सीटें मिली थीं। बीजेपी की सहयोगी पार्टी IPFT इस बार महज एक सीट जीत पाई। पिछली बार उसकी 8 सीटें थीं। कांग्रेस ने इस बार 3 सीटें जीतीं, पिछली बार वह एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

प्रद्युत देब बर्मा अपना सोशल मीडिया अकाउंट खुद हैंडल करते हैं। उनके करीबी बताते हैं कि उन्होंने पॉलिटिकल इमेज मेकिंग के लिए भी कोई टीम हायर नहीं की है। फिर भी वह सोशल मीडिया पर छाए रहे। एक पत्रकार ने उन्हें किंग मेकर और महाराज कहकर पुकारा तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'आजकल किंग की तरह कपड़े केवल जादूगर पीसी सरकार पहनता है।' एक और पत्रकार ने पूछा, आपको क्या कहूं प्रद्युत या महाराज, तो उनका जवाब था, 'महाराज तो खाना बनाने वाले को भी कहते हैं। प्रद्युत भाषण देते हुए कभी फिल्म 'दीवार' के अमिताभ बच्चन के अंदाज में नजर आए, तो कभी फिल्मी अंदाज में डायलॉग सुनाते दिखे। चुनाव में उतरने से पहले सभाओं में कहा, 'जीतेगा तो जीतेगा। हारेगा तो हारेगा, लेकिन एक लास्ट फाइट करके रहेगा।' यह वीडियो काफी वायरल भी हुआ।

दीवार के अमिताभ की तरह उनका एक और भाषण वायरल हुआ, 'उनके पास पैसा है, नेता है, दिल्ली से बड़ा-बड़ा नेता आता है...लेकिन हमारे पास ऊपर वाला है, गॉड है....।'

शाही परिवार से होने के बावजूद प्रद्युत लोगों से चुनाव के लिए फंड मांगने से भी नहीं झिझके। प्रद्युत ने बकायदा बैंक अकाउंट की डिटेल लोगों से सोशल मीडिया पर शेयर की। कभी 6 साल की एक बच्ची अपना पिगी बैंक लिए उनके पास पहुंची, तो कभी किसी राजघराने से जुड़ी महिला ने उनके बैंक अकाउंट में पैसा डाला।

एक रैली के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने प्रद्युत को लेफ्ट और कांग्रेस की बी टीम कहा, तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। कहा, 'मैं देश के होम मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि यह मानिक्य परिवार किसी के सामने झुकता नहीं है। यह किसी की बी टीम नहीं है। आपने मेरे दादा वीर विक्रम का नाम लिया तो आपको समझना चाहिए कि वीर विक्रम सिंह का पोता झुकेगा नहीं।

# कांग्रेस के संदेश पर लोग कैसे करें भरोसा

महाधिवेशन में सोनिया गांधी ने संकेत दिया कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगी। एक तरह से उन्होंने अपने संन्यास का एलान कर दिया। यानी कांग्रेस में आगे जो भी होगा, वह राहुल की मर्जी से होगा। कांग्रेस के प्रथम परिवार ने इस दौरान एक गलती भी की है। महाधिवेशन ठेठ हिंदीभाषी इलाके छत्तीसगढ़ में हुआ, लेकिन सोनिया ने अपना भाषण अंग्रेजी में दिया। इससे यह सवाल उठा कि क्या गांधी-नेहरू परिवार की राजनीतिक समझ इतनी सीमित हो गई है कि वह हालात और वक्त को नहीं समझ रहा? या फिर उनके सलाहकारों को राजनीतिक नजाकत की समझ नहीं है? कांग्रेस महाधिवेशन के बहाने सोनिया देश को सीधे संबोधित कर सकती थीं, लेकिन वह मौका चूक गईं। इस बीच, राहुल गांधी ने इटली के एक अखबार को दिए इंटरव्यू में आरोप लगाया कि मोदी के दबाव में मीडिया उनकी खबरें तक नहीं दिखाता, उनका बयान तक नहीं छापता। इस आरोप की कलई इस महाधिवेशन की हुई धुआंधार मीडिया रिपोर्टिंग ने खोल दी। जिस तरह विशेषकर टीवी पर कार्यक्रम की रिपोर्टिंग हुई, साफ है कि कांग्रेस का महत्व मीडिया की नजर में कम नहीं हुआ है। महाधिवेशन में कांग्रेस ने अपने मिनी घोषणापत्र में कहा कि तीसरे मोर्चे की अवधारणा और गठन, चुनावों में बीजेपी के लिए फायदेमंद साबित होगा। मतलब साफ है कि समूचा विपक्ष उसकी छतरी के नीचे आ खड़ा हो। बिहार के पूर्णिया की रैली में नीतीश कुमार ने इस विचार का एक तरह से समर्थन भी कर दिया। लेकिन अभी शरद पवार, ममता बनर्जी और के चंद्रशेखर राव जैसे नेताओं की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यानी कांग्रेस की चुनावी छतरी के नीचे आने को लेकर विपक्षी धड़े में अब भी उलझन है।

कांग्रेस के संदेशों पर कांग्रेसजन भरोसा कर सकते हैं, लेकिन महाधिवेशन में जिस तरह पार्टी के पहले परिवार का वर्चस्व एक बार फिर साबित हुआ है, उससे बीजेपी के लिए उस पर परिवारवाद का आरोप लगाने का और मौका मिलेगा। वैचारिक आधार पर भी पार्टी कोई ठोस संदेश नहीं दे पाई। शशि थरूर के भाषण से इसका संकेत भी मिला। ऐसे में कांग्रेस मोदी पर उनकी सादगी के बहाने जब भी तंज कसेगी, लोग उसे विश्वसनीय नहीं मानेंगे। चुनावी मैदान में उसका परिवारवाद उसकी राह में फिर बाधा बनकर खड़ा नजर आएगा। जनता के दिलों में जब भी उतरने की बात होगी, उसके सामने चुनौतियां होंगी। यानी कांग्रेस की राह बहुत मुश्किल है और महाधिवेशन से बहुत कुछ नहीं बदला है।





# होली जलने के 24 घंटे बाद खेला जाएगा रंग

## होलिका दहन के लिए 6-7 की दरमियानी रात 5.30 घंटे का मुहूर्त, धुलेंडी 8 को मनेगी

इस साल होलिका दहन 6 और 7 मार्च की दरमियानी रात में होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि पूर्णिमा तिथि इन दोनों दिन रहेगी। बनारस (उप्र) के काशी विश्वनाथ और उज्जैन (मप्र) के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिरों में 6-7 मार्च की दरमियानी रात 12.40 से सुबह 5.56 के बीच होलिका दहन होगा। मथुरा-वृंदावन में 7 मार्च की शाम होली जलेगी, लेकिन धुरेंडी यानी रंग खेलने का दिन पूरे देश में 8 मार्च ही होगा। मतलब देश के ज्यादातर राज्यों में होली जलने के 24 घंटे बाद ही रंग खेला जाएगा।

28 साल पहले 26 मार्च 1994 को ऐसा ही हुआ था। जब सिर्फ रात में कुछ ही घंटों के लिए होलिका दहन मुहूर्त था, क्योंकि उस साल भी पूर्णिमा तिथि दो दिन थी और सूर्यास्त के बाद शुरू होकर अगले दिन सूर्यास्त से पहले खत्म हो गई थी।

जानिए, होलिका दहन कब करें..

**सवाल: होलिका दहन की तिथि को लेकर मतभेद क्यों?**

जवाबः हर साल फाल्गुन महीने की पूर्णिमा पर होली जलती है और अगले दिन रंग लगाकर त्योहार मनाते हैं, लेकिन इस बार पूर्णिमा तिथि दो दिन तक रहेगी। इसलिए कन्फ्यूजन हुआ है। साथ ही अशुभ भद्रा काल भी रहेगा। इसी कारण किसी पंचांग में होलिका दहन 6 तो किसी में 7 मार्च को बताया है।

सवालः पूर्णिमा और भद्रा कब से कब तक रहेगी?

जवाबः पूर्णिमा 6 मार्च की शाम तकरीबन साढ़े 4 बजे शुरू होगी और 7 की शाम लगभग 6.10 तक रहेगी। साथ ही भद्रा 6 मार्च की शाम करीब 4:18



से 7 मार्च की सुबह सूर्योदय तक रहेगी। इसमें भद्रा का पुच्छ काल 6 और 7 मार्च की दरमियानी रात 12.40 से 2 बजे तक रहेगा।

**सवालः होलिका पूजन कब करें?**

जवाबः होली की पूजा पूर्णिमा तिथि में सूर्यास्त के समय करने का विधान है। इसलिए 6 मार्च की शाम, गोधुलि बेला में यानी शाम 6.24 से 6.48 के बीच ही होली पूजा करना शुभ रहेगा।

सवालः होलिका दहन कब करें?

जवाबः होलिका दहन 6 और 7 मार्च के बीच की रात 12.40 से 2 बजे के बीच करना शुभ रहेगा, क्योंकि 7 मार्च की शाम को पूर्णिमा तिथि 6.10 तक ही रहेगी। चूंकि होलिका दहन सूर्यास्त के बाद किया जाता है और इस दिन पूर्णिमा सूर्यास्त से पहले ही खत्म हो जाएगी।

**सवालः कहां, कब जलेगी होली?**

जवाबः राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, में 6 और 7 की दरमियानी रात को होली जलाई जाएगी। पंजाब, हरियाणा, रांची और उत्तर प्रदेश में 6 और 7 यानी दोनों दिन वहीं, गुजरात, दिल्ली, पटना और हिमाचल में 7 की शाम को होलिका दहन होगा। वहीं, देशभर में धुरेंडी यानी रंग वाली होली 8 मार्च को मनेगी।

**सवालः कैसे तय होता है होलिका दहन का मुहूर्त?**

जवाबः होलिका दहन का मुहूर्त तीन बातों से तय होता है। जिसमें पूर्णिमा तिथि और सूर्यास्त के बाद का समय जिसे प्रदोष काल कहते हैं। ये दोनों होना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाता है कि भद्रा काल न हो। अखिल भारतीय विद्वत परिषद और काशी विद्वत परिषद का कहना है कि बहुत ही कम ऐसा होता है जब ये तीनों योग एक साथ बने। इसलिए सबसे जरूरी बात पूर्णिमा तिथि में होलिका दहन होना चाहिए। पूर्णिमा के साथ भद्रा भी हो तो पूर्णिमा के रहते हुए पुच्छ काल में यानी भद्रा के आखिरी समय में होलिका दहन कर सकते हैं।

# होली पर जरूर करें इन चीज़ों का दान



होली 2023 में बुधवार, 8 मार्च, 2023 को मनाई जाएगी. होली पूरे देश में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला खास त्योहार है. यह हिंदू कैलेंडर के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है. इसे रंगों का त्योहार भी कहा जाता है. होली का त्यौहार सभी जगह बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है इस त्यौहार को सभी रंगो से मनाते है। ऐसे में सभी अपनी खुशियों को एक दूजे से बांटते है। इस दिन दान देना भी बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन यदि आप इन चीज़ो को दान करते है तो आपकी किस्मत चमक सकती है।

**कपड़ेः-**

**होली के दिन यदि आप किसी को कपड़े दान करते है तो आपकी किस्मत चमक सकती है तथा आपके घर में लक्ष्मी का निवास बना रहता है। कई बार लोग होली पर जो कपड़े पहनते है वो खराब हो जाने के कारण फेंक देते है किन्तु यदि आप चाहते तो उसे धोकर किसी गरीब को दान में दे सकते है इससे आपके घर में बरक्क्त होगी।**

**खानाः-**

**जब आप होली पर कई प्रकार के पकवान बनाते है तो उसे निर्धनों को दान करना चाहिए इससे भी आपकी किस्मत चमक सकती है गरीबो की दुआ जल्दी लगती है।**

**पैसेः-**

**होली के दिन सभी को थोड़े पैसे निर्धनों को दान देने चाहिए इससे भी घर में लक्ष्मी की वृद्धि होती है तथा घर में धन धान्य बढ़ता है।**

# होली पर इन देवी-देवताओं की करें आराधना, दूर होंगी दिक्कतें



**भगवान विष्णु की करें पूजाः** होलिका और प्रहलाद की कथा भगवान के नरसिंह अवतार से जुड़ी है। इसलिए होली के दिन भगवान विष्णु की पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है।होली के दिन श्री हरि विष्णु की आराधना करने से विशेष लाभ मिलता है।

**महादेव की करें आराधनाः** होली के दिन देवों के देव महादेव भगवान शिव की पूजा-अर्चना करना बहुत फलदायी होता है।देवाधिदेव महादेव की आराधना करने से कष्टों से मुक्ति मिलती है और घर में सुख समृद्धि आती है।

**श्री कृष्ण-राधा रानी को नवाएं शीशः** योगेश्वर श्री कृष्ण और राधा रानी से जुड़ा त्योहार है, सुख शांति समृद्धि के लिए होली के दिन प्रभु श्री कृष्ण और राधा रानी की पूजा करें।इस दिन श्री कृष्ण और राधा रानी की आराधना और उनको शीश नवाने से प्रभु खुश होते हैं और आशीर्वाद देते हैं।

**महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना करेंः** होली का दिन महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना के लिए विशेष होता है।इस दिन माता लक्ष्मी की आराधना करने से माता अपने भक्तों को सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं और उनके सारे दुःख दूर करती हैं।

**हनुमान जी का पूजन**-अर्चन करें : होली के दिन रुद्रावतार श्री हनुमान जी की पूजा करने से देहिक, देविक और भौतिक तापों से मुक्ति मिलती है।इस दिन हनुमान जी का पूजन-अर्चन करने से भक्तों के सारे दुःख दूर होते हैं और घर में सुख-सम्पन्नता का वास होता है।

# सास-बहू को एक साथ नहीं देखना चाहिए होलिका दहन



होलिका दहन के दूसरे दिन पूरे देश में होली खेली जाती है।जबकि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा की तिथि को मनाया जाता है। इस साल 6 मार्च को शाम के 4 बजकर 20 मिनट में फाल्गुन पूर्णिमा तिथि प्रवेश कर रही है और 7 मार्च को शाम के 6 बजकर 9 मिनट तक रहेगी।वहीं, कुछ लोगों के लिए होलिका दहन को देखना वर्जित रहता है।इसके अलावा होलिका दहन का ना सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिषी महत्व भी है। होलिका दहन कई लोगों की जिन्दगी में खुशियां लाती है, तो कई लोगों को होलिका दहन से दूर रहना चाहिए।आइए बैद्यनाथ धाम के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य से जानते हैं कि किन लोगों को होलिका दहन से दूरी बनाकर रहना चाहिए.

देवघर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित कन्हैयलाल मिश्रा ने न्यूज 18 लोकल को बताया कि जिस कन्या की नई शादी हुई है उसे होलिका दहन की जगह नहीं जाना चाहिए। साथ ही सास और बहू एक साथ होलिका दहन ना देखें। इससे उन दोनों के जीवन में नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके साथ ही गर्भवती महिला को भी होलिका दहन से परहेज करना चाहिए।साथ ही एक बच्चे वाले पिता भी होलिका दहन से दूर रहें, नहीं तो नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

इस रंग से करे परहेज

होलिका दहन के दिन कई रंग शुभ होते हैं, तो कई अशुभ भी माने जाते हैं।ज्योतिषाचार्य बताते है कि सफेद रंग छोड़ सभी रंग होलिका दहन में शुभ होंगे।होली में सफेद कपड़ा पहन कर ना जाएं।साथ ही दूध, खीर, बताशा आदि चीजें पूजन में ना चढ़ाये। ऐसे करने से नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**होलिका दहन का शुभ मुहूर्त**

इस साल होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 7 मार्च शाम 6 बजकर 24 मिनट से रात 8 बजकर 51 मिनट तक है। शुभ मुहूर्त में होलिका दहन कर लेना चाहिए।इस साल होलिका दहन के लिए आपको 2 घंटे 27 मिनट का समय मिलने वाला है।

# फाल्गुन महीने की पूर्णिमा दो दिन

**होलिका दहन 6-7 मार्च के बीच की रात में करें**
**व्रत और स्नान-दान के लिए 7 तारीख शुभ**

फाल्गुन महीने की पूर्णिमा 6 और 7 मार्च को है। लेकिन सोमवार की पूरी रात पूर्णिमा रहेगी और मंगलवार को दिनभर। इसलिए होलिका दहन 6 और 7 की दरमियानी रात होगा। वहीं, स्नान-दान, व्रत-पूजा के लिए 7 का पूरा दिन शुभ रहेगा। इस तिथि को धर्मग्रंथों में पर्व कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। तीर्थ या पवित्र नदियों में स्नान किया जाता है। इस दिन किए गए दान और उपवास से अक्षय फल मिलता है।

**फाल्गुन पूर्णिमाः वसंतोत्सव पर्व**

फाल्गुन महीने की पूर्णिमा तिथि वसंत ऋतु के दौरान आती है। इसलिए इसे वसंतोत्सव भी कहा जाता है। इस दिन होलिका दहन किया जाता है। कुछ पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन समुद्र मंथन से लक्ष्मीजी प्रकट हुई थीं। इसलिए देश की कुछ जगहों पर लक्ष्मी जी की विशेष पूजा की जाती है।

**चंद्रमा को अर्घ्य**

पूर्णिमा पर बन रहे सितारों के शुभ संयोग में चंद्रमा को अर्घ्य देने का विशेष महत्व रहेगा। फाल्गुन महीने की पूर्णिमा पर चंद्रमा की पूजा करने से रोग नाश होता है। इस त्योहार पर पानी में दूध मिलाकर चंद्रमा को अर्घ्य देना चाहिए। इसके बाद अबीर, गुलाल, चंदन, अक्षत, मौली, अष्टगंध, फूल और नैवेद्य चढ़ाकर चंद्रमा को धूप-दीप दर्शन करवाकर आरती करनी चाहिए। इस तरह से चंद्र पूजा करने से बीमारियां दूर होने लगती हैं।

**ज्योतिष में पूर्णिमा का महत्व**

सूर्य से चन्द्रमा का अन्तर जब 169 से 180 तक होता है, तब पूर्णिमा तिथि होती है। इसके स्वामी स्वयं चन्द्र देव ही हैं। पूर्णिमान्त काल में सूर्य और चन्द्र एकदम आमने-सामने होते हैं। यानी इन दोनों ग्रहों की स्थिति से समसप्तक योग बनता है। पूर्णिमा का विशेष नाम सौम्या है। यह पूर्णा तिथि है। यानी पूर्णिमा पर किए गए शुभ काम का पूरा फल प्राप्त होता है। ज्योतिष ग्रंथों में पूर्णिमा तिथि की दिशा वायव्य बताई गई है।

# पहली मुलाकात में ही किसी को भी अपना दीवाना बना सकती हैं इन 3 राशि की लड़कियां

वैदिक ज्योतिष अनुसार 12 राशियां और 27 नक्षत्रों का वर्णन मिलता है। साथ ही इन राशियों पर किसी न किसी ग्रह का आधिपत्य होता है। जिससे इन राशियों के लोगों का नेचर एक दूसरे से अलग होता है। साथ ही इनका व्यक्तित्व भी आपस में भिन्न होता है। यहां हम आपको ऐसी 3 राशियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनसे जुड़ी लड़कियों का आकर्षक व्यक्तित्व होता है। ये अधिकतर लड़कों की पहली पसंद मानी जाती हैं। इनका अंदाज कुछ अलग होता है जो किसी को भी इनका दीवाना बना देता है। आइए जानते हैं किस राशि की लड़कियां हैं...



**वृष राशि -** इस राशि की लड़कियों की आकर्षक पर्सनैलिटी होती है। ये लड़कियां दिमाग से तेज होती हैं। साथ ही इनके अंदर दूसरों से अलग टैलेंट होता है। ये ये दूरदर्शी होती हैं। समय से पहले ही किसी भी चीज को भांप लेती हैं। इनके अंदर आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं होती। साथ ही ये थोड़ी खर्चीली स्वभाव की होती हैं और ये लग्जरी लाइफ जीना पसंद करती हैं। ये जिस महफिल में जाती हैं, लोग इनकी तरफ खीचें चले आते हैं। वृष राशि पर भौतिक सुख और ऐश्वर्य के जाता शुक्र ग्रह का आधिपत्य होता है। जो इनको ये खूबी प्रदान करते हैं।

**मिथुन राशि -** इस राशि की लड़कियों के अंदर गजब का आकर्षण होता है। साथ ही ये बुद्धिमान और तार्किक बुद्धि की होती हैं। इनके बातचीत करने की स्टाइल काफी अगल होती है। जिससे लोग इनके दीवाने हो जाते हैं। ये दिमाग से बिजनेस माइंडेड भी होती हैं। साथ ही ये कार्यक्षेत्र में अपने जीवनसाथी की भी खूब मदद करती हैं। इनका का सेंस ऑफ ह्यूमर काफी अच्छा माना जाता है। इनका स्वभाव काफी केयरिंग होता है जिससे कोई भी इनकी तरफ खींचा चला आता है।

**वृश्चिक राशि -** इस राशि की लड़कियां काफी स्मार्ट और होनहार होती हैं। ये व्यवहारिक थोड़ी कम होती हैं। लेकिन ये साहसी और निडर होती हैं और हाजिर जबावी भी होती हैं। सामने वाला अगर कुछ बोलता है, तो ये उसका तुरंत उत्तर देती हैं। ये किसी की भी चालाकी काफी जल्दी पकड़ लेती हैं।

# डेजी शाह हुईं ट्रोलर्स का शिकार

## इवेंट में पंहुचते ही टूटी एक्ट्रेस की सैंडल, यूजर्स बोले- इतनी महंगी चीजें बेइज्जती ही करवाती हैं




एक्ट्रेस डेजी शाह को हाल ही में एक इवेंट में स्पॉट किया गया। इस दौरान वो काफी ज्यादा परेशान नजर आईं। दरअसल इवेंट में पहुंचते ही डेजी की चप्पल टूट गई और इस वजह से वो बीच रास्ते में बैठ गईं। इस दौरान पैपराजी ने उन्हें कैप्चर कर लिया, जिसमें वो सीढ़ियों पर बैठकर उसे ठीक करती हुई नजर आ रही हैं।


इस वीडियो में एक फोटोग्राफर डेजी से कहता है, 'कोई बात नहीं, मैडम आराम से। आपकी गाड़ी आगे चली गई।' इस पर डेजी कहती हैं- 'आएगा वो लेकर वापस।' फिर आगे जा कर डेजी जूते पहन कर पैप्स को पोज देते हुए कहती हैं, 'नीचे मेरी हील टूट गई थी।' हालांकि, कुछ ही देर में डेजी की कार आ गई और वो उसमें बैठकर निकल जाती हैं।

लेकिन डेजी के इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। जहां एक यूजर ने लिखा, 'इतनी महंगी चप्पल लेने का क्या मतलब है। 100 रुपए का लो, एक साल चलेगी।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, 'सस्ती चीजें ही अच्छी होती हैं। इतनी महंगी चीजें बेज्जती ही करवाती हैं।' वहीं कुछ लोग डेजी की सिंपलीसिटी की तारीफ कर रहे हैं। उनका कहना है कि डेजी में कोई घमंड नहीं है। उनकी सादगी देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।

डेजी शाह 2014 में सलमान खान के साथ 'जय हो' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ तबू, पुलकित सम्राट, महेश मांजरेकर जैसे कई सेलेब्स थे। 'जय हो' के अलावा डेजी 'हेट स्टोरी 3' और 'रेस 3' में नजर आ चुकी हैं। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं, लेकिन एक्ट्रेस को बॉलीवुड में पहचान हासिल हो गई।

# 'अब दिल्ली दूर नहीं' में साधारण गांव का लड़का कैसे बन जाता है आईएएस

**विलियम शेक्सपियर** ने ठीक ही कहा था कि हमारी नियति तय करने की क्षमता सितारों में नहीं बल्कि खुद में है। कमल चंद्रा की नई फिल्म 'अब दिल्ली दूर नहीं' इसी विचार को स्थापित करती है। यह फिल्म जिंदगी में सफलता और असफलता की कहानी की पड़ताल करती है और इसका जरिया बनता है बिहार के गांव का एक सरल और भोला-भाला लड़का। यही लड़का आगे चलकर आईएएस परीक्षा में टॉप करता है। ये फिल्म रियल लाइफ पर बेस्ड है।




**बिहार के बैकग्राउंड पर बेस्ड है फिल्म**

अब दिल्ली दूर नहीं' एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है। रिलीज के लिए तैयार इस फिल्म की कहानी में गहराई है। बिहार के एक छोटे-से शहर का लड़का अभय शुक्ला बनने के सपने को संजोए दिल्ली पहुंचता है। अभय एक ऐसे परिवार से आता है, जो मुश्किलों से जूझ रहा है। अभय का लक्ष्य है आईएएस परीक्षा में शामिल होना और कामयाबी हासिल करना, लेकिन वो ये काम खुद के लिए नहीं, बल्कि परिवार को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए करता है।

अभय की राह मुश्किलों से भरी हुई हैं। उसका सामना चुनौतीपूर्ण सामाजिक मानदंडों से होता है। वह राजनीतिक से लेकर सांस्कृतिक विडंबनाओं को फेस करता है। ये फिल्म अभय के आईएएस बनने के लिए संघर्ष और उसके सामने आई चुनौतियों पर आधारित सटीक कहानी है।

फिल्म के एक्टर इमरान जाहिद कमाल के कलाकार हैं। वे द लास्ट सैल्यूट जैसे प्रतिष्ठित नाटक में काम कर चुके हैं। ये नाटक इराकी पत्रकार मुंतधर अल-जैदी की किताब 'द लास्ट सैल्यूट टू प्रेसिडेंट बुश'पर आधारित है। इसके साथ ही जाहिद ने महेश भट्ट की फिल्म अर्थ, डैडी और हमारी अधूरी कहानी पर बेस्ड कई नाटकों में भी काम किया है।

फिल्म अब दिल्ली दूर नहीं में इमरान जाहिद ने अभय शुक्ला के चरित्र और कहानी को जीवंत बना दिया है। खास बात ये है कि जाहिद भी बिहार से आते हैं। इसी वजह से ऐसा मालूम पड़ता है कि चरित्र को निभाते हुए वे उसी में रच-बस गए हैं। किरदार को लेकर उनमें गहरी समझ दिखती है और वे एकदम नेचुरल लगती है।

**रियल लाइफ पर बेस्ड है फिल्म**

दरअसल, फिल्म 'अब दिल्ली दूर नहीं' एक रिक्शा चालक के बेटे 'गोविंद जायसवाल' की कहानी पर बेस्ड है। गोविंद का 2007 में सिविल सेवा में सिलेक्शन हुआ था और वे आईएएस अधिकारी बने। किरदार को निभाने के लिए जाहिद ने गोविंद जायसवाल से भी मुलाकात की और उन्हें करीब से समझा।

फिल्म के राइटर दिनेश गौतम कहते हैं कि ऐसे दौर में जब सुपरहीरो की खूब तारीफ होती है और एक आम इंसान को नजरअंदाज कर दिया जाता है, यह कहानी बताती है कि किस तरह से एक साधारण से गांव का लड़का पूरे समाज को चौंका जाता है। वह समाज की सोच को ही बदल देता है, वह साबित करता है कि कैसे विफलता और अपमान से भरी जिंदगी अगर पर्याप्त खुराक मिले तो शिखर हासिल कर सकती है।

फिल्म में समानांतर रूप से एक लव स्टोरी चलती है। अभय की गर्लफ्रेंड के किरदार में एक्ट्रेस श्रुति सोढ़ी ने शानदार काम किया है। फिल्म में वो एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही एक पंजाबी लड़की की भूमिका में हैं। श्रुति ने जनवरी 2015 में रिलीज तेलुगु फिल्म 'पटास' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी और अब तक 'हैप्पी गो लकी','मिस्टर एंड मिसेज 420','वैशाखी लिस्ट' और 'दिल विल प्यार व्यार' जैसी पंजाबी फिल्मों में काम किया है।

**कैदियों ने डिजाइन किया फिल्म का कॉस्ट्यूम**

फिल्म की अधिकांश शूटिंग दिल्ली के मुखर्जी नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय, कमला नगर, राजेंद्र नगर, कनॉट प्लेस, तिहाड़ जेल और गोविंदपुरी पुलिस स्टेशन जैसी जगहों पर की गई है. फिल्म के कुछ हिस्सों को नोएडा में भी शूट किया गया है। खास बात ये भी है कि फिल्म का कॉस्ट्यूम तिहाड़ जेल के कैदियों ने डिजाइनर विंकी सिंह की देखरेख में तैयार की है। फिल्म 12 मई 2023 को थिएटर्स में रिलीज होगी।

# एक हिट फिल्म के लिए अरसे से तरस रहे ये बॉलीवुड सितारे

फिल्मों में एक्टिंग करना एक बड़ी बात होती है, लेकिन उससे भी बड़ी चीज लोगों के दिलों में जगह बनानी होती है। बॉलीवुड के कई स्टार्स काफी समय से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में भी दी हैं। आज हम आपको बॉलीवुड के ऐसे एक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो काफी समय से सोलो हिट के लिए तरस रहे हैं।



### सनी देओल

सनी देओल बॉलीवुड के बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। उनके दमदार डायलॉग आज भी लोग के जेहन में ताजा हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि बीते आठ वर्षों से सनी ने एक भी हिट फिल्म नहीं दी है। उनकी आखिरी हिट फिल्म साल 2013 में आई यमला पगला दीवाना थी। बता दें कि सनी जल्द ही गदर 2 में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

### सैफ अली खान

फिल्म इंडस्ट्री में छोटे नवाब के नाम से मशहूर सैफ की एक्टिंग की हर कोई तारीफ करता है। अब तक उन्होंने कई फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी दिखाई है। हालांकि, हिट फिल्म देने के मामले में वह भी काफी पीछे हैं। 2013 में आई रेस 2 के बाद उन्होंने बतौर लीड एक्टर एक भी हिट फिल्म नहीं दी है।

### अर्जुन कपूर

बोनी कपूर के बेटे अर्जुन कपूर ने फिल्म इश्कजादे से अपनी शुरुआत की थी। फिल्म में उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। अर्जुन ने भी काफी समय से कोई हिट फिल्म नहीं दी है। अर्जुन ने साल 2016 में अपनी आखिरी हिट फिल्म दी थी। करीना कपूर के साथ उनकी फिल्म की एंड का सेमी हिट घोषित की गई थी।

### वरुण धवन

इस लिस्ट में वरुण धवन का नाम भी शामिल है। स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपनी शुरूआत करने वाले वरुण ने कम समय में लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है। हालांकि, बीते काफी समय से उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं। उनकी आखिरी दो फिल्में भेड़िया और जुग जुग जियो टिकट खिड़की पर औसत ही साबित हुई थीं।

# बॉलीवुड में फ्लॉप डेब्यू के बाद टॉलीवुड की राह चलीं मानुषी

**साल 2017 में मिस** वर्ल्ड का खिताब अपने नाम करने वाली मानुषी छिल्लर ने 2022 में अक्षय कुमार संग फिल्म सम्राट पृथ्वीराज से डेब्यू किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी। हफ्तेभर के अंदर ही सम्राट पृथ्वीराज ने दम तोड़ दिया था। बॉलीवुड में फ्लॉप होने के बाद अब मानुषी छिल्लर ने टॉलीवुड की राह पकड़ ली है। वरुण तेज अभिनीत फिल्म वीटी 13 में मानुषी छिल्लर भी अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है।

**इस भूमिका में दिखेंगी मानुषी**

सोनी पिक्चर फिल्म इंडिया ने हाल ही में एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने मानुषी छिल्लर की कास्टिंग का एलान किया है। यह फिल्म तेलुगू और हिंदी में रिलीज होगी, जिसकी शूटिंग आज से शुरू हो गई है। यह सच्ची घटनाओं पर आधारित एक एक्शन फिल्म है। इस फिल्म में वरुण तेज भारतीय सेना के पायलट की भूमिका में नजर आएंगे, वहीं मानुषी रडार ऑफिसर का रोल निभाएंगी।



**बदल सकता है फिल्म का नाम**

बता दें कि कुछ समय पहले इस फिल्म का एलान हो चुका था। फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह डायरेक्ट कर रहे हैं। फिलहाल इसका नाम वीटी 13 रखा गया है, लेकिन आखिरी टाइटल का खुलासा बाद में किया जाएगा। वीटी 13 के लेखक आमिर खान और सिद्धार्थ राजकुमार हैं। फिल्म का निर्माण सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स के संदीप मुड्डा कर रहे हैं।

**मानुषी का वर्कफ्रंट**

मानुषी छिल्लर के वर्कफ्रंट की बात करें तो साल 2022 में उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके अलावा वह जॉन अब्राहम के साथ तेहरान में भी नजर आने वाली हैं। मानुषी द ग्रेट इंडियन फैमिली फिल्म की भी शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। बॉलीवुड में तो मानुषी के डेब्यू फेल रहा अब देखना होगा कि वह टॉलीवुड में क्या कमाल करती हैं।

# किआरा आडवाणी से अथिया शेट्टी तक, शादी के बाद पहली होली मनाएंगे ये बॉलीवुड कपल्स



**इस साल होली** का त्योहार देशभर में 8 मार्च को मनाया जाएगा. आम लोग हों या फिर फिल्मी जगत के सितारे सभी इस त्योहार को सेलिब्रेट करते हैं और प्यार के रंग में रंगे नजर आते हैं. इस साल कई स्टार्स शादी के बंधन में बंधे. अपने लाइफ पार्टनर के साथ यह उनकी पहली होली होगी, इसलिए इसका सेलिब्रेशन भी खास हो जाता है. इन सबके बीच बता दें कि साल 2022 और 2023 में कई सितारे शादी के बंधन में भी बंधे हैं. ऐसे में कई सेलेब्स कपल इस साल पहली होली भी मनाएंगे और अपने स्पेशल वन को प्यार का रंग लगाएंगे. चलिए जानते हैं इस लिस्ट में कौन-कौन स्टार्स कपल शामिल हैं.

**आलिया भट्ट – रणबीर कपूर**

बॉलीवुड की फेवरेट जोड़ियों में से एक आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी के बाद इस साल पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल 14 अप्रैल, 2022 को सात फेरे लिए थे. इस साल की होली उनकी बेटी राहा के लिए भी पहली है, तो इससे लगता है कि कपूर परिवार में जबरदस्त सेलिब्रेशन होने वाला है.

**सिद्धार्थ मल्होत्रा-कियारा आडवाणी**

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने इस साल 7 फरवरी 2023 को जैसलमेर के सूर्यगढ़ किले में रॉयल वेडिंग की थी. इस न्यूली वेड कपल की भी पहली होली है. ऐसे में सिड और कियारा इस बार एक दूसरे को जमकर होली के रंग में रंगने वाले हैं.

**अथिया शेट्टी-केएल राहुल**

सुनील शेट्टी की बेटी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और क्रिकेटर केएल राहुल ने भी इस साल सात फेरे लिए हैं. इस रोमांटिक कपल की भी शादी के बाद पहली होली है. अपनी पहली होली को लेकर अथिया शेट्टी और केएल राहुल भी बेहद एक्साइटेड हैं. ऐसे में दोनों को एक दूसरे को रंग लगाते देखना दिलचस्प होगा.

**हंसिका मोटवानी-सोहेल कथूरिया**

टीवी से लेकर बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री तक पहचान बना चुकीं एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने 4 दिसबंर, 2022 को सोहेल कथूरिया के साथ शादी रचाई थी. दोनों की इस शाही शादी में कई सेलेब्स शामिल हुए थे. शादी के बाद हंसिका मोटवानी की ससुराल में पहली होली होगी.

**नयनतारा -विग्नेश शिवन**

साउथ की सुपरहिट एक्ट्रेस नयनतारा ने विग्नेश शिवन के साथ बीते साल 9 जून को शादी रचाई थी. इस साल शादी के बाद नयनतारा और विग्नेश शिवन की पहली होली होगी। दोनों इस बार होली अपने जुड़वां बच्चों के साथ मनाएंगे. नयनतारा के बच्चों का जन्म सेरोगेसी से हुआ है.

**परितोष त्रिपाठी-मीनाक्षी**

बॉलीवुड और टीवी का जाने माने फेस एक्टर परितोष त्रिपाठी ने पिछले साल के आखिरी में मीनाक्षी को अपना जीवनसाथी बनाया. 10 दिसंबर, 2022 को दोनों की शादी हुई. परितोष त्रिपाठी को आप 'लूडो' फिल्म में देख चुके हैं. दोनों की यह पहली होली होने जा रही है.

**ऋचा चड्ढा-अली फजल**

4 अक्टूबर, 2022 को अली फजल और ऋचा चड्ढा ने शादी कर ली थी. दोनों की यह पहली होली है, जिसे खास बनाने की तैयारियां चल रही हैं. इन दोनों की होली का इंतजार फैंस को भी बेसब्री से है.


अथिया शेट्टी-केएल राहुल
नयनतारा -विग्नेश शिवन
हंसिका मोटवानी-सोहेल कथूरिया

# मनोज बाजपेयी ने नेपोटिज्म को बताया बेकार की बहस, बोले- उसका पैसा है, जो करना चाहता है करे



**बॉलीवुड में अक्सर** नेपोटिज्म का मुद्दा उठता रहता है। हर कोई इस मामले पर अपनी अलग राय रखता नजर आता है। इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद पर लोग शुरुआत से ही दो धड़ों में बंटे हुए हैं। एक तरफ लोग इसे एक गैर-जरूरी बहस बताते हैं तो कुछ लोग आए दिन स्टारकिड्स पर निशाना साधते नजर आते हैं। अब हाल ही में अभिनेता मनोज बाजपेयी ने भाई-भतीजावाद पर टिप्पणी की है। उन्होंने इंडस्ट्री में इसे एक बेवजह की बहस करार दिया है।

**बताया नेपोटिज्म का मतलब**

हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान मनोज बाजपेयी ने कहा, 'अधिकतर नेपोटिज्म का मतलब कनेक्शन्स और रिलेशनशिप से होता है। अगर आप किसी के साथ अच्छा महसूस करते हैं, तो आप उनके साथ ज्यादा काम करना चाहेंगे। अगर वे मेरी जगह किसी तायाजी के लड़के को लेने जा रहे हैं फिल्म में तो लें...उसका पैसा है, जो करना चाहता है करे।'

**'सिर्फ एक इंडस्ट्री से मांग ठीक नहीं'**

मनोज बाजपेयी का कहना है कि समस्या फिल्म को दिखाए जाने में है, जो एक्जिबिटर्स होते हैं, वह भेदभाव करते हैं। जब उसको 100 स्क्रीन्स दे रहे हैं, तो कम से कम मुझे 25 तो दो...उसी को दे दोगे तो मेरा क्या? जो जितना पावरफुल होता है, वह अपनी पावर का व्हील उतना घुमाता रहता है। फेयरनेस की डिमांड सिर्फ एक ही इंडस्ट्री से करना ठीक नहीं।'

वर्क फ्रंट की बात करें तो मनोज बायपेयी इन दिनों फिल्म 'गुलमोहर' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म आज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। राहुल वी चिटेला के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शर्मिला टैगोर भी नजर आई हैं। इनके अलावा सिमरन , सूरज शर्मा , कावेरी सेठ , उत्सवी झा , जतिन गोस्वामी , चंदन रॉय और अमोल पालेकर जैसे सितारे भी अहम रोल में हैं।



## रूस से आ रहा सस्ता तेल:फिर भी देश में नहीं घटीं पेट्रोल-डीजल की कीमतें, 10 महीनों से दाम स्थिर

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार से जिस औसत भाव पर कच्चा तेल खरीदता है, उसके मुकाबले रूस से आया क्रूड बीते साल जून में 16 डॉलर सस्ता रहा। ये अंतर 1,310 रुपए प्रति बैरल है। बीते साल अप्रैल से इस साल मार्च के लिए ये औसत अंतर 7 डॉलर यानी 573 रुपए प्रति बैरल से ज्यादा है। बीते महीने भारत ने अपनी जरूरत का लगभग 39 फीसदी कच्चे तेल का आयात रूस से किया। इसके बावजूद करीब 10 महीनों से पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर हैं। आइए सझते हैं कि ऐसा क्यों है... इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम पेट्रोल और डीजल के दाम दुनियाभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों के हिसाब तय करती हैं, न कि क्रूड के दाम के आधार पर। यूरोप जैसे बाजारों में ये ईंधन काफी महंगे हो गए हैं, लिहाजा भारत में इनके दाम ऊंचे हैं। सरकारी ऑयल रिफाइनिंग कंपनियां रूसी तेल के आयात से बचत का इस्तेमाल घाटा पाटने में कर रही हैं। इन कंपनियों का दावा है कि, सरकार की तरफ से तय भाव पर रसोई गैस जैसे प्रोडक्ट बेचने के चलते उन्हें नुकसान हो रहा है। लागत से कम दाम पर रसोई गैस बेचने से कंपनियों हो रहे नुकसान के लिए सरकार ने इस साल सिर्फ 22,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी है। कंपनियों का दावा है कि वास्तविक नुकसान इसके दोगुना से भी ज्यादा है। इसकी भरपाई उन्हें खुद करनी पड़ रही है।1 मार्च को 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ गए थे। दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई।

# पीएम मोदी ने की बिल गेट्स के साथ मुलाकात

## माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक ने जमकर की भारत की तारीफ

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की है। इसके बाद बिल गेट्स ने बताया कि पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र, जलवायु परिवर्तन, भारत की जी20 अध्यक्षता और कई जरूरी मुद्दों पर बातचीत हुई है। अपने आधिकारिक ब्लॉग गेट नोट्स पर इस मीटिंग के बाद भारत की तारीफ करते हुए बिल गेट्स ने कहा कि भारत ने कोरोना महामारी के दौरान सस्ते और सुरक्षित टीकों का निर्माण करके दुनियाभर में करोड़ों लोगों की जान बचाने में मदद की है। इसमें बहुत से टीके गेट्स फाउंडेशन की मदद से दुनियाभर में बांटे गए हैं।

इसके साथ ही बिल गेट्स ने भारत के वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि न सिर्फ इंडिया ने सस्ते और सुरक्षित टीके बनाने में अहम भूमिका निभाई बल्कि इसे देशभर में प्रभावी तरीके से बांटा भी है। इसके लिए भारत में Co-WIN डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी निर्माण किया गया जिसके जरिए देशभर में 220 करोड़ से ज्यादा कोविड वैक्सीन के डोज को लोगों तक पहुंचाने में मदद मिली है। लोग ऐप के जरिए घर बैठे अपने वैक्सीन को शिड्यूल करने में सक्षम हुए हैं। इसके साथ ही उन्हें इस ऐप से डिजिटल सर्टिफिकेट भी आसानी से प्राप्त हुआ है।



**भारत में डिजिट पेमेंट के क्षेत्र में किया शानदार काम**

इसके साथ ही बिल गेट्स ने अपने ब्लॉग में लिखा कि भारत ने कोरोना महामारी के दौरान डिजिटल पेमेंट में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में 30 करोड़ से ज्यादा लोगों के खाते में सरकार ने पैसे ट्रांसफर किए है। इसमें से 20 करोड़ महिला लाभार्थी थी। इसके साथ ही भारत का डिजिटल आईडी आधार कार्ड ने देश की विकास की गति को और आगे बढ़ाया है। इसने डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**भारत की जी20 अध्यक्षता पर कही यह बात**

बिल गेट्स ने यह भी कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता बाकी देशों के लिए एक सुनहरा मौका है कि वह देश के डिजिटल पेमेंट, डिजिटल आईडी (आधार) जैसी चीजों को बेहतर ढंग से सीख सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह भारत में स्वास्थ्य, विकास और जलवायु परिवर्तन के मामले में पहले से कहीं अधिक आशावादी हैं। देश आगे भी इसी तरह तरक्की की राह पर चलता रहेगा और दुनिया को नई तकनीक के बारे में जानकारी देता रहेगा।

## सेवा क्षेत्र में वृद्धि की रफ्तार 12 साल के उच्च स्तर पर अनुकूल मांग और नए कारोबारी सौदों से मिला समर्थन

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। देश की सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी, 2023 में 12 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। मांग के लिए अनुकूल हालात और नए कारोबारी सौदों से सेवा क्षेत्र में बढ़त रही। इससे एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक फरवरी में बढ़कर 59.4 पर पहुंच गया। जनवरी में यह 57.2 रहा था। सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) लगातार 19वें महीने 50 से ऊपर रहा है। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा संकुचन दिखाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में संयुक्त निदेशक (अर्थशास्त्र) पॉलियाना डी लीमा ने कहा, सेवा क्षेत्र ने जनवरी में खोई अपनी वृद्धि की रफ्तार को फिर से हासिल कर लिया है। अनुकूल मांग और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के दम पर उत्पादन में 12 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई को सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों के बीच किए गए सर्वे के आधार पर तैयार किया जाता है। लागत के दबाव में कमीः लीमा ने कहा, फरवरी में इनपुट लागत बढ़ने की रफ्तार ढाई साल में सबसे कम रहीं।

## आंध्र प्रदेश में रिलायंस करेगी 40,000 करोड़ का मोटा निवेश, डिजिटल नेटवर्क पर होगा काम

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन व एमडी मुकेश अंबानी आंध्र प्रदेश में 40,000 करोड़ रुपये का भारी भरकम निवेश करने जा रहे है। मुकेश अंबानी ने कहा कि 40 हजार करोड़ के निवेश से हम राज्य में सबसे बड़ा और सर्वश्रेष्ठ डिजिटल नेटवर्क फुटप्रिंट तैयार करेंगे। अंबानी बीते दिन आंध्र प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में शामिल हुए है। आंध प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी की मौजूदगी में मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के रिटेल कारोबार ने राज्य में 20,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार दिए हैं।

उन्होंने कहा कि रिलायंस रिटेल ने राज्य के 6,000 जिलों में 1.2 लाख से अधिक किराना दुकानदारों के साथ पार्टनरशिप की है। उन्होंने कहा कि रिलायंस रिटेल प्रदेश के एग्रीकल्चर, एग्रो प्रोडक्ट्स और विनिर्मित उत्पादों को देश भर में बिक्री के लिए पहुंचाने का काम कर रही है। इससे किसानों और कारीगरों की कमाई बढ़ेगी, साथ ही 50,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के मौके भी पैदा होंगे। मुकेश अंबानी ने कहा कि, 40,000 करोड़ रुपये के निवेश से राज्य में सबसे बड़ा डिजिटल नेटवर्क फुटप्रिंट तैयार होगा। अभी हमारा 4-जी नेटवर्क आंध्र प्रदेश की 98 फीसदी आबादी तक पहुंच चुका है। और इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो राज्य के सबसे दूर-दराज इलाकों में रहते हैं। रिलायंस जियो 5जी का रोलआउट 2023 के खत्म होने से पहले पूरा हो जाएगा। जियो का 5जी आंध्र प्रदेश में डिजिटल क्रांति की एक नई लहर लेकर आया है, जिससे अर्थव्यवस्था के हर सेक्टर को लाभ मिलेगा। इससे आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए बड़े स्तर पर उद्योग और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



आंध प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई। एस जगन मोहन रेड्डी ने प्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए यह 2 दिवसीय समारोह आंध प्रदेश यूनिवर्सिटी के खेल मैदान में आयोजित किया है। इसमें मुकेश अंबानी के अलावा कई अन्य दिग्गज उद्योगपतियों ने शिरकत की। साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी समिट में शामिल हुए।

## 1 अप्रैल से सोना खरीदने के नियम में हो रहा बड़ा बदलाव

### अब बिना हॉलमार्क वाली ज्वैलरी नहीं होगी मान्य

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। अगर आप 31 मार्च के बाद सोना खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। 31 मार्च, 2023 के बाद बिना हॉलमार्क की ज्वैलरी मान्य नहीं होगी। दरअसल केंद्र सरकार ने सोने की ज्वैलरी खरीदने के नियम में बड़ा बदलाव किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जानकारी दी है कि 31 मार्च के बाद हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन के बिना कोई भी ज्वैलरी सोने के गहने नहीं बचे पाएगा।



**1 अप्रैल, 2023 से लागू हो जाएगा नियम**

उपभोक्ता मंत्रालय ने कहा कि यह फैसला 4 और 6 डिजिट हॉलमार्किंग की कंफ्यूजन को लेकर लिया गया है। नये नियम के मुताबिक अब 6 नंबर के अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग ही मान्य होंगे। इसके बिना अब सोने की ज्वैलरी बेचना मान्य नहीं होगा। इसके साथ ही मंत्रालय ने यह भी कहा है कि अब चार डिजिट वाले हॉलमार्क भी पूरी तरह से बंद हो जाएंगे। गौरतलब है कि देश में फेक ज्वैलरी की ब्रिकी को रोकने के लिए सरकार ने डेढ़ साल पहले ही प्रयास करने शुरू कर दिए थें। हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर ज्वलैरी की शुद्धता की पहचान होती है। यह एक 6 नंबर का अल्फान्यूमेरिक कोड होता है जिसके जरिए ग्राहकों को गोल्ड ज्वैलरी के बारे में सारी जानकारी मिल जाती है। इस कोड के जरिए धोखधड़ी के मामलों में बहुत कमी आती है। यह नंबर हर ज्वैलरी पर लगाया जाता है। ऐसे में अब दुकानदार 1 अप्रैल से बिना हॉलमार्क के ज्वैलरी नहीं बेच पाएंगे, वहीं ग्राहक पुरानी ज्वैलरी बिना हॉलमार्क के भी बेच पाएंगे। बता दें कि देशभर में कुल 1338 हॉलमार्किंग सेंटर है। बता दें कि देश के 85 फीसदी हिस्से में यह सेंटर मौजूद है और बाकी हिस्सों में और सेंटर्स बनाए जा रहे हैं।

## भारत के ये उद्योगपति हर साल करोड़ों की संपत्ति करते हैं दान!



नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। भारत में कई ऐसे बिजनेसमैन हैं तो अपनी कमाई का एक बड़ी हिस्सा परोपकार के कामों के लिए खर्च करते हैं। ऐसे में फोर्ब्स हर साल दुनियाभर के परोपकारियों की एक सूची जारी करता है। इसमें बड़ी संख्या में भारतीय उद्योगपतियों का नाम भी शामिल है। साल 2022 में कुल ऐसे 15 भरतीय रहे हैं जिन्होंने इस साल 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का दान दिया है। वहीं 20 ऐसे लोग हैं जिन्होंने साल 2022 में 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति दान में दी है। आज हम आपको देश के ऐसे उद्योगपतियों के बारे में बताने वाले हैं जो अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा दान कर देते हैं।देश के दिग्गज बिजनेसमैन और एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के फाउंडर शिव नादर देश के बड़े दानवीरों मे से एक हैं। वह हर साल करोड़ों की संपत्ति दाम में देते हैं। वह शिव नादर फाउंडेशन नाम की एक संस्था चलाते जो समाज के गरीब और वंचित तबके के लिए काम करती है। साल 2022 तक शिव नादर ने कुल 1,161 करोड़ रुपये दाम में दिए हैं। इस पैसों से शिक्षा के क्षेत्र में काम होता है। वह हर दिन करीब 3 करोड़ रुपये का दान देते हैं।रतन टाटा का नाम भारत के परोपकारियों की लिस्ट में आता है वह अपनी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा दाम में देते हैं। साल 1919 में 80 लाख रुपये से रतन टाटा ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। यह देश की सबसे पुरानी फाउंडेशन है जो हर साल बड़ी राशि दान में देती है।विप्रो के अजीम प्रेमजी का नाम भी भारत के सबसे बड़े दानवीरों में आता है। उन्होंने से साल 2022 में कुल 484 करोड़ रुपये का दान दिया था। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के जरिए अबतक कुल 1,737,47 करोड़ रुपये का दाम किया जा चुका है।रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का नाम भी परोपकारियों की लिस्ट में शामिल है। फोर्ब्स के मुताबिक साल 2022 में मुकेश अंबानी ने कुल 411 करोड़ रुपये का दान दिया था। इसमें ज्यादातर पैसे शिक्षा के लिए खर्च किए गए हैं।

## सरकार ने क्रूड पर बढ़ाया टैक्स

### एटीएफ और डीजल के टैक्स में की कटौती

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। सरकार ने एक तरफ देश की पेट्रोलियम कंपनियों को राहत दी है तो दूसरी तरफ झटका भी दिया है। सरकार ने आज से क्रूड, डीजल और एविएशन फ्यूल के विंडफॉल टैक्स में बदलाव किया है। एक तरफ सरकार ने क्रूड ऑयल के विंडफॉल टैक्स में बढ़ोतरी की है, वहीं डीजल और एयर टरबाइन फ्यूल के एक्सपोर्ट पर अतिरिक्त ड्यूटी में कटौती की है। क्रूड ऑयल के विंडफॉल टैक्स में मामूली बढ़त की गई है और यह 4,359 रुपये प्रति टन से बढ़कर 4,400 रुपये प्रति टन हो गया है। वहीं डीजल के एक्सपोर्ट ड्यूटी को 2।5 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 0।5 रुपये लीटर कर दिया गया है। वहीं एयर टरबाइन फ्यूल के एक्सपोर्ट पर लगने वाला टैक्स को खत्म कर दिया गया है। यह सभी टैक्स आज यानी 4 मार्च, 2022 से लागू हो चुके हैं। बता दें कि विंडफॉल टैक्स खासतौर पर ऐसी कंपनियों पर लगाया जाता है जो खासतौर की स्थिति के कारण मोटा मुनाफा कमाती हैं। सरकार ने यह टैक्स पहली बार केंद्र सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर विंडफॉल टैक्स लगाने का फैसला किया था। उस समय सरकार ने ऐलान किया था कि इस टैक्स को पेट्रोल के साथ-साथ डीजल, एटीएफ पर भी लगाया जाएगा। उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर 6 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया था। वहीं कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन पर 23,250 रुपये प्रति टन विंडफॉल प्रॉफिट टैक्स लगाया गया था।सोमवार को संसद में इस बारे में जानकारी देते हुए सरकार ने यह बताया कि स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी लगाने के बाद इस वित्त वर्ष में कुल 25,000 करोड़ रुपये की कमाई सरकार की हुई हबै। यह कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एयर टरबाइन फ्यूल के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स के जरिए हुई है।



## होंडा कार इंडिया ने भारतीय मार्केट में न्यू सिटी पेट्रोल और न्यू सिटी ई : एचईवी कारें लॉन्च की

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड , प्रेसिडेंट और एम्प; सीईओ ताकुया टी सुमुरा ने भारत में न्यू सिटी और न्यू सिटी ई:एचईवी कारें लॉन्च की। इस संदर्भ में, इस दौरान नई होंडा सिटी कारों के लॉन्च करते हुए होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड , प्रेसिडेंट और एम्प; सीईओ ताकुया टी सुमुरा ने कहा कि, ₹होंडा सिटी हमारे व्यापार का सबसे मजबूत स्तंभ रहा है तथा इसने भारत में मिड-साइज़ सेडान सेगमेंट और अपने 25 वर्षीय गौरव के दौरान अपार सफलता हासिल की है जिसमें वाणिज्यिक सूत्रों में इन अत्याधुनिक कारों की अधिक जानकारी देते हुए होंडा कारें इंडिया लि. प्रमुख अधिकारियों जैसे सबा खान, विवेक आनंद सिंह व धीरज राज ने कहा कि उक्त कारें जैसे न्यू सिटी ईएचवी जो अत्याधुनिक है तथा इन कारों को चलाने से ग्राहक सुरक्षित ड्राइविंग की अनुभूति करेगा इसमें लेशमात्र भी संदेह नही है। साथ ही बताया कि, होंडा कार्स इंडिया व्दारा भारत में न्यू सिटी और न्यू सिटी ई:एचईवी लॉन्च करने के फलस्वरूप यह सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव में क्रांति ला रहा है। होंडा कार इंडिया लिमिटेड, प्रीमियम कारों की अग्रणी निर्माता कंपनी है। इस अत्याधुनिक कार फोर व्हीलर व्हीकल में एडवांस ड्राइवर असिस्ट सिस्टम 'होंडा सेंसिंग' नया फ्रंट ग्रिल, नया डिजाइन किया गया फ्रंट और रियर बम्पर और एम्प; मिश्र धातु के पहिये एक प्रदान करते हैं। यह नई सिटी में बेहतर स्पोर्टी स्टाइल की व्हीकल है। इससे न्यू सिटी (पेट्रोल) में अत्याधुनिक होंडा सेंसिंग तकनीक की शुरुआत हुई है। यह व्हीकल जो ओब्सीडियन ब्लू पर्ल, होंडा के आकर्षक विशिष्ट रंग में एक नया संयोजन है। इसकी नई विशेषताओं में वायरलेस एंड्रायड आटो और एप्पल कारप्ले, वायरलेस चार्जर, रे सेंसिंग ऑटो वाइपर, पीएम 2.5 केबिन एयरफिल्टर की व्यवस्था शामिल है। उकत कारों के दाम 11 लाख से लेकर 15 लाख रुपये तक हैं। -इस मामले में यह भी बताया गया कि, जिनमें स्पोर्टी एक्सटीरियर स्टाइलिंग, सुरुचिपूर्ण आंतरिक संवर्द्धन और नई सुविधाओं की शुरूआत हुई है। जिसमें उन्नत सुरक्षा, कनेक्टिविटी और सुविधा सहित दोनों मॉडल बीएस-6 आरडीई तथा इ5 ईंधन और इ20 सामग्री संगत से लैस हैं। जिसमें स्पोर्टियर नए लुक और उन्नत सुरक्षा, कनेक्टिविटी नई सुविधाओं सहित हैं इसके फलस्वरुप हमें पूरा विश्वास है कि हमारे सम्मानित ग्राहक जो तेजी से इसके क्रय की प्राथमिकता दे रहे हैं एवं ग्राहकों की वाहन पसंद में सुरक्षा ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है।




## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर



| ग्रह स्थिति | | लग्नारभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- कुंभ | में | कुंभ - 05-28 | बजे |
| चंद्र- कर्क | में | मीन... 07-06 | बजे |
| मंगल वृष | में | मेष-- 08-42 | बजे |
| बुध- कुंभ | में | वृष-- 10-26 | बजे |
| गुरु- मीन | में | मिथुन..12-26 | बजे |
| शुक्र- मीन | में | कर्क... 14-39 | बजे |
| शनि- कुंभ | में | सिंह... 16-51 | बजे |
| राहु- मेष | में | कन्या.. 18-58 | बजे |
| केतु- तुला | में | तुला.. 21-04 | बजे |
| | | वृश्चिक. 23-15 | बजे |
| | | धनु..... 01-27 | बजे |
| | | मकर.. 03-34 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-उत्तरायणे
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु- बसंत दिशाशूल- पश्चिम • पान खाकर घर से निकले
तिथि- त्रयोदशी - **14 -07** उपरान्त चतुर्दशी
मास - फाल्गुन शुक्ल पक्ष , रविवार **Mar 05**
नक्षत्र -आश्लेषा - **21 -30** उपरान्त मघा
योग - अतिगण्ड **-20 - 20** - तक उप सुकर्मा
करण- तैतिल **-14 - 07** - तक उप- गर
विशेष:- सोमवार होलिका दहन
व्रत -त्योहार - प्रदोष काल मे

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:54 से 18:22 तक**

### श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | **06:35 - 08:02** | अशुभ | शुभ.. | **18:20 - 19:54** | शुभ |
| चंचल | **08:02 - 09:30** | शुभ | अमृत. | **19:54 - 21:25** | शुभ |
| लाभ | **09:30 - 10:59** | शुभ | चंचल. | **21:25 - 22:56** | शुभ |
| अमृत | **10:59 - 12:28** | शुभ | रोग. | **22:56 - 00:27** | अशुभ |
| काल. | **12:28 - 13:56** | अशुभ | काल. | **00:27 - 01:59** | अशुभ |
| शुभ. | **13:56 - 15:25** | शुभ | लाभ. | **01:59 - 03:30** | शुभ |
| रोग. | **15:25 - 16:54** | अशुभ | उत्पात | **03:30 - 05:01** | अशुभ |
| उत्पात | **16:54 - 18:20** | अशुभ | शुभ | **05:01 - 06:35** | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
कार्यस्थल पर कोई आपके खिलाफ चुपचाप काम कर रहा है लेकिन आज आपको इस बात का पक्का सबूत मिलने वाला है कि वह कौन है। लेकिन अभी इस आदमी से ना उलझें ,आपको केवल यह पता चल जाने से भी काफी मदद मिलेगी कि आपके खिलाफ कौन काम कर रहा है और आप अपने दुश्मनों को अपने रास्ते से हटाने में कामयाब रहेंगे।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आपका मूड बदलता रहेगा। आप खुद भी यह नही समझ पायेंगे कि आप ऐसा क्यों महसूस कर रहे हैं और इस स्थिति को कैसे बदलें ? आपके इस प्रकार के व्यवहार से दुसरे भी उलझन में रहेंगे। फिर भी,किसी भी स्थिति में इमानदार बनें रहें क्योंकि इसी से आपको अपने लक्ष्य पूरे करने में मदद मिलेगी। आज सब चीजों को हल्के में लें और खुद को बस निरीक्षक की भूमिका तक सीमित रखें।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, झ, के, को, हा,
आप पिछले कुछ दिनों से काफी व्यस्त दिनचर्या बिता रहे हैं। अब सारी चीजों को व्यवस्थित करने का समय है। आज आपको तुलनात्मक रूप से थोड़ी राहत मिलेगी,लेकिन आपको इस समय का उपयोग अपनी सब चीजों को व्यवस्थित करने में लगाना चाहिए। नही तो सब कुछ और अधिक उलझता जाएगा और आप स्थिति के नियंत्रण से बाहर होने के कारण और भी अधिक परेशान रहेंगे।

**कर्क** ही, हू ,हे, हो, डा , डी, डू, डे, डो,
कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। अगर आप अपनी नौकरी या करियर में कोई बदलाव लाने या कोई नया सम्बन्ध बनाने के बारे में सोच रहे हैं तो आज से अच्छा कोई भी दिन नही हो सकता। अगर आपको इसमें कोई जोखिम लगता भी है तो भी एक मौका जरुर लें और सब कुछ जैसे आप चाहते हैं,बिलकुल वैसे ही होने की पूरी संभावना है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपकी जीभ तेज है और मस्तिष्क तार्किक है लेकिन आपकी यह योग्यता आज आपकी असुरक्षित प्रवृति के कारण प्रभावित होगी। हमेशा की तरह बहाव का विरोध करने के स्थान पर उसके साथ चलें। आपको अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है जबकि अभिमान से आपको कुछ नही मिलेगा। बाद में आप अच्छा और आत्मविश्वास से भरा अनुभव करेंगे।

**कन्या** टो, पा, पी, पू ,ष, ण, ट, पे ,पो,
संचार कुशलता आपकी विशेषता है,आप किसी दोस्त या करीबी से आज कोई ऐसी बात बांटना चाहेंगे जो आप काफी लम्बे समय से सोच रहे हैं। आज अपने गुस्से और निराशा को बाहर निकलने दें। बात करते हुए कोई समाधान भी मिल सकता है ,लेकिन बातें दिल खोलकर करें। दिन के अंत में कोई चोंकाने वाली खबर मिल सकती है।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप उन बदलावों के बारे में सोच रहे हैं जो शायद आपके काम और आपकी सेहत के बीच संतुलन ला सकते हैं। आप अपने किसी करीबी दोस्त से इस सम्बन्ध में मेल करके समाधान पूछ सकते हैं। इन बदलावों से आपको आराम मिलेगा। आप अपने आप को फ़िलहाल सही आदमियों के साथ पायेंगे जो आपको आपके विभिन्न लक्ष्यों का उद्देश्य निर्धारित करने में मदद करेंगे।

**वृश्चिक** लो,ना,नी, ने,नू, या, यी ,यू,
आपके आसपास आपका ध्यान और समय बांटने वाली बहुत सी गतिविधियाँ चल रही है|छोटी-मोटी बातों पर समय व्यर्थ ना करें। एकाग्र रहें,तभी आपको मुक्त ऊर्जा का प्रवाह अनुभव हो पायेगा। अगर आपको यह मिल गया तो आपकी जिन्दगी बन जायेगी। घबराएं नहीं,ध्यान से समझकर समय रहते अवसर का लाभ उठायें। सफलता की कुंजी प्राथमिकताएं तय करने से मिलेगी।

**धनु** ये, यो,य, मी, मू धा ,फा, ढा, मे
आज का दिन बहुत व्यस्त रहेगा। बहुत सारे काम कतार में हैं। हालाँकि आप अपनी तरफ से उन सब कामों को निपटाने की पूरी कोशिश करेंगे फिर भी सम्भावना यही है कि सब काम पूरे नही हो पायेंगे और आपको इस कारण तनाव होगा। काम पूरे करने में और किसी की सहायता लेने से ना हिचकें,नही तो आप समय पर काम पूरा नहीं कर पायेंगे।

**मकर** मो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, ग, गी
आप उर्जा से भरे हैं और आशावादी सोच रखते हैं। कुछ दिन पहले तक जो भी चीजें बिलकुल व्यर्थ लग रही थी,आज उतनी नही दिखेंगी। आपके दृष्टिकोण की दृढ़ता और जीवनशक्ति से आपको इस स्थिति से निपटने में मदद मिलेगी। आज का दिन अपनी सोच,विचारों और इच्छाओं को खुलकर व्यक्त करने के लिए भी बहुत उपयुक्त है। सच्चे दिल से लक्ष्य प्राप्ति की कोशिश करें,आपको सफलता जरुर मिलेगी।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सि, सू, से, सो, द,
आप पिछले कुछ दिनों से कोई बड़ी योजना बना रहे हैं। वास्तव में आज आपको यह बात महसूस होगी कि आप क्या करने जा रहे हैं और इसका आप पर काफी प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब आपके पास पीछे हटने का विकल्प मौजूद नही है। आपको इसी दिशा में विशवास से आगे बढना होगा और आपको जल्दी ही यह भी अहसास हो जाएगा की जितना आपने सोचा था ,यह काम इससे कहीं मुश्किल है।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आप ऊर्जा से भरपूर हैं और काफी मेहनत करने के लिए तैयार भी हैं। आपकी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह ओरों को भी प्रभावित करेगा ,आपकी टीम को आपसे बेहतर काम करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। घर पर भी आज आप सामान्य से अधिक जिम्मेदारियां उठाएंगे। इससे आपके करीबियों को ख़ुशी होगी। आपको बस यह देखना है की यही स्थिति लगातार बनी रहे और आपको भी कोई परेशानी न हो।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

# होली पर जाना है घर, कंफर्म रिजर्वेशन की है टेंशन

## तत्काल बुक करते-करते नेटवर्क हुआ फेल, इस ट्रिक से मिलेगी टिकट

नई दिल्ली, 4 मार्च। (एक्सक्लूसिव डेस्क) होली पर घर जाने के लिए पहले छुट्टी नहीं मिल रही थी। सारे जुगाड़ के बाद अब आपको घर जाकर त्योहार मनाने की परमिशन मिल गई है। ऐसे में नई टेंशन कि टिकट कंफर्म कैसे बुक होगी।

तत्काल का ऑप्शन तो है लेकिन आपके जैसे बहुत सारे लोग होंगे जो इसे यूज करेंगे। फेस्टिव सीजन में टिकट की मारा-मारी की वजह से अक्सर वेबसाइट हैंग हो जाती है, तो कभी नेट और सर्वर की प्रॉब्लम हो जाती है।

आज जरूरत की खबर में जानेंगे कि कंफर्म तत्काल टिकट आसानी से बुक करने का तरीका क्या है। तत्काल के अलावा और क्या उपाय है कंफर्म टिकट बुक करने के लिए।

फेस्टिव सीजन पर स्पेशल ट्रेन चल रही हैं, जिनसे भी आप घर जा सकते हैं। अब सबसे पहले समझतें हैं कि ऑनलाइन कंफर्म टिकट बुक करने से पहले हमें किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

**नीचे लिखे टिप्स को फॉलो करें-**

इधर-उधर की फर्जी वेबसाइट से नहीं आईआरसीटीसी से टिकट बुक करें।

इंटरनेट कनेक्शन ठीक चल रहा है या नहीं, नेटवर्क इश्यू तो नहीं ये भी चेक कर लें।

क्विक पेमेंट मैथड यानी जल्दी पेमेंट करने वाला ऑप्शन सिलेक्ट करें। जैसे- यूपीआई या पे टीएम

जितनी टिकट की बुकिंग कर रहे हैं, उसके लिए बैंक अकाउंट में पर्याप्त बैलेंस होना चाहिए।

**फेस्टिव सीजन में तत्काल टिकट बुक करने में सबसे ज्यादा दिक्कत कब आती है**

ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक करते समय पैसेंजर की डिटेल भरने में इतना ज्यादा समय लग जाता है कि पूरा कोटा ही बुक हो जाता है। फिर टिकट नहीं मिल पाती है।

अगर आप अपनी डिटेल्स जल्दी भर भी लेते हैं, तो पेमेंट करने में काफी दिक्कत होती है। कार्ड की डिटेल डालने के बाद भी नेटवर्क का गोला गोल-गोल घूमता रह जाता है।

फिर क्या नजर हटी, दुर्घटना घटी। यहां पर दुर्घटना का मतलब है तत्काल का पूरा कोटा ही भर जाना।

अब ऑफलाइन तत्काल टिकट के लिए आपको अपना ऑफिस और बाकी सारा काम छोड़कर रेलवे काउंटर की एक लंबी लाइन में जल्दी से जल्दी लगना होगा। अगर इस लाइन में पीछे ही लगे रह गए तो टिकट नहीं मिल पाएगी।

**तत्काल टिकट बुक करने के क्या नियम हैं पढ़ लें**

तत्काल एसी टिकट की बुकिंग 10 बजे शुरू होती है।

नॉन एसी की टिकट बुकिंग 11 बजे से शुरू होती है।

आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप से टिकट बुक कर सकते हैं।

डायरेक्ट रेलवे काउंटर से भी टिकट बुक कर सकते हैं।

1 आईडी और आईपी एड्रेस से 2 टिकट ही बुक हो सकती हैं।

बुकिंग शुरू होने के आधे घंटे तक एजेंट बुकिंग नहीं करा सकते।

**ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक करने का तरीका**

सबसे पहले आईआरसीटीसी.काम.इन वेबसाइट या ऐप में जाकर अकाउंट क्रिएट करें।

इसके लिए ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर जरूरी है।

होम पेज पर यूजर नेम और पासवर्ड डालकर लॉग इन करें।

'प्लान माई जर्नी' पेज पर क्लिक करें।

तारीख और ट्रेन का सिलेक्शन करें।

टिकट की कैटेगरी चुनकर सबमिट करें।

ट्रेन की लिस्ट सामने आने के बाद तत्काल का कोटा सिलेक्ट करें।

**ट्रेन और उसका क्लास सिलेक्ट करें।**

आपको पता चल जाएगा कि सीट खाली है या नहीं।

सीट मिलने पर Book Now पर क्लिक करें।

अपना नाम, उम्र, लिंग और बर्थ टाइप करें।

अपना मोबाइल नंबर और वैरिफिकेशन कोड डालें।

Next बटन पर क्लिक करें।

आप कैसे पेमेंट करना चाहते हैं उसका चुनाव करें।

**पेमेंट करने के बाद आपका ई-टिकट आ जाएगा।**

तत्काल के अलावा क्या ऑप्शन है, जिसके जरिए कंफर्म टिकट मिल सकती है?

मास्टर लिस्ट। जी हां, आईआरसीटीसी के मास्टर लिस्ट वाले ऑप्शन से अगर ऑनलाइन टिकट बुक करते हैं, तो कंफर्म टिकट मिलने की संभावना तत्काल के मुकाबले ज्यादा बढ़ जाती है।

**अच्छा ये मास्टर लिस्ट है क्या, इस पर ट्रस्ट कर सकते हैं?**

मास्टर लिस्ट एक तरह का फीचर है, जो आईआरसीटीसी की ऐप और वेबसाइट में मौजूद है।

**एक और फायदा जान लें**

वेबसाइट और ऐप के बारे में जान लें, जिनकी मदद से तत्काल टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं और इसके बदले मिलेगा कैशबैक और ऑफर भी।

**सस्ते में टिकट बुक करने का तरीका**

ईज माई ट्रिप

वेबसाइट के लिए क्लिक करें

कैशबैक से जुड़ी कुछ जरूरी बातें

ग्राहक अपने सफर की टिकट कूपन कोड लगाकर बुक कर सकते हैं।

नए और पुराने दोनों ग्राहक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

ऑफर वेबसाइट, एनड्राइड और आईओएस ऐप के लिए मान्य है।



**ट्रेनमैन ऐप**

इस ऐप की खास बात ये है कि अगर आपकी ट्रेन टिकट कंफर्म नहीं होती है तो आपको 1 रुपए में फ्लाइट की टिकट ऑफर की जाएगी। इसमें दोनों ही कंडीशन में फायदा पैसेंजर का ही है।

**कंफर्म ट्रेन टिकट बुक करने का तरीका**

कंफर्म ट्रेन टिकट बुक करने के लिए सबसे पहले अपने स्मार्टफोन में ट्रेनमैन ऐप इंस्टॉल करें।

अब ऐप से ट्रेन टिकट बुक करें, जहां की आपको यात्रा करनी है। लेकिन इसमें एक कंडीशन होगी, कि पैसेंजर को इस ट्रिप के साथ अलग से एक रुपए का ट्रिप एश्योरेंस प्लान लेना होगा।

अगर आपकी ट्रेन टिकट कंफर्म नहीं होती है, तो आपको 1 रुपए वाली फ्लाइट टिकट ऑफर की जाएगी।

लेकिन अगर ट्रेन की बुक टिकट कंफर्म हो जाती है, तो आपके 1 रुपये वापस कर दिए जाएंगे।

अब कुछ ऐसे सवालों का जवाब जानते हैं जो ऐन वक्त पर टिकट बुक करवाने वालों के दिमाग में आती है

क्या तत्काल में एसी और नॉन एसी के लिए अलग-अलग टाइमिंग होती है?

हां, तत्काल एसी टिकट बुक करने के लिए बुकिंग 10 बजे शुरू होती है और नॉन एसी टिकट के लिए बुकिंग 11 बजे शुरू होती है। लेकिन ध्यान रखें कि सफर शुरू होने से एक दिन पहले ही तत्काल टिकट बुक करा सकते हैं।

**किन कंडीशन में ट्रेन टिकट पर मिलता है रिफंड?**

यहां हम कुछ कंडीशन के बारे में बता रहे हैं, जिसे पढ़कर आप आसानी से समझ जाएंगे कि ट्रेन टिकट बुक पर मिलता है रिफंड

ट्रेन का तत्काल टिकट बुक कराने पर 100% रिफंड नहीं मिलता है। लेकिन कुछ स्पेशल परिस्थितियों में 100% रिफंड भी मिलता है।

ट्रेन के लेट हो जाने पर। अगर ट्रेन आने में 3 घंटे या उससे ज्यादा लेट हो जाए, तो पैसेंजर 100% रिफंड के लिए क्लेम कर सकता है।

ट्रेन का रूट डायवर्ट हो गया हो। मतलब कि ट्रेन आपके बोर्डिंग और डेस्टिनेशन स्टेशन पर न जाकर, किसी और दूसरे रूट से जा रही हो। तो आप 100% रिटर्न पाने के हकदार हैं।

रेलवे ने जिस ट्रेन से आपको यात्रा करनी है उसमें तत्काल कोटे के कोच को नहीं जोड़ा है तो आप रिफंड के लिए क्लेम कर सकते हैं।

अगर पैसेंजर बुकिंग कोटे से लोअर कोच में सफर करता है तो तत्काल फीस के साथ लोअर कोच के टिकट के किराए की बची हुई रकम रेलवे रिफंड करता है।

**एक महीने में कितने टिकट बुक किए जा सकते हैं?**

अगर आप आईआरसीटीसी में अपना आधार लिंक करते हैं, तो एक महीने में 24 टिकट बुक कर सकते हैं।

अगर आधार वेरिफाइड नहीं है, तो कितने टिकट बुक किए जा सकते हैं?

ऐसी सिचुएशन में आप एक महीने में 12 टिकट बुक कर सकते हैं।

**अगर मुझे आईआरसीटीसी अकाउंट को आधार से लिंक करना हो, तो मैं क्या करूं?**

इन स्टेप्स को फॉलो करें-

सबसे पहले आईआरसीटीसी का ऐप ओपन करें और अपनी आईडी-पासवर्ड डालकर लॉग इन करें।

अब स्क्रीन पर होम पेज खुल जाएगा, इसमें बॉटम यानी नीचे जाएं और My Account पर क्लिक करें।

अब Link Your Aadhar पर क्लिक करें। आपसे आपका आधार नंबर पूछा जाएगा।

आधार नंबर डालें। आधार में जो मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड होगा, उस पर वन टाइम पासवर्ड यानी OTP आएगा।

इस ओटीपी को डालें, ये आधार वेरिफिकेशन के लिए इस्तेमाल होता है।

स्क्रीन के बॉटम पर आपको अपने आधार कार्ड के कुछ डिटेल्स नजर आएंगे, जिसे देखकर वेरीफाई बटन पर क्लिक कर दें। आपके पास मैसेज आ जाएगा। इस तरह आपका आधार लिंक हो जाएगा।

ध्यान रहे- इंडियन रेलवे के अनुसार, टिकट बुक करने के लिए पैसेंजर का भी प्रोफाइल आधार से वेरिफाई होना चाहिए। जिसके लिए आप मास्टर लिस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# सिंहदेव बोले- विधानसभा चुनाव में मतदाता की भूमिका में रहूंगा

## सीएम करते हैं पार्टी को लीड, मुख्यमंत्री के लिए मेरा नंबर नहीं लगा, आगे हाईकमान की मर्जी

बिलासपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने विधानसभा चुनाव 2023 में अपनी भूमिका को लेकर कहा कि, छत्तीसगढ़ का नागरिक हूं, उसी रूप में भाग लूंगा। मुख्यमंत्री के लिए अभी तक मेरा नंबर तो नहीं लगा है। और जो मुख्यमंत्री रहते हैं आगे भी संभावना उन्हीं की रहती है।

सिंहदेव बोले- मुख्यमंत्री के लिए टीएस बाबा का तो नंबर नहीं आया। आमतौर पर मुख्यमंत्री ही पार्टी को लीड करते हैं। लेकिन, आगे हाईकमान की मर्जी। मेरा प्रयास लोगों के बीच काम करना है, जो चलता रहेगा।

**बिलासपुर को मिल सकता है एआईआईएमएस**

शुक्रवार को बिलासपुर पहुंचे सिंहदेव ने कहा, केंद्र ने फैसला लिया है कि छोटे राज्यों में एक-एक एम्स खुलेगा। और बड़े राज्यों में एक से अधिक एम्स खोलने पर विचार किया जा रहा है। रायपुर एम्स पर काम का बोझ बढ़ गया है। यहां पर छत्तीसगढ़ के अलावा आसपास के राज्यों से भी मरीज आते हैं। इसके चलते मरीजों को बिस्तर तक नहीं मिलता। उन्होंने प्रदेश में दूसरा एम्स खोलने के लिए बिलासपुर को सबसे बेहतर विकल्प बताया।



सिंहदेव ने कहा, बिलासपुर को एम्स मिलने से तीन संभाग के लोगों को लाभ मिलेगा। हालांकि इस पर फैसला केंद्र सरकार को लेना है। अभी केंद्र की तरफ से इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। राज्य सरकार की भूमिका बस इतनी होगी कि अगर छत्तीसगढ़ में एम्स खुलने का प्रस्ताव आया तो वह इसके लिए बिलासपुर का नाम प्रस्तावित करेगी।

**राहुल गांधी की यात्रा सफल रही**

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा सफल हुई है। आगे पूर्व से पश्चिम जोड़ो यात्रा भी निकल सकती है। भाजपा की उत्तर पूर्व के राज्यों में जीत के सवाल पर कहा कि, महाराष्ट्र और मेघालय की हार भी बीजेपी को याद रखना चाहिए।

**विधायक की मांग पर विपक्षी दल के नेताओं ने किया समर्थन**

नगर विधायक शैलेष पांडेय ने बिलासपुर में एम्स खोले जाने की मांग उठाई, जिसका नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल विधायक धर्मजीत सिंह और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने समर्थन किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इसके लिए सहमति दे दी है। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र में विधायक शैलेष पांडेय ने बिलासपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एम्स की स्थापना का मुद्दा उठाया था।

# पुलिस पर पथराव, एसपी समेत 16 पुलिसकर्मी घायल

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के लोगों ने किया हमला, झंडा हटाने पर हुआ था विवाद

कवर्धा, 4 मार्च (एजेंसियां)। कवर्धा जिले में झंडा हटाने को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रदर्शन हिंसक हो गया। जीजीपी और धर्म गुरु के बीच विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस टीम पर पार्टी के लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिसमें एसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, एएसपी समेत 16 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फिलहाल गांव में 60 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। वहीं 150 लोग शुक्रवार देर रात हिरासत में लिए गए हैं।

हिरासत में लिए गए 150 लोगों में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष जे लिंगा भी शामिल हैं। हालांकि इनमें से किसी पर भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। शनिवार सुबह से गांव का माहौल शांत है, फिर भी एहतियातन गांव के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। डीएसपी के नेतृत्व में 60 पुलिस जवान मौजूद हैं। वहीं गांव वाले शांति चाहते हैं, इसलिए जो दोषी हैं, उन पर कारवाई की मांग कर रहें हैं। गांववालों का कहना है कि जिन्होंने भी पुलिस पार्टी पर हमला किया, उन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

पार्टी के(जीजीपी) लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी धर्म गुरु के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के लोग शुक्रवार को रैली निकाल रहे थे। उसी दौरान यह विवाद हुआ है। हमले के बाद पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए आंसू गैस छोड़े। बल प्रयोग किया गया। घायल पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार दिया गया है।



भोरमदेव थाना क्षेत्र के हरमो गांव में कुछ समय पहले गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के लोगों ने गांव के पूजा स्थल में पार्टी का झंडा लगा दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने तय किया कि, पूजा-पाठ करने वाली जगहों पर किसी पार्टी का झंडा नहीं होना चाहिए। इसके बाद 14 फरवरी को धर्म गुरुओं ने पार्टी का झंडा हटा दिया था।

14 फरवरी को जब झंडे को हटाया गया, तब भी पार्टी के लोगों ने विरोध किया था। इसके बाद समाज के धर्म गुरु दुर्गे भगत के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग भी की गई थी। पार्टी के लोगों ने कहा था कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे।

पिछले 15-20 दिन में धर्म गुरूओं पर जब कार्रवाई नहीं हुई तो शुक्रवार को पार्टी के करीब 800 से ज्यादा लोग राजाानवा गांव पहुंचे। यहां से वे हाथ में लाठी लिए रैली निकालते हुए हरमो की ओर जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने इन्हें रास्ते में रोकने का प्रयास किया। तो भड़क गए। और पुलिस पर ही पथराव कर दिया। इसके साथ में ग्रामीणों पर भी पथराव किया।

इस मामले में एसपी ने कहा, हमने दोनों पार्टी को बुलाकर बात करके हल निकालना चाहा। मगर ये लोग नहीं आए। इस वजह से तकरार बढ़ी। फिलहाल मौके पर पहले हालात को स्थिर कराया जा रहा है, फिर इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

पहले साल यानि 2022 में भी कवर्धा में झंडा हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। दोनों पक्षों ने जमकर हंगामा कर दिया था। सड़कों पर लाठी-डंडे लेकर युवक उतर आए थे। एक दूसरे को पीटा। पत्थरबाजी हुई थी। पुलिस की आंखों के सामने एक युवक को भीड़ पीटती रही। हालात इस कदर बिगड़े कि जिले में धारा 144 लागू कर दी गई थी।

2 महीने पहले नारायणपुर जिले में धर्म परिवर्तन को लेकर आदिवासी संगठनों का प्रदर्शन हिंसक हो गया था। भीड़ ने यहां एक चर्च में तोड़फोड़ की। बीच-बचाव करने जब पुलिस पहुंची तो प्रदर्शनकारियों ने उस पर भी हमला बोल दिया। इस घटना में जिले के एसपी का सिर फट गया। उनका इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया था।

गरियाबंद जिले में पिछले साल पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। इस भीड़ ने पहले तो पुलिस टीम पर पथराव किया। फिर ईंट लेकर पुलिस के पीछे ही दौड़ गए। हमले में 3 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। बताया गया है कि ये सभी लोग धान खरीदी केंद्र की मांग को लेकर जुटे थे। मगर पुलिस से उनकी बहस हो गई।

# पत्नी से झगड़े में फूंक दिए पांच घर

## किसान ने लगाई आग, चपेट में आकर चार मकान और जले, एक मवेशी की भी मौत

दुर्ग, 4 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में पति-पत्नी में हुए विवाद के चलते शनिवार को पांच किसानों के घर जलकर खाक हो गए। वहीं एक मवेशी की भी मौत हो गई। झगड़े के बाद किसान ने अपने ही घर में आग लगा दी। इसकी चपेट में आसपास के मकान भी आ गए। हादसे की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हादसे के बाद पति-पत्नी दोनों भाग निकले हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। मामला पाटन थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, दैमार गांव निवासी जगन्नाथ ठाकुर खेती किसानी करता है। उसका शनिवार दोपहर किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया। बात इतनी ज्यादा बढ़ी कि गुस्से में जगन्नाथ ने अपने ही घर में आग लगा दी। इसके चलते घर में रखा रसोई गैस सिलेंडर उसकी चपेट में आ गया। आग बढ़ती देख पति-पत्नी दोनों वहां से भागे। तभी जोर का सिलेंडर ब्लास्ट हुआ और आग ने आसपास बने किसानों के कच्चे मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

मकानों में आग लगी देख लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि जब तक दमकलकर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाते, तब तक आसपास के चार मकान और चपेट में आ चुके थे। आग लगने से मकानों में रखा सामान, धान सब जलकर खाक हो गया। इस दौरान एक पालतू मवेशी की भी मौत हो गई। थाना प्रभारी राजकुमार लहरे ने बताया कि घटना के बाद से पति-पत्नी दोनों भागे हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि नुकसान कितना हुआ है।

### नक्सलियों की चेतावनी सरपंच-सचिव दलाल बनकर काम न करें

#### कहा- सादा जीवन जिएं वरना

रायपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। विकास खंड ओरछा के सप्ताहिक बाजार में नक्सलियां ने पर्चे फेंक और पोस्टर लगाकर छोटे डोंगर के सरपंच हरिमाझी सहित दो अन्य लोगों को चेतावनी दी है। नक्सलियों के पूर्वी बस्तर डिविजन ने पर्चे लगाकर कहा है कि सरपंच-सचिव सरकार और प्रशासन का दलाल बनकर काम न करें। अपनी गलती को जनता के सामने आकर स्वीकार करें। नहीं तो मौत की सजा मिलेगी। जिला मुख्यालय से 12 किलो मीटर दूर भाकपा माओवादी ने बैनर पोस्टर चस्पा किया है। ग्राम बोरंड में सोलर वाटर टैंक में भी बैनर लगाया है। कुकड़ाझोर थाना क्षेत्र का यह पूरा मामला है। नक्सलियों ने सरपंच सचिव और टार्गेट लोगों को सादा जीवन जीने की चेतावनी दी।

# युवक ने मलद्वार से डाली डिओ की बोतल

## पेट में जाकर फंसी तो बिगड़ी हालत अस्पताल में एक्सरे देख डॉक्टर रह गए दंग

कोरबा, 4 मार्च (एजेंसियां)। कोरबा में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने अपने मलद्वार से डियो की बोतल पेट में डाल ली। जिसके बाद वह पेट में ही जाकर अटक गई। काफी प्रयास के बाद भी जब वह बाहर नहीं निकली तो वह परेशान होकर एक निजी अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसका अल्ट्रासाउंड किया। जिसे देखकर वह हैरान रह गए। काफी मशक्कत के बाद डॉक्टरों ने बोतल बाहर निकाला।

कभी-कभी ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं जिन पर यकीन बड़ी मुश्किल से हो पाता है। ऐसी ही एक घटना तब सामने आई जब कोसा बाड़ी स्थित एक निजी चिकित्सालय में 29 वर्षीय एक युवक पहुंचा। युवक ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों को जो कुछ बताया। उससे सब भौचक्के रह गए। युवक ने अपने मलद्वार से एक डिओ की बोतल पेट के अंदर डाल दी। जिसके बाद हालत बिगड़ने पर दोस्त के साथ वह अस्पताल पहुंचा।



एक्सरे करने पर पता चला की बोतल पेट में अटकी है। चिकित्सकों ने शरीर के कुछ हिस्से को सुन्न कर बोतल को काफी मेहनत करने के बाद बाहर निकाला। दरी निवासी 29 वर्षीय युवक के साथ घटी घटना के विषय में अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को जानकारी नहीं दी है। हालांकि, पुलिस अपने तरीके से जानकारी हासिल करने में जुटी है।

### तमिलनाडु में हिंदी भाषी लोगों पर बढ़ रहे हैं हमले

रांची, 4 मार्च (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के प्रवासी मजदूरों के तमिलनाडु में फंसे होने पर संज्ञान लिया है। इसके लिए अधिकारियों की एक विशेष टीम बनाई गयी है जो इस पूरे मामले पर नजर रखेगी और उन्हें वापस लाने की कोशिश करेगी। इसके लिए एक टीम तमिलनाडु भी भेजी जा रही है। चेन्नई से वापस लौटे कई मजदूरों ने बताया है कि तमिलनाडु में कई जगहों पर हिंदी भाषी लोगों पर हमले बढ़े हैं। तमिलनाडु में फंसे झारखंड के मजदूरों की आवाज सदन में भी गूंजी। गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने विधानसभा में यह जानकारी दी कि झारखंड के मजदूर तमिलनाडु में फंसे हैं। हिंदी भाषी क्षेत्र के लोगों के साथ तमिलनाडु में दुर्व्यवहार हो रहा है। उनके साथ मारपीट की जा रही है।

# कोलकाता कैश कांड मामले में कोर्ट का अहम फैसला

रांची, 4 मार्च (एजेंसियां)। कोलकाता में 46 लाख कैश के साथ पकड़े गये तीनों विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अरगोड़ा थाना में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त कर दिया है। तीनों विधायकों के गिरफ्तार होने के बाद कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया था। रांची में किए गए जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफर के खिलाफ दाखिल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट का आदेश आया। इस फैसले के बाद इरफान अंसारी ने कहा, यह सच की जीत है। हम पर लगाए गये सारे आरोप निराधार साबित हो गये। हमें इस दौरान जो मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी वह हम ही जानते हैं। पिछले साल अरगोड़ा थाना में दर्ज एफआईआर को सेकंड एफआईआर मानते हुए उसे निरस्त किया गया है। कोर्ट ने कहा कि कुमार जयमंगल सिंह ने झारखंड सरकार गिराने की साजिश को लेकर कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में कोतवाली थाने में दर्ज एफआईआर को प्रथम एफआईआर माना है।

# कोरोना को लेकर चीन पर यूएस के आरोप, रिपोर्ट नहीं

## डब्ल्यूएचओ चीफ बोले- अमेरिका से कोई दस्तावेज नहीं मिले, बाकी देशों से भी जानकारी मांगी

जेनेवा, 4 मार्च (एजेंसियां)। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने सभी देशों से कोरोना के ओरिजन से जुड़ी जानकारी शेयर करने के लिए कहा है। डब्ल्यूएचओ का ये बयान अमेरिकी दावे के बाद सामने आया है। हाल ही में एफबीआई के डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे ने कहा था- कोरोना चीन के वुहान लैब से ही लीक हुआ है।

चीन ने एफबीआई के दावे को गलत बताया। इसके बाद डब्ल्यूएचओ के चीफ टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा- अमेरिका ने जो दावा किया है उसी जुड़ी कोई रिपोर्ट पेश नहीं की है। अमेरिकी एनर्जी डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने भी इंटेलिजेंस रिपोर्ट के हवाले से चीन को जिम्मेदार ठहराया था। लेकिन हमारे पास ऐसी किसी भी रिपोर्ट का कोई एक्सेस नहीं है।

**कोरोना ओरिजन पर रिपोर्ट फ्यूचर में मददगार साबित होगी**

किसी भी देश के पास कोरोना के ओरिजन से जुड़ी कोई भी जानकारी हो वो हमें दे दें। हम सिर्फ ये जानना चाहते हैं कि महामारी कैसे और कहां से शुरू हुई। अगर हमें कोई ठोस जानकारी मिल जाती है तो हम आने वाली दूसरी महामारी से बचने के रास्ते ढूंढ सकते हैं। साथ ही आने वाले समय में हमें ज्यादा परेशानियां नहीं उठानी पड़ेंगी।

**पहले भी चीन पर आरोप लगे, सरकार ने खारिज किए**

रिपोर्ट में दावा किया गया कि सुरक्षा में चूक होने की वजह से वायरस वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (डब्ल्यूआईवी) से लीक हुआ था। इसके बाद महज कुछ दिनों में यह पूरी दुनिया में फैल गया। कोरोना महामारी की शुरुआत से ही वुहान लैब से कोरोना लीक होने की कई थ्योरी आ चुकी हैं। यहां काम करने वाले रिसर्चर्स विशेष रूप से कोरोना वायरस की प्रजातियों को स्टडी करते हैं। ऐसे में किसी वैज्ञानिक के जरिए इसका संक्रमण फैलने की आशंका है। हालांकि, हमेशा से ही चीनी सरकार और वुहान लैब ने इन आरोपों को खारिज किया है।



**अमेरिका पर भी लग चुके हैं वायरस फैलाने के आरोप**

तीन महीने पहले एक अमेरिकी वैज्ञानिक ने दावा किया था कि अमेरिकी सरकार चीन में कोरोना वायरस बनाने के प्रोजेक्ट को फंड कर रही थी।

वैज्ञानिक एंड्रू हफ का कहना था कि कोरोना वायरस पर हो रही रिसर्च को अमेरिका की मेडिकल रिसर्च एजेंसी नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ (एनआईएच) का सपोर्ट था। इसने ही चीन को वायरस बनाने की तकनीक दी। यह किसी बायोवेपन टेक्नोलॉजी से कम नहीं था।

हफ का कहना है कि चीन को पहले दिन से यह पता था कि कोरोना कोई नेचुरल वायरस नहीं है, बल्कि इसे जेनेटिकली मॉडिफाई कर बनाया गया है। तभी यह लैब से लीक हुआ है। इसके बावजूद सुरक्षा और लोगों को आगाह करने में ढील दी गई। चीन ने न सिर्फ बीमारी के आउटब्रेक के बारे में झूठ बोला, बल्कि उसे प्राकृतिक साबित करने की हर कोशिश की।

**2021 में पहली बार लैब से लीक की आशंका रिपोर्ट में शामिल हुई थी**

महामारी की शुरुआत 2019 में हो गई थी। मगर वायरस के ओरिजिन की जांच जनवरी, 2021 में शुरू हो पाई। 17 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ थे और 17 चीनी एक्सपर्ट चीन के वुहान पहुंचे। वुहान में जांच का काम पूरा होने से पहले स्वतंत्र जांच टीम के सदस्य पीटर बेन इम्बारेक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वायरस के ओरिजिन के संभावित पाथ-वे सार्वजनिक किए थे।

इनमें लैब लीक थ्योरी भी शामिल थी। इस रिपोर्ट में कहा था कि कोरोना वायरस के किसी लैब एक्सीडेंट की वजह से लीक होने की थ्योरी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिर की दीवारों पर मोदी विरोधी नारे

## ब्रिस्बेन के लक्ष्मी नारायण मंदिर की घटना पहले यहीं इंडियन कॉन्सुलेट पर हमला हुआ था

सिडनी, 4 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में लगातार मंदिरों पर हमले के मामले सामने आ रहे हैं। अब ब्रिसबेन में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में हमला हुआ है। ऑस्ट्रेलिया टूडे की रिपोर्ट के मुताबिक, ये हमला खालिस्तान समर्थकों ने किया है। यहां अज्ञात लोगों ने दीवारों पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बातें लिख दीं। इसके पहले 21 फरवरी की रात ब्रिस्बेन में इंडियन कॉन्स्युलेट पर हमला हुआ था।

पिछले 2 महीनों में मंदिर पर हुए हमले की ये चौथी घटना है। सबसे पहले 12 जनवरी को मेलबर्न में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भी भारत विरोधी नारे लिखे मिले थे। इसके बाद 18 जनवरी को मेलबर्न के श्री शिव विष्णु मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। 23 जनवरी को मलबर्न के अल्बर्ट पार्क में बने इस्कॉन मंदिर में भारत विरोधी नारे लिखे मिले थे।

**खालिस्तानी झंडा कॉन्स्युलेट में फेंका था**

रिपोर्ट के मुताबिक, 21 फरवरी की रात कुछ खालिस्तान समर्थकों ने कॉन्स्युलेट पर हमला किया





और यहां खालिस्तान का फ्लैग फेंक दिया। 22 फरवरी की सुबह जब काउंसिल अर्चना सिंह यहां पहुंचीं तो उन्होंने झंडा देखा। अर्चना ने फौरन क्वीसलैंड पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस पहुंची और उसने फ्लैग अपने कब्जे में ले लिया।

हिंदूओं को सतर्क रहने की जरूरत ऑस्ट्रेलिया एसोसिएशन ऑफ आयुर्वेद के अध्यक्ष डॉ. नवीन शुक्ला ने कहा- मेलबर्न में हुई घटनाएं दिखाती हैं कि हिंदू समुदाय को थोड़ा सतर्क होना पड़ेगा। मेलबर्न में जो हो रहा है, उसके कारण कनाडा और अमेरिका जैसे हालात यहां भी हो सकते हैं। इसलिए सरकार को भी सुरक्षा पर ज्यादा ध्यान देना होगा।

समुदाय में सक्रिय भारतीय मूल के बलजिंदर सिंह कहते हैं- ऐसी घटनाओं का भारत से यहां आकर बसने और पढ़ने वालों पर असर होगा। इस तरह की गतिविधियां करने वाले लोग असल में यहां रहने वाले और भविष्य में आने वाले भारतीयों के लिए ही समस्याएं पैदा करते हैं।

# 5 बच्चों को मारने वाली मां को इच्छा-मृत्यु

## उनके कत्ल की तारीख को ही अपनी मौत के लिए चुना, 16 साल बाद सजा



बेल्जियम, 4 मार्च (एजेंसियां)। बेल्जियम में अपने 5 बच्चों को मारने वाली मां को इच्छा मृत्यु दी गई है। जेनिवीव हरमिट नाम की महिला ने 16 साल पहले 28 फरवरी 2007 को किचन के चाकू से अपने एक बेटे और 4 बेटियों की गला रेत कर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी। हालांकि तब वो जिंदा बच गई थी। हरमिट की साइकोलोजिस्ट ने बताया कि उसने अपने बच्चों के कत्ल की तारीख 28 फरवरी को ही खुद की इच्छा मृत्यु मांगी थी। इसके जरिए वो अपने बच्चों की हत्या करने पर पछतावा जाहिर करना चाहती थी। मौत के बाद बुधवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**बच्चों की हत्या के लिए सुपर मार्केट से चाकू चुराए**

डेलीमेल की रिपोर्ट के मुताबिक हरमिट ने अपने बच्चों की हत्या करने के लिए सुपर मार्केट से चाकू चुराए थे। अपनी ट्रायल के दौरान उसने कोर्ट को बताया था कि वो अपने घर में बच्चों के साथ घुटन और फंसा हुआ महसूस करती थी।

हरमिट ने अपने बयान में कहा था- मैंनें अपने पति को एक बेटा दिया और फिर उसे मार भी दिया, मैंनें अपनी गलती की वजह से अपने बच्चों को खोया है। उनके साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था।

2007 में अपने बच्चों की हत्या के बाद 2008 में हरमिट को उम्रकैद की सजा दी गई थी। ट्रायल के दौरान सजा के खिलाफ उनके वकील ने दावा किया था कि वो मानसिक तौर पर बीमार हैं इसलिए उन्हें जेल नहीं भेजा जाना चाहिए। हालांकि ज्यूरी ने माना कि उसने प्लानिंग कर अपने बच्चों की हत्या को अंजाम दिया था। इसलिए उसे सजा तो मिलनी ही चाहिए।

2019 में उसे एक मानसिक चिकित्साल्य में ईलाज के लिए भर्ती करवा दिया गया था। हरमिट ने इस दौरान अपने मनोचिकित्सक से हर्जाने के तौर पर 25 करोड़ रुपए की मांग की थी। उसके वकील ने दावा किया था कि वो अपने बच्चों की हत्या करने से पहले अपना मानसिक इलाज करवा रही थी। जो कारगर साबित नहीं हुआ, इसी के कारण वो खुद को रोक नहीं पाई और हत्या कर दी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक बेल्जियम में साल 2022 में 2,966 लोगों को इच्छा मृत्यु दी गई थी। जो 2021 की तुलना में 10% ज्यादा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे ज्यादा कैंसर से पीड़ित लोग इच्छा मृत्यु मांगते हैं। इसके अलावा बेल्जियम में उन लोगों को भी इस तरह से मौत दी जाती है जो मानसिक रोगों की वजह से जीने की इच्छा बिल्कुल छोड़ चुके होते हैं।

# अल्प विकसित देशों पर यूएन सम्मेलन में हिस्सा लेने कतर जाएंगे शरीफ

इस्लामाबाद, 4 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान इस समय भारी आर्थिक संकट के बीच फंसा है। देश का मुद्रा भंडार तेजी से कम हो रहा है। नौ दौर की वार्ता के बाद भी आईएमएफ से बेलआउट पैकेज पर सहमति नहीं बन पाई है। इसलिए, महंगाई भी देश के इतिहास के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस बीच, देश के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अल्प विकसित देशों पर पांचवें संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कतर जाएंगे। शरीफ की यात्रा दो दिवसीय होगी। देश के विदेश मंत्रालय की ओर से एक बयान में कहा गया है कि पांच से नौ मार्च तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में अल्प विकसित देशों में सतत विकास को गति देने के कदमों पर विचार किया जाएगा, जिससे उन्हें समृद्धि की राह पर प्रगति करने में मदद मिलेगी। शरीफ को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने आमंत्रित किया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री दोहा में सम्मेलन से इतर भाग लेने वाले नेताओं और प्रतिनिधिमंडल बातचीत करेंगे।

# पाक विदेश मंत्री बोले- हम कंगाल नहीं हैं, न होंगे

## एक दिन पहले चीन से 4 हजार करोड़ का कर्ज लिया, आईएमएफ से भी मांगा लोन

इस्लामाबाद, 4 मार्च (एजेंसियां)। कंगाली की कगार पर खड़े पाकिस्तान को चीन एक बार फिर 1.3 अरब डॉलर का कर्ज दे रहा है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। डार ने कहा- इंडसट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना (आईसीबीसी) ने ये लोन अप्रूव किया है, जिससे पाकिस्तान को अपने घटते विदेशी मुद्रा भंडार को फिर से बढ़ाने में मदद मिलेगी। ये पैसे 3 किश्तों में दिए जाएंगे। इसमें से 0.5 अरब डॉर की पहली किश्त पाकिस्तान के सेंट्रल बैंक में आ चुकी है।

डार ने कहा- हम न कभी कंगाल हुए हैं और न होंगे। हमने चीन का कर्ज चुकाने के लिए उन्हें 1.3 अरब डॉलर लौटाए थे। चीन हमारी आर्थिक स्थिति को देखते हुए ये पैसे हमें वापस दे रहा है। पाकिस्तान के सेंट्रल बैंक में सिर्फ 3 हफ्ते के इम्पोर्ट के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा है। इससे पहले भी चीन विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए हमें 0.7 अरब डॉलर का कर्ज दे चुका है।

**पाकिस्तान को 5 अरब डॉलर की जरूरत**



डार ने बताया कि पाकिस्तान को जून में खत्म होने वाले वित्त वर्ष में अपने फाइनेंशियल गैप को खत्म करने के लिए 5 अरब डॉलर की विदेशी फंडिंग की जरूरत है। आईएमएफ के साथ डील साइन होने के बाद ही उसे और फंडिंग मिल पाएगी। डार के मुताबिक ये डील अगले हफ्ते तक साइन होने की उम्मीद है।

**2019 में आईएमएफ के साथ साइन हुआ था बेलआउट पैकेज**

पाकिस्तान पिछले महीने की शुरुआत से ही आईएमएफ के साथ कर्ज को लेकर चर्चा कर रहा है। अगर दोनों के बीच में डील साइन होती है तो आईएमएफ पाकिस्तान के लिए 2019 में तय हुए 6.5 अरब डॉलर के बेलआउट के तहत करीब 1 अरब डॉलर की किश्त जारी करेगा। दरअसल, 2019 में इमरान खान की सरकार के रहते आईएमएफ ने पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज के तहत 6 बिलियन डॉलर से ज्यादा की मदद देने का वादा किया था। अब इसी वादे के तहत पाकिस्तान आईएमएफ से 1.1 बिलियन डॉलर की एक और किश्त मांग रहा है।

**आईएमएफ के साथ बेनतीजा रही बातचीत**

31 जनवरी 2023 को नाथन पोर्टर के नेतृत्व में आईएमएफ की एक टीम पाकिस्तान पहुंची थी। वित्त मंत्री इशाक डार के साथ इस टीम की दो चरणों में बैठक होती हुई थी। इस दौरान पाकिस्तान ने बेलआउट पैकेज के तहत आईएमएफ से कर्ज की मांग की थी। हालांकि 10 दिन तक चली ये बैठक बेनतीजा रही थी।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने माना है कि इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने 1.2 अरब डॉलर के कर्ज की तीसरी किश्त देने के लिए बेहद सख्त शर्तें रखी हैं। शरीफ ने कहा- आईएमएफ ने जो शर्तें रखी हैं वो हमारी सोच से भी ज्यादा सख्त और खतरनाक हैं, लेकिन क्या करें? हमारे पास कोई और चारा भी तो नहीं है।

# बर्फीला तूफान

## 13 शहरों में इमरजेंसी

### 70 हजार घरों की बिजली गुल, अगले 48 घंटे में 24 इंच तक बर्फबारी की चेतावनी



कैलिफोर्निया, 4 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के कैलिफोर्निया के 13 शहरों में बर्फीले तूफान के चलते इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। तूफान में 9 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। कैलिफोर्निया में बर्फबारी की वजह से 70 हजार से ज्यादा घरों में बिजली नहीं है।

मौसम विभाग ने अगले 2 दिन में 18-24 इंच बर्फबारी का अनुमान लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि इस हफ्ते हुई रिकॉर्ड बारिश और दिसंबर-फरवरी में बर्फबारी के चलते कैलिफोर्निया में सूखे की समस्या में भी कमी आई है। अमेरिका के नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन ने गुरुवार को ड्रॉट मैप जारी किया था।

इसके मुताबिक कैलिफोर्निया का करीब 17% इलाका सूखा नहीं था, जबकि बाकी बचे इलाके के एक-तिहाई हिस्से को भी सूखा घोषित नहीं किया गया।

# नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एलेस बियालियात्स्की को 10 साल की कैद

मिंस्क, 4 मार्च (एजेंसियां)। मशहूर मानवाधिकार कार्यकर्ता और साल 2022 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता एलेस बियालियात्स्की को बेलारूस की स्थानीय अदालत ने 10 साल कैद की सजा सुनाई है। बियालियात्स्की को यह सजा लोक व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियां करने, वित्तपोषण करने और तस्करी के मामले में दी गई है। राजधानी मिंस्क के लेनिनस्की जिला अदालत ने 60 वर्षीय बियालियात्स्की पर 65 हजार यूएस डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। बियालियात्स्की वेसना ह्युमन राइट्स सेंटर के प्रमुख हैं। बियालियातस्की के साथ ही वेसना ह्युमन राइट्स सेंटर के प्रतिनिधि वेलेंटाइन स्टेफनोविच और व्लादिमीर लाबकोविच को भी 9-7 साल तक की सजा सुनाई है। तीनों को सजा के दौरान एक अत्यधिक सुरक्षित पैनल कालोनी में रखा जाएगा। साथ ही दिमित्री सोलोवियोव को भी आठ साल की सजा सुनाई गई है लेकिन वह फिलहाल बेलारूस से बाहर हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति को कैंसर था, सर्जरी हुई

## बाइडेन के चेस्ट से स्किन कैंसर के टिश्यू निकाले गए, डॉक्टर बोले- अब प्रेसिडेंट बिलकुल फिट

वॉशिंगटन, 4 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को स्किन कैंसर हो गया था। व्हाइट हाउस के डॉक्टर केविन ओ'कॉनर ने कहा- बाइडेन के चेस्ट की स्किन पर घाव हो गया था। फरवरी में सर्जरी के दौरान इस घाव वाली स्किन को हटा दिया गया था। इसे जांच के लिए भेजा गया था, जिसमें पता चला कि ये घाव बेसल सेल कार्सिनोमा है। यह स्किन कैंसर का सामान्य रूप है।

डॉक्टर ओ'कॉनर ने कहा- सर्जरी के दौरान कैंसर फैलाने वाले सभी टिश्यूज को हटा दिया गया। इलाज के बाद बाइडेन बिल्कुल ठीक हो गए हैं। उन्हें आगे इलाज की जरूरत नहीं है। हालांकि राष्ट्रपति बाइडेन की सेहत की निगरानी की जा रही है। हम देख रहे हैं कि उन्हें स्किन से जुड़ी कोई और परेशानी तो नहीं हो रही है।

**16 फरवरी को जांच में बाइडेन फिट बताए गए थे**

16 फरवरी को ही फिजिकल एग्जामिनेशन के दौरान डॉक्टर ओ'कॉनर ने 80 साल के बाइडेन को बिल्कुल फिट बताया था। उनका कहना था कि बाइडेन राष्ट्रपति के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए बिल्कुल हेल्दी और फिट हैं।



**बाइडेन की पत्नी और बेटे को भी कैंसर था**

जो बाइडेन की पत्नी और अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन को भी स्किन कैंसर था। जनवरी में उनकी भी सर्जरी हुई थी। 71 साल की जिल की एक आंख के ऊपर और चेस्ट से घाव वाली स्किन को निकाला गया था। वहीं, बाइडेन के बेटे ब्यू को ब्रेन कैंसर था। 2015 में उसकी मौत हो गई थी। तभी से जो बाइडेन अपनी हेल्थ को लेकर चिंतित थे।

**डिमेंशिया के रोगी भी हैं बाइडेन**

जो बाइडेन को बढ़ती उम्र की बीमारियों ने घेर रखा है। कुछ रिपोर्ट्स में उन्हें डिमेंशिया का रोगी बताया जा रहा है। बाइडेन को 1988 में 'ब्रेन एन्यूरिज्म' भी हुआ था, जिसका वो इलाज करा चुके हैं। इसके दोबारा होने के सिर्फ 20% चांस हैं। बाइडेन अपना गाल ब्लैडर भी निकलवा चुके हैं। अमेरिकन फेडरेशन फॉर एजिंग रिसर्च के एक एकेडमिक पेपर के मुताबिक 79% चांस हैं कि बाइडेन बतौर राष्ट्रपति अपना पहला कार्यकाल पूरा होने तक जीवित रह पाएं।

**कहां मिले संकेत?**

15 अप्रैल 2022 को बाइडेन उत्तरी कैरोलिना की पेन्सिलवेनिया यूनिवर्सिटी में भाषण दे रहे थे। भाषण के खत्म होने के बाद बाइडेन अकेले ही हवा में हाथ मिलाते दिखे। इस कार्यक्रम में बाइडेन के साथ स्टेज शेयर करने वाला कोई नहीं था। इससे पहले व्हाइट हाउस के एक कार्यक्रम में भी बाइडेन बहुत विचलित दिखाई दिए थे। उस कार्यक्रम में बराक ओबामा भी मौजूद थे। बाइडेन के आलोचक उन्हें 'स्लीपी जो' भी कहते हैं। बाइडेन जब जी20 समिट में पहुंचे तो उनके हाथ में एक कागज था। इस पर तफ्सील से लिखा था कि उन्हें समिट हॉल में क्या-क्या करना है। मसलन, कहां बैठना है- कब और कितनी देर बोलना है। इतना ही नहीं फोटो सेशन में कहां खड़ा होना है, इसके नोट्स भी बनाकर दिए गए थे।

# कोविड वैक्सीन बनाने वाली टीम में शामिल वैज्ञानिक की बेल्ट से गला घोंटकर हत्या

## पुतिन ने दिया था सम्मान



नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। रूस में कोविड-19 का टीका 'स्पुतनिक वी' बनाने की प्रक्रिया में शामिल वैज्ञानिकों में से एक आंद्रे बोतिकोव की उनके अपार्टमेंट में बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के सिलसिले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। रूसी मीडिया ने शनिवार को ये खबर दी।

रूसी समाचार एजेंसी तास ने रूसी संघ की जांच समिति के हवाले से बताया कि गामालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड मैथमेटिक्स में वरिष्ठ शोधकर्ता के रूप में काम करने वाले 47 वर्षीय बोटिकोव गुरुवार को अपने अपार्टमेंट में मृत मिले। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कोविड वैक्सीन पर उनके काम के लिए वायरोलॉजिस्ट को ऑर्डर ऑफ मेरिट फॉर द फादरलैंड अवार्ड से सम्मानित किया था। रिपोर्टों के अनुसार, बोतिकोव उन 18 वैज्ञानिकों में से एक थे जिन्होंने 2021 में स्पुतनिक वी वैक्सीन विकसित की थी। जांचकर्ताओं के अनुसार एक 29 वर्षीय एक युवक ने बहस के दौरान बेल्ट से बोतिकोव का गला घोंट दिया और भाग गया।

# 'अल नीनो' ढाएगा कहर, प्रचंड गर्मी का अलर्ट

## डब्ल्यूएमओ की चेतावनी, पूरी दुनिया में मचेगा हाहाकार

लंदन, 4 मार्च (एजेंसियां)। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि एक-दो माह में अल-नीनो के सक्रिय होने के साथ ही पूरी दुनिया में गर्मी बढ़ जाएगी। खासतौर पर भारत जैसे देशों में गर्मी प्रचंड रूप धारण कर लेगी। डब्ल्यूएमओ के महासचिव पेटेरी तालस ने बताया कि दुनिया जल्द ही अल नीनो की स्थिति में जाने वाली है, इससे वैश्विक तापमान में तीव्र वृद्धि होगी। तालस ने बताया कि बीते आठ वर्ष से जारी ट्रिपल



डिप ला नीना अब खत्म होने वाला है, जिसकी वजह से बढ़ते वैश्विक तापमान पर एक अस्थायी ब्रेक लगा हुआ था। मौजूदा ला-नीना सितंबर 2020 से बना हुआ है।

डब्ल्यूएमओ ने बताया कि इस साल मार्च से मई के दौरान अल-नीनो साउदर्न ऑस्किलेशन (ईएनएसओ) की स्थिति बनेगी।

# सीएम गहलोत पर केंद्रीय मंत्री ने किया मानहानि का दावा

*सीएम बोले-घपलेबाज को मिनिस्टर बनाया; गजेंद्र ने कहा- मेरी दिवंगत मां को अभियुक्त बताया*

**गहलोत लंबे समय से आरोप लगा रहे**



जयपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मानहानि का दावा किया है। शेखावत ने दोपहर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे और दावा पत्र पेश किया। सिंह ने संजीवनी घोटाले में उनके परिवार के बारे में की गई बयानबाजी को केस का आधार बनाया है।

दरअसल, गहलोत ने 21 फरवरी को सचिवालय में बजट की समीक्षा बैठक के बाद कहा था कि संजीवनी घोटाले में गजेंद्र सिंह के मां-बाप, पत्नी सहित पूरा परिवार शामिल है। वहीं, इस मामले में गहलोत ने भी गजेंद्र सिंह पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा- अफसोस ऐसे घपलेबाज को पीएम ने मंत्री बना रखा है।, यह कैसे मंत्री रह सकता है?

संजीवनी घोटाले में गजेंद्र सिंह पर गहलोत लंबे समय से आरोप लगा रहे हैं। गहलोत गजेंद्र सिंह पर सरकार गिराने के षड़यंत्र के मुख्य किरदार होने के आरोप भी लगाते रहे हैं। सीएम गहलोत के खिलाफ मानहानि केस को राजस्थान की सियासत में विवाद की प्रमुख कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है। गजेंद्र सिंह शेखावत संजीवनी घोटाले में खुद को बेकसूर बताते हुए सीएम गहलोत पर राजनीतिक दुश्मनी से बयान देने के आरोप लगाते रहे हैं।

मानहानि केस को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने भी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि- ऐसे घपलेबाज को आप अपने मंत्रिमंडल में कैसे रख सकते हैं। यह तो सब कागजों में है कि घपला हुआ है। केंद्र सरकार ने लिक्विडेटर बैठा रखा है। इस आदमी को शर्म भी नहीं आती। संजीवनी घोटाले में पीड़ितों से बात तक नहीं करता।

**गजेंद्र सिंह खुद मुल्जिम**

गहलोत ने कहा- गजेंद्र सिंह के मानहानि केस का स्वागत है। कम से कम इस बहाने केस आगे बढ़ेगा। संजीवनी घोटाले में लाखों डूबा चुके गरीबों का भला होगा। वो पैसा कहां गया है। इथोपिया में गया है। गबन हुआ है। उनके खुद के लोग जेल में बैठे हुए हैं। वो गजेंद्र सिंह खुद मुल्जिम है, उनकी पत्नी, साले, उनके पिताजी का नाम है। उनकी माताजी का देहातं हो गया, उनका नाम है।

यह हकीकत है। इन्हें शर्म आनी चाहिए कि मंत्री बनने के बाद जिम्मेदारी बढ़ जाती है, तो आगे बढ़कर बात करते। संजीवनी के लोग जेलों में बैठे हैं। ईडी ही संजीवनी की प्रोपर्टी जब्त कर सकती है, अगर हमें अधिकार होता तो कब की प्रोपर्टी जब्त करके पीड़ितों का चुका देते।

## 21 फरवरी को गहलोत ने आरोप लगाए थे

21 फरवरी को गहलोत ने कहा था कि संजीवनी घोटाले में गजेंद्र सिंह के परिवार के लोग शामिल हैं। गजेंद्र सिंह के पिता, माता जी, पत्नी, इनके साले पांचों लोग उसमें शामिल हैं। इनकी माता जी का निधन हो गया है। इस मामले में लगभग 50 आरोपी हैं। 21 फरवरी के इस बयान के 11 दिन बाद अब केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दिल्ली कोर्ट में मानहानि का केस दायर करने का फैसला किया है।

**फोन टैपिंग का मुकदमा भी दिल्ली पुलिस में**

गजेंद्र सिंह शेखावत ने सियासी संकट के वक्त फोन टैपिंग का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के ओएसडी सहित पुलिस अफसरों के खिलाफ दिल्ली पुलिस में मार्च 2021 में केस दर्ज करवाया था। दिल्ली क्राइम ब्रांच में दो साल से जांच पैंडिंग है। अब तक जांच में कोई खास प्रोग्रेस नहीं है। सीएम के ओएसडी लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगा रखी है। दिल्ली में फोन टैपिंग केस के बाद अब सीएम के खिलाफ मानहानि का केस भी वहीं दायर करने की सियासी हलकों में चर्चा शुरू हो गई है।

# कोटा से अहमदाबाद नई ट्रेन को ओम बिरला ने दिया ग्रीन सिग्नल

**नई रेल सेवा से इन शहरों को होगा फायदा**



कोटा, 4 मार्च (एजेंसियां)। कोटा से अहमदाबाद के लिए नई रेल सेवा का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। बिरला ने ट्रेन को ग्रीन सिग्नल देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस रेल सेवा से हजारों रेल यात्रियों को बड़ा लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने कोटा से वंदे भारत ट्रेन जल्द चलने की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि कोटा-असारवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के बाद बिरला ने कहा कि नए रास्ते से बूंदी, उदयपुर सिटी, डूंगरपुर भी कोटा और अहमदाबाद अब जुड़ गए हैं। इसका लाभ उद्यमियों, व्यापारियों, रोगियों, विद्यार्थियों सहित सभी वर्गों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन दोनों राज्यों के लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी।

उन्होंने कहा कि देश में 75 वंदे भारत ट्रेन चलनी हैं। इनमें से कुछ ट्रेन प्रारंभ हो चुकी हैं। जैसे-जैसे कोच तैयार होते जाएंगे नई ट्रेन प्रारंभ होती जाएंगी। उन्होंने कहा कि कोटा के लिए भी जल्द ही वंदे भारत ट्रेन शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोटा और डकनिया स्टेशन का विकास 325 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहा है। यह स्टेशन पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। रामगंजमंडी, लाखेरी, कापरेन, बूंदी, मोड़क, केशवरायपाटन, इंद्रगढ़ सहित संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी के कई स्टेशनों पर विकास कार्य चल रहे हैं। कोटा-असारवा का सफर तय करने वाली इस पहली ट्रेन के लोकापायलट सुरेंद्र सिंह राठौड़ और बरकतुल्ला मंसूरी का कर्मचारियों ने अभिनंदन किया।

# पेपर लीक के खिलाफ बीजेपी युवा मोर्चा का प्रदर्शन

**पूनिया को कंधे पर बैठाकर आगे बढ़े कार्यकर्ता, पुलिस ने वॉटर कैनन चलाई**



जयपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान में पेपर लीक और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ आज भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम हाउस के लिए निकले बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सिविल लाइंस फाटक के पास ही रोक लिया। बीजेपी कार्यकर्ताओं और पुलिस में धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन चलानी पड़ी। इसके बाद पुलिस ने सतीश पूनिया और राजेंद्र राठौड़ समेत सभी नेताओं को हिरासत में लिया।

इससे पहले बीजेपी मुख्यालय के बाहर जनसभा हुई। जिसे बीजेपी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के साथ विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ संबोधित किया। इसके बाद प्रदेशभर से पहुंचे बीजेपी कार्यकर्ता सिविल लाइंस फाटक होते हुए मुख्यमंत्री आवास की और घेराव के लिए निकले। कार्यकर्ता नारे लगाते हुए सिविल लाइंस फाटक तक पहुंचे। जिन्हें पहले से मौजूद पुलिस दल ने रोक लिया।

बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा- युवा मोर्चा के विधानसभा घेराव से कांग्रेस सरकार डर गई है। संगठन ने विधानसभा का कैलेंडर देखकर ही विधानसभा घेराव का निर्णय लिया था। लेकिन सरकार ने इससे एक दिन पहले ही विधानसभा स्थगित कर दी। लेकिन पेपर लीक, बेरोजगारी, बिगड़ी कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर हम पहले भी आवाज उठाते आए है। आज भी बड़ा प्रदर्शन कर रहे है, और आगे भी युवाओं कि आवाज उठाते रहेंगे।

# भतीजी की सगाई से नाखुश देवरों ने भाभी को कुल्हाड़ी से काटा

**बचाव में आए पड़ोसी की भी कर दी हत्या**

जालोर, 4 मार्च (एजेंसियां)। दो देवरों ने अपनी शादी से पहले भतीजी की शादी को लेकर विवाद में अपनी भाभी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। इसी दौरान बीच-बचाव करने आए एक पड़ोसी पर भी आरोपियों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। डबल मर्डर का यह मामला जालौर के मादरान गांव का है। वारदात को अंजाम देने के बाद एक आरोपी ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास भी किया। रामसीन थाना पुलिस के अनुसार, जालौर के मोदरान गांव के एक परिवार में पारिवारिक कलह और सगाई की बात को लेकर हुई कहासुनी हो गई। रतन सिंह की पत्नी इंद्रा कंवर (उम्र 45) अपनी बेटी और बेटे के साथ घर में थी। इंद्रा की बेटी की सगाई को लेकर आटे-साटे की प्रथा के दौरान ही इंद्रा के देवरों ने हंगामा कर दिया।

# अशोक गहलोत की ना कुर्सी बचेगी और ना उनकी कांग्रेस सरकार : वसुंधरा राजे



चूरू, 4 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा कि अपने जन्मदिन के मौके पर आयोजित समारोह में वर्तमान अशोक गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। राजे ने कहा कि हमने मुफ़्त ईलाज के लिए भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की थी,उसका नाम बदल कर चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना कर दिया।

राजस्थान में चिरंजीवी योजना में 33 लाख मरीज़ों में से 100 मरीज़ों को भी पूरा क्लेम नहीं मिला।2021 से लेकर अब तक साढ़े 11 हज़ार रूपये भी इस योजना में एक मरीज़ पर खर्च नहीं हुए।जबकि ईलाज 10 लाख तक का होना था।लेकिन अब फिर 25 लाख तक के मुफ़्त ईलाज की घोषणा की है। लेकिन जब 10 ही खर्च नहीं हो रहे 25 कैसे होंगे ? राजे ने कहा कि बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पतालों में तो इनकी इस योजना से ईलाज ही नहीं हो रहा है हमारी योजना में तो सब अस्पताल शामिल थे।सबका ईलाज होता था।लाखों लोगों ने इसका लाभ उठाया है । उन्होंने कहा कि सुनने मात्र से ही रूह काँप जाती है कि सिरोही के सरकारी अस्पताल में एक माह के बच्चे को कुत्ते नौच-नौच कर खा गये। सोचिए उसके माता-पिता पर क्या बीती होगी ? क्या यही है आपका चिरंजीवी प्लान ? पूर्व सीएम ने पेपर लीक मामले पर कहा कि सब माता-पिता अपने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य का सपना देखते है।जब यह सपना पूरा करने का समय आता है और वह प्रतियोगी परीक्षा में बैठता है।पेपर लीक के कारण उसके जीवनभर की मेहनत बेकार। उस पर क्या बीतती होगी।गहलोत सरकार में ऐसा एक बार नहीं बीसियों बार हुआ है । राजस्थान में सरकारी भर्तियों की पारदर्शिता ख़त्म हो गई है । यहां युवा बेरोजग़ार याचक बन कर,सरकार से न्याय की उम्मीद कर रहें है और सरकार कुछ नहीं कर रही। मास्टर माइंड को सरकार जानती है पर नहीं पकड़ रही है ।

वहीं ऊपर से मुख्यमंत्री कहते हैं कि साढ़े 3 लाख युवाओं को सरकारी नोकरी दे रहें हैं। हक़ीक़त यह है सरकारी नौकरी देने का एक लाख का आँकड़ा भी नहीं छू पायेगी।

**कब वेकंसी निकलेगी ? कब नौकरियाँ देंगे ? झूठ पर झूठ**

राजे ने कहा कि आज राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस भी है।साढ़े 4 साल ऐसी सरकार को झेला हैं।जिसमें कोई सुरक्षित नहीं। न महिला,न दलित,न व्यापारी,न किसान,न आमजन । उन्होंने कहा कि एक तरफ पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश अमृतकाल मना रहा है।वहीं दूसरी ओर राजस्थान में अराजकता,अन्याय और बेरोज़गारी के कारण जनता खून के आसू पी रही है।

# बेटी ने अपने पिता को जेल पहुंचाया

**आंखों के सामने मां को जिंदा जला दिया था, चीख सुनकर सहम गई थी**

जयपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। एक लड़की जो अपनी मां की मौत के लिए अकेली 6 साल तक सिस्टम से लड़ी। आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। ये आरोपी लड़की का पिता था। ये कहानी है उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर की रहने वाली लतिका बंसल (21) की। जिन्होंने शनिवार को जयपुर में आयोजित 'वी द विमन' फेस्टिवल में बयां की। लड़की की इस कहानी को सुनकर पूरा ऑडिटोरियम सन्न रह गया।

जयपुर के क्लार्क आमेर में वुमन डे पर आयोजित इस फेस्टिवल में देश की कई महिलाओं और युवतियों ने अपने जीवन के संघर्ष और सफलता की कहानियों को मंच के जरिए बताया। इनमें से एक कहानी लतिका की भी थी। लतिका ने बताया कि 14 जून 2016 की वो सुबह थी जब वो (15 साल) और उसकी छोटी बहन (10 साल) चिल्लाने की आवाज सुनकर उठी। कमरे की खिड़की से देखा तो सामने उनकी मां जिंदा जल रही थी और पिता पास ही खड़े थे। मां की चीख सुनकर दोनों बच्चियां सहम उठीं और ये सब कोई और नहीं बल्कि उनके पिता की करतूत थी।

**न पुलिस ने साथ दिया और न प्रशासन ने**

लतिका ने भास्कर से बातचीत में बताया कि हमारी एक सामान्य फैमिली थी। पिता मनोज बंसल प्राइवेट नौकरी करते थे। पिता शराब के आदि थे, जिसके कारण हमेशा घर में पैसों की तंगी रहती थी। हमारी मां दिन-रात कपड़ों की सिलाई करके हमारी जरूरतों को पूरा करती। इसके बाद भी पापा उन्हें रोज शराब पीकर गालियां देते और हमारे सामने पीटते। कारण हमारा भाई नहीं होना था। पापा चाहते थे कि घर में एक लड़का हो, लेकिन हम दो लड़कियां होने से वो खुश नहीं थे। जिसके कारण उस दिन उन्होंने मां को जिंदा जला दिया। मां की मौत के बाद जब हमने पुलिस और प्रशासन में शिकायत की तो हमारी किसी ने नहीं सुनी।



**बच्चे जिस उम्र में पार्क- मॉल जाते हमने उस उम्र में थाने, कोर्ट के चक्कर लगाए**

लतिका ने बताया कि हमारी शुरू में पुलिस ने कई दिनों तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। क्योंकि पापा के परिवार में फूफा और चाचा बड़े रसूखदार थे, जिनके बड़े नेताओं से संपर्क थे। उनके घर पर बड़े पुलिस अधिकारियों, नेताओं का आना-जाना था। उल्टा हम पर ही दबाव बनाया कि केस वापस ले लिया जाए। उसके बाद हमारी मदद वकील संजय शर्मा ने की और उन्होंने ही हमारा केस लड़ा। जिस उम्र में बच्चे पार्क, मॉल, सिनेमा जाते थे, उस उम्र में मैं और मेरी छोटी बहन कोर्ट, पुलिस थाने, डीएम और एसपी ऑफिस के चक्कर काटती थी। मेरी छोटी बहन ने कोर्ट में खड़े होकर पापा के खिलाफ बयान दिए।

**उम्र कैद से भी कठोर सजा मिले**

करीब 6 साल के लंबे संघर्ष के बाद आखिर 27 अगस्त 2022 को सेशन कोर्ट से हमे न्याय मिला और पापा को उम्र कैद की सजा सुनाई। मगर मैं चाहती हूं कि जिस तरह उन्होंने मेरी मम्मी को जीवन भर यातनाएं दीं और अंत में इतनी दर्दनाक मौत दी, मैं चाहती हूं उस दर्द का एहसास उनको होना चाहिए। उनको उम्र कैद से भी बढ़कर कठोर कोई सजा हो तो वो मिल सके। लतिका ने बताया- सेशन कोर्ट से सजा दिलवाने के बाद पापा के परिवार वालों ने मेरे, मेरी बहन और मेरे नानी, मामा के खिलाफ धमकाने, गलत बात फैलाने के संबंध में मुरादाबाद थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

# शहीद सौरभ कटारा के परिवार को जल्द मिले बैटल कैजुएलिटी रिपोर्ट : हनुमान बेनीवाल



भरतपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 23 दिसंबर, 2019 को एक ब्लास्ट में शहीद हुए सौरभ कटारा के परिवार को स्थानीय सांसद रंजीता कोली और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी न्याय नहीं दिलवा पाए हैं। अब वीरांगना पूनम कुमारी ने नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल से गुहार लगाई है। शादी के मात्र 15 दिन बाद ही अपना सुहाग खोने वाली पूनम भारतीय सेना से बेटल कैजुएलिटी रिपोर्ट मांग रही है। इसके लिए वह और उसका परिवार पिछले 3 साल से लगातार संघर्ष कर रहा है।

अब सांसद हनुमान बेनीवाल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पूनम कुमारी को बेटल कैजुएलिटी रिपोर्ट जल्दी दिलाई जाए। ताकि उसे सरकार से मिलने वाली सुविधाएं जल्दी मिल सकें। सौरभ कटारा ड्यूटी के वक्त राष्ट्रीय राइफल्स की 28वीं बटालियन में जम्मू कश्मीर में तैनात थे। भरतपुर की रूपवास तहसील के ग्राम बरौली निवासी सौरभ कटारा की पत्नी पूनम कुमारी के मुताबिक सेना मुख्यालय ने उसे बहकावे में डाल रखा है। वे बेटल कैजुएलिटी के बजाय फिजिकल्टी रिपोर्ट देने की बात कर रहे हैं। कोविड-19 की वजह से डाक का आवागमन नहीं हो पा रहा है। उन्हें कहा जा रहा है कि उनके मेटर में कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी चल रही है। मानवीय आधार पर उसे बीसी रिपोर्ट मिलनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि शादी होने के बाद पूनम कुमारी सिर्फ 4 दिन ही पति का सुख देख पाई है। क्योंकि उसके पति ऑन ड्यूटी एक ब्लास्ट में शहीद हो गए थे। अब वीरांगना वाली सुविधाएं नहीं मिलने से उसे जीवनयापन करना मुश्किल हो रहा है।

# प्रेम में पड़कर बहू को अपने साथ ले गया ससुर

बूंदी, 4 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान में रिश्तों को तार-तार करने वाली एक और खबर सामने आई है। राजस्थान के बूंदी जिले में एक ससुर का अपनी पुत्रवधू पर दिल आ गया। आरोप है कि उसके बाद वह उसे लेकर घर से भाग गया। बेटे ने पिता पर पत्नी को भगाने का आरोप लगाते हुए दोनों को तलाश करने की गुहार लगाई है। सदर थाना पुलिस के थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया की मामला बूंदी के सदर थाना इलाके के सिलोर गांव है। वहां के पीड़ित युवक पवन वैरागी ने इस संबंध में अपने पिता रमेश वैरागी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पवन का आरोप है कि उसके पिता उसकी पत्नी को भगाकर ले गए। पीड़ित का कहना है कि पुलिस उसकी रिपोर्ट को गंभीरता से नहीं ले रही है। पवन के छह माह की एक बेटी भी है। पीड़ित युवक का आरोप है कि वे उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। उसने आरोप लगाया कि उसका पिता पहले भी गलत-सलत हरकतें करता था। उसकी पत्नी सीधे स्वभाव की है। पिता उसे डराता धमकाता भी था। पवन आरसीसी का काम करता है। वह मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहता है। सदर थाना प्रभारी अरविंद भारद्वाज का कहना कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पवन बैरागी ने पत्नी को भगाकर ले जाने के लिए पिता पर शक जाहिर किया है। जांच जारी है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

# एक बॉडी बिल्डर ने हाईवे पर लगे साइन बोर्ड पर किया स्टंट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

अजमेर, 4 मार्च (एजेंसियां)। जिले के मदनगंज थाना क्षेत्र में एक बॉडी बिल्डर ने हाईवे के साइन बोर्ड पर लटक कर स्टंट किया। यह स्टंट करना उनके लिए भारी पड़ गया है। दरअसल बॉडी बिल्डर ने रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। वायरल होने के बाद पुलिस ने स्टंटबाज को गिरफ्तार कर लिया।

मदनगंज थानाधिकारी नेमीचंद ने बताया कि नेशनल हाईवे-आठ पर नसीराबाद पुलिया पर लगे साइन बोर्ड पर स्टंट करने वाले युवक की पहचान नया गांव निवासी नौरत गुर्जर (20) पुत्र पप्पूलाल गुर्जर के रूप में हुई है। उसको गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।




पुलिस के अनुसार आरोपी चाय की थड़ी लगाता है और उसे बॉडी बिल्डिंग करने का शौक है। ऐसा उसने पॉपुलरिटी पाने के लिए किया है। यह युवक साइन बोर्ड के एंगल पर काफी देर तक लटकता रहा। दरअसल पुलिस का कहना है कि युवक ने हाईवे पर स्टंट कर खुद जान को जोखिम में डाला है। ऐसे में उसकी जान भी जा सकती थी।

आपको बता दें कि अजमेर एसपी चूनराम जाट के निर्देश पर जिलेभर में सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। जिस किसी के द्वारा भी सड़क पर या अन्य स्थानों पर स्टट करते हुए वीडियो अपलोड कर रहे हैं या हथियारों के साथ वीडियो और अपलोड कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# 'काव्य लहरी' कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बहाई कविता की धारा



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। उच्च शिक्षा और शोध संस्थान एवं शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना, हैदराबाद में 'काव्य लहरी' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्नातक तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डी. विद्याधर उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में प्रबंध निधिपालक शेख मोहम्मद खासिम उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता सचिव एवं संपर्क अधिकारी (प्रभारी) श्रीमती ए. जानकी ने की। पी.जी. के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय एल. मादार ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में कवि के साथ साथ एक सफल व्यक्ति के रूप में सफल होने की इच्छा व्यक्त की तथा शुभाशिष दिया। शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. एन. मुगुटकर ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय दिया। इस अवसर पर एसोसियेट प्रोफ़ेसर डॉ. साहिराबानो बोरगल की पुस्तक का विमोचन हुआ। शहर के विविध महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इन छात्र-छात्राओं ने सुन्दर कविताओं को प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ए.जी. श्रीराम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन एकाम्बरेश्वर ने किया। इस अवसर पर पी.जी. विभाग के तथा शिक्षा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गार्गी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होंगी कवयित्री डॉ. अर्चना पांडेय



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हैदराबाद की डॉ. अर्चना पांडे, पटना में सम्मानित होंगी। 5 मार्च को विद्यापति भवन पटना में गार्गी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होने वाली लब्ध प्रतिष्ठित तथा विभिन्न क्षेत्रों में पहचान बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। अपनी हिंदी, अंग्रेजी व भोजपुरी कविताओं व गीतों के माध्यम से कला एवं साहित्य को समृद्ध कर इस क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए हैदराबाद की डॉक्टर अर्चना पांडे का चयन किया गया है। लेट्स इंस्पायर बिहार के तत्वावधान में इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

# राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को एनएमडीसी की प्राथमिकता : प्रवीण कुमार

## अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष मासिक हिंदी प्रतियोगिता




हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। मिलेट के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन के उद्देश्य से एनएमडीसी मुख्यालय, हैदराबाद में विशेष हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में मिलेट्स एवं जी-20 से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। इसके अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न के बहुविकल्प दिए गए थे तथा प्रतिभागियों को सही विकल्प का चयन करना था। प्रतियोगिता हिंदीभाषी तथा हिंदीतर भाषी कार्मिकों के लिए पृथक रूप से आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता के. प्रवीण कुमार, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं विधि) ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में डॉ. अनुराधा पांडे, राजभाषा अधिकारी, डीआरडीओ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एस. चटर्जी, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। प्रतियोगिता के प्रारंभ में रुद्रनाथ मिश्र, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी दी।

के. प्रवीण कुमार ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि एनएमडीसी में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है तथा इसी के फलस्वरूप हमें स्थानीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने मिलेट्स एवं जी-20 संबंधित विषयों पर जानकारी दी तथा प्रतियोगिता आयोजित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य अतिथि के रूप में रूप में उपस्थित डॉ. अनुराधा पांडे ने मिलेट्स की उपयोगिता एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर गत माह सम्पन्न हुई हिंदी पहेली प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मंचासीन महानुभावों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. रजिन्दर कौर, प्रबंधक (राजभाषा) ने किया तथा आयोजन में राजेश कुमार गोंड, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), एसके सनोडिया, सहायक प्रबंधक (सचिवालयीन) एवं सुश्री सौम्या, अप्रेंटिस प्रशिक्षु ने सहयोग प्रदान किया।



सीरवी समाज कोरेमुला बडेर में होली के उपलक्ष्य में आयोजित डांडिया चंग कार्यक्रम में भाग लेते हुए अध्यक्ष कलुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा व समाजबंधु।



5 मार्च को आयोजित होने वाले सिकंदराबाद केटोंनमेंट के विधायक स्व. जी.सायन्ना की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गृहमंत्री मो. महमूद अली को आमंत्रित करते हुए एग्रीकल्चर मार्केट कमेटी, बोइनपल्ली के पूर्व चेयरमैप टीएन श्रीनिवास, ए. गौतम जैन व अन्य।



ब्यावर मेवाड़ी गेट रांकाजी की बघीची स्थित सम्मान समरोह कार्यक्रम में राजस्थान प्रशासनिक सेवा (एसडीएम) की उत्कर्ष एवं गौरवमय राजकीय सेवा पूर्णकर सेवानिवृत्त होने पर प्रभात त्रिपाठी का सम्मान करते हुए सहपाठी परबत सोलंकी, फूड सेफ्टी ऑफिसर घनश्यामसिंह सोलंकी, आयोजक श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी, आशा-प्रदीप त्रिपाठी, प्रशांत, यशवर्धन त्रिपाठी व युवराज सोलंकी।

## मलकपेट में होलिका दहन 6 को

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। माहेश्वरी जागृति संघ, मलकपेट के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार फाल्गुन पूर्णिमा को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक होलिका दहन का कार्यक्रम आर.एस.एस. ग्राउण्ड, आनन्द नगर, मलकपेट में सोमवार 6 मार्च को रात्रि 8:15 बजे सामूहिक रूप से किया जायेगा। उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में संघ के मंत्री नरसिंगदास लोया द्वारा दी गई। सामूहिक होलिका दहन कार्यक्रम अन्तर्गत फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा सोमवार 6 मार्च को सूर्यास्त के पश्चात सायं 7:05 बजे से पारिवारिक होलिका पूजन रहेगा तत्पश्चात सूर्यास्त से त्रिमुहूर्त में रात्रि 8.15 बजे सामूहिक होलिका दहन किया जायेगा।



उत्तर भारती नागरिक संघ के अध्यक्ष एन.के. सिंह परिवार द्वारा आल्टी एटम आश्रम में अन्नदान किया गया। इस अवसर उपस्थित हैं चेयरमैन एनके सिंह, नंद किशोर सिंह, अमरजीत सिंह, आदित्य सिंह, राजेंद्र तिवारी, निखिल, प्रशांत, पवन और अन्य। इस अवसर पर गौ सेवा भी की गई।

# दुर्घटनाओं से बचने के लिए करें उपाय



आसिफाबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद कस्बे के एआर मुख्यालय में सीसी रोड और बाजार वाडी पर स्पीड ब्रेकर अधिक होने के कारण उस तरफ से जाने वाले दोपहिया वाहन सवार गिर कर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। एआर मुख्यालय में सीसी रोड और बाजार वाडी हाई ब्रेकर हैं, इसलिए रात में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल उपाय करने की मांग की। उन्होंने हादसों को रोकने के लिए कदम उठाने का वादा किया। कार्यक्रम में पूर्व वार्ड सदस्य शब्बीर, बीआरएस नेता एमडी अहमद, कॉलोनीवासी व अन्य लोगों ने भाग लिया।



श्री प्रचंड तुलजा भवानी महारानी माता मंदिर, नीचे धूलपेट में होली के उपलक्ष्य में आयोजित ब्रज की होली कार्यक्रम में भाग लेते हुए गोशामहल के पार्षद लालसिंह व अन्य।

## होलिका दहन कार्यक्रम मंगलवार 7 मार्च को, हुई बैठक



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज हैदरगुड़ा शाखा एवं वैभव नारी शक्ति शाखा द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी होलिका दहन कार्यक्रम मंगलवार 7 मार्च को प्रातः 7 बजे अजीज प्लाजा, हैदरगुड़ा में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए ठंडी होली पूजन, डंडा रोपन, एवं बिड्कुला की माला सोमवार 6 मार्च को किया जाएगा। सभी शाखा के सदस्यों से आग्रह है कि शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं अपने अन्य पारिवारिक सदस्यगण, मित्रगणों एवं अग्रबंधुओं को सूचित कर इस आयोजन का लाभ उठाएं। इस आयोजन का मुख्य संयोजक जय प्रकाश गोयल उप संयोजक अजय अग्रवाल व अनिल अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। शाखा के अध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल ने सभी से निवेदन किया है कि इस पारंपरिक कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

## श्री आईजी गौशाल में होली मिलन एवं गेर नृत्य महोत्सव 7 को

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। श्री आईजी गौशाला, मल्काराम, जवाहरनगर, खापरा मण्डल में मंगलवार 7 मार्च को सायं 4 बजे से होली मिलन एवं रंगारंग गेर नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष चोलाराम हाम्बड़ तथा सचिव मंगलाराम पंवार द्वारा दी गई। विज्ञप्ति अनुसार सोमवार 6 मार्च को रात्रि 8:15 बजे गौशाला प्रांगण में सामूहिक होलिका दहन कार्यक्रम होगा। मंगलवार 7 मार्च को सायं 4 बजे से होली मिलन एवं रंगारंग गेर नृत्य महोत्सव चंग की थाप पर आयोजित किया जायेगा। गेर नृत्य महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक गेर मण्डलिया अध्यक्ष चोलाराम हाम्बड़, सचिव मंगलराम पंवार, मोतीलाल काग व कालुराम काग से सम्पर्क कर सकते हैं। गौशाला में सायं 4 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन किया जायेगा।

# जरूरतमंद महिलाओं में सिलाई मशीन वितरित



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भावसार विजन इण्ड़िया हैदराबाद क्षेत्र - 104, की भावसार विजन इण्ड़िया के संस्थापक नारायणराव तातुसकर व श्रीमती जयश्री तातुसकर द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जरूरतमंद महिलाओं में सिलाई मशीन वितरित की गई। इसमें डॉ. प्रशान्त नीमकर (गर्वनर), श्रीमती वसंता बगाड़े (उपाध्यक्षा : अखिल भारतीय भावसार क्षत्रिय महिला परिषद) एवं श्रीमती परणीता सुत्रावे (अध्यक्षा) श्याम कुमार नाजरे (मंत्री), प्रवीण पतंगे (प्रेसिडेन्ट इलेक्ट) मोहनराव देवत्तराज (गर्वनर अंबासडर), श्रीमती अश्विनी पतंगे (उपाध्यक्षा), श्रीमती लक्ष्मी गित्ते (कोषाध्यक्षा), एवं हेमा रानी परंडकर (बुलेटिन संपादक) एवं अन्य गणमान्य सदस्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर जरुरतमंद को सिलाई मिशन प्रायोजक समाज भूषण नारायण राव तातुसकर, लक्ष्मणराव सुत्रावे, श्रीमती परणीता सुत्रावे, प्रवीण पतंगे ने दिया। श्रीमती रेणुका सुलाखे, श्रीमती अनीता बेदरे, श्रीमती संगीता गडाले, श्रीमती लक्ष्मी घनाते को सिलाई मशीनें प्रदान की गई।

## जन सेवा संघ का होली मिलन समारोह आज

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को शाम 5 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क मनाया जा रहा है। जनसेवा संघ के महासचिव सुधीर जायसवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस अवसर पर भोजपुरी फ़िल्म फरिश्ता के मशहूर गायक बबुवा विकास एवं गायक भोलू भारद्वाज अपनी टीम के साथ गीत, संगीत और नृत्य का जलवा बिखेरेंगे। संघ ने सभी लोगों से अपील की है कि सपरिवार पधारकर इस विशेष समारोह का आनंद उठाकर अपनी सांस्कृतिक साझा विरासत को क़ायम रखें।

## राजस्थानी मित्र मंडल का गैर नृत्य कार्यक्रम जारी

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। धम्माईगुडा स्थित राजस्थानी मित्र मंडल के सान्निध्य में श्री भवानी फंक्शन हॉल में होली महोत्सव के पावन अवसर पर रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम 1 मार्च से रात्रि 9.15 बजे से 12.30 बजे तक चंग की थाप पर आयोजित किया जा रहा है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सान्निध्य में रंगारंग चंग की थाप पर गैर नृत्य आयोजित किया जा रहा है। 6 मार्च को रात्रि 8.15 बजे से पूजा-अर्चनाकर होली दहन कार्यक्रम, 7 मार्च प्रात: 9.15 बजे से होली मिलन, गैर नृत्य व बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिन समाज बन्धुओं को बच्चों की ढूंढ करानी हो वे श्री आईजी गैर के अमराराम देवड़ा, छज्जाराम सोलंकी, अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित, नेमाराम पंवार, परबत सोलंकी से सम्पर्ककर अपना नाम दे सकते हैं। कार्यक्रम स्थल पर रंगों की होली खेलने पर प्रतिबंद रहेगा। अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित ने समाज बन्धुओ से निवेदन किया है कि समय पर राजस्थानी वेष-भूषा में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लें।

## भाकपा ने गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के विरोध में धरना प्रदर्शन किया

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा ने आज यहां गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी के केंद्र सरकार के फैसले की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। शहर के हिमायतनगर में जिला पार्टी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर पार्टी की जिला सचिव एस. छाया देवी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद बेकाबू तरीके से गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए और देश की गरीब जनता पर बोझ डाला। उन्होंने कहा कि डीजल की कीमतों में वृद्धि के कारण आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ गई हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सार्वजनिक संसाधनों को लूटकर देश के गरीब लोगों के बजाय देश की कॉर्पोरेट कंपनियों के हितों के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के आम लोगों की आय नहीं बढ़ी है, लेकिन मोदी के शासन में अमीरों की संपत्ति बढ़ी है। श्रमिक महिला मंच की राज्य संयोजक प्रेम पावनी ने केंद्र सरकार से पूछा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं तो देश में पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम क्यों बढ़े हैं।

## मुख्य सचिव ने की परिवहन, आर एंड बी के अधिकारियों के साथ बैठक

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने आज बीआरकेआर भवन में परिवहन, आर एंड बी के अधिकारियों के साथ बैठक की और चल रहे कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। सचिव आरएंडबी श्रीनिवास राजू ने आरएंडबी विभाग के कामकाज का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विभाग का पुनर्गठन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप एई/एईई के संवर्ग में पदों की संख्या में वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग घनत्व जो 2014 में 2.25 किमी/100 वर्ग किमी था, अब 2023 में 4.45 किमी/100 वर्ग किमी हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के तहत पिछले नौ वर्षों के दौरान दो लेन और उससे अधिक के निर्माण में भी पर्याप्त प्रगति हुई है। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य की सड़कों की दोहरी लेन 2014 में 6093 किलोमीटर से बढ़कर 2023 में 12,060 किलोमीटर हो गई है। मंडल मुख्यालयों से जिला मुख्यालयों के बीच डबल लेन कनेक्टिविटी प्रदान करना, कुछ प्रमुख जिला सड़कों/राज्य राजमार्गों के दो लेन तक चौड़ीकरण के माध्यम से क्षमता वृद्धि, पुलों का निर्माण और प्रमुख शहरों में रिंग रोड का निर्माण कुछ प्रमुख पहल और परियोजनाएं हैं। विभाग द्वारा अप. 1170 सड़कों की री-कारपेटिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और काम जोरों पर चल रहा है।

# कंटी वेलुगु कार्यक्रम देश के लिए रोल मॉडल : जिला एसपी

कुमरम भीम आसिफाबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कंटी वेलुगू (नेत्र ज्योति) कार्यक्रम कोमरमभीम आसिफाबाद जिला पुलिस कैंप मुख्यालय आसिफाबाद में शनिवार को आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एसपी के. सुरेश कुमार आईपीएस मौजूद रहे।सबसे पहले रिबन काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस मौके पर एसपी ने कहा कि आंखें सभी अंगों में सबसे महत्वपूर्ण हैं और इस डिजिटल युग में इंसान आंखों की गुणवत्ता खोता जा रहा है।

लोगों और पुलिस कर्मियों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए, क्योंकि तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा चलाया गया यह कांटी वेलंग कार्यक्रम देश के लिए एक आदर्श है।

कार्यक्रम में आसिफाबाद मंडल और कागज नगर मंडल के 84 कर्मियों का परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर जिला अतिरिक्त एसपी प्रशासन अचेश्वर राव, अतिरिक्त एसपी (एआर) भीम राव, नेत्र दृष्टि कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद कुमार, आसिफाबाद डीएसपी श्रीनिवास, खगज नगर डीएसपी करुणाकर, नेत्र रोग विशेषज्ञ वेंकटेश, सुरेश, मेडिकल स्टाफ श्रुति, श्रीकांत, जिला सीआई, एसआई और पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।



श्री भाग्यनगर श्याम समिति द्वारा निकाली गई श्री श्याम निशान यात्रा में भजन प्रस्तुत करते विजय जाजू। साथ में समिति के संजय सारड़ा, घनश्याम राठी, देवेन्दर जायसवाल, जितेन्द्र लड्डा, सोनू पांडे, मुरली लोया, पोटेल श्रीनिवास यादव, बलबीर तिवारी व अन्य।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### दिल्ली आबकारी नीति ...

विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आरोप लगाया है कि आरएफघव मगुंटा कम से कम 180 करोड़ रुपये के अपराध की आय के कब्जे, उपयोग, हस्तांतरण आदि की विभिन्न गतिविधियों में शामिल था। ईडी की चार्जशीट के अनुसार, अपराध के जरिए प्राप्त 100 करोड़ रुपये रिश्वत का एक हिस्सा आम आदमी पार्टी के गोवा विधानसभा चुनाव प्रचार में इस्तेमाल किया गया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो की प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन का मामला सामने आया।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ सरकार के अन्य आबकारी अधिकारियों को सीबीआई और ईडी की शिकायतों में आरोपी के रूप में उल्लेख किया गया था।

### रेप और मर्डर ...

उसमें बच्चे का मतलब 18 साल से कम उम्र के बच्चे से है। 18 साल तक की उम्र के बच्चे ने अगर कोई अपराध किया है तो उनका मामला जेजे बोर्ड के सामने चलेगा। 15 जनवरी 2016 को कानून में बदलाव किया गया और जिसके तहत गंभीर अपराध में लिप्त बच्चे जिनकी उम्र 16 से 18 साल के बीच हो उनके मामले को जेजे बोर्ड देखेगी और आंकलन के बाद इस मामले को चिल्ड्रेन कोर्ट (कोर्ट ऑफ सेशंस) भेजेगी। लेकिन मामला चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो चाइल्ड अपराधी को फांसी या उम्रकैद की सजा नहीं दी जा सकती। 16 साल से 18 साल की उम्र के गंभीर चाइल्ड अपराधी का मामला चिल्ड्रेन्स कोर्ट (सेशंस कोर्ट) में चलेगा।

# इंदौर की पिच को आईसीसी ने बताया 'खराब': तीसरे टेस्ट के पहले दिन 16 दूसरे दिन 14 विकेट गिरे; 3 डिमेरिट पॉइंट्स कटे

खेल डेस्क, 4 मार्च (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला गया तीसरा टेस्ट तीसरे दिन ही खत्म हो गया। 15 सेशन का खेल 7 सेशन ही चल सका। मैच में 31 विकेट गिरे, जिनमें से 26 स्पिनर्स ने लिए। जिसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने स्टेडियम की पिच को 'पुअर' यानी खराब रेटिंग दी है।

### 3 डिमेरिट पॉइंट्स कटे

मैच के पहले ओवर में पांचवीं बॉल से ही पिच उखड़ने लग गई थी। मैच रेफरी क्रिस ब्रोड ने भी बताया कि पिच पहले दिन से उखड़ने लगी और लगातार खराब होती चली गई। ICC के मैच रेफरी ने पिच को खराब रेटिंग दी। साथ ही होलकर स्टेडियम को 3 डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए। ब्रोड ने कहा कि पिच बहुत सूखा था। स्पिनर्स को बहुत ज्यादा मदद थी, इस पर बैटर और बॉलर के बीच बराबरी का मुकाबला नहीं हुआ।

पहले दिन से बॉल दब रहा था, असमान उछाल भी देखने को मिला। इस पर किसी भी तरह की स्विंग या सीम मूवमेंट भी देखने को नहीं मिली।

### 14 दिन में अपील कर सकता है बीसीसीआई

आईसीसी द्वारा पिच को खराब रेटिंग मिलने के बाद अब बीसीसीआई के पास 14 दिन का समय है। बीसीसीआई 14 दिन में रेटिंग के खिलाफ अपील कर सकता है। अगर अपील नहीं की गई तो स्टेडियम पर 3 डिमेरिट पॉइंट्स बने रहेंगे। अगर 5 साल के अंदर किसी स्टेडियम को 5 डिमेरिट पॉइंट्स मिलते हैं तो उस स्टेडियम को एक साल के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट की मेजबानी से बैन कर दिया जाता है।

### नागपुर, दिल्ली से ज्यादा टर्न मिला

इंदौर की पिच पर नागपुर और दिल्ली से ज्यादा टर्न देखने को मिला। नागुपर में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट खेला गया, यहां 2.5 डिग्री का टर्न दिखा। यह टेस्ट भारत ने पारी और 132 रन से जीता। दिल्ली में दूसरा टेस्ट खेला गया, यहां 3.8 डिग्री तक स्पिनर्स का बॉल टर्न हुआ। यह टेस्ट भारत ने 6 विकेट से जीता। इंदौर में तीसरा टेस्ट हुआ, यहां 4.8 डिग्री तक टर्न देखने को मिला। इस मैच को ऑस्ट्रेलिया ने 9 विकेट से जीता।

### हर दिन 6 बार झाड़ू लगी

मैच के पहले दिन 16 और दूसरे दिन 14 विकेट गिरे। तीसरे दिन के पहले सेशन में मैच खत्म हो गया, इसमें एक विकेट गिरा। एक दिन में 3 सेशन का खेल होता है और एक सेशन में एक बार ड्रिंक्स ब्रेक होता है। इंदौर टेस्ट के दौरान हर ड्रिंक्स और सेशन ब्रेक में झाड़ू लग रही थी। यानी कि एक दिन के खेल में 6 बार झाड़ू लगाकर मिट्टी हटाई जा रही थी।

पिच से लगातार मिट्टी हटाई गई, ये मिट्टी भी बहुत ज्यादा मात्रा में थी। फोटोज में भी ये साफ तौर पर नजर आया कि पिच बहुत ज्यादा ही उखड़ रही थी।

2 सेशन में ही ऑलआउट हो गया भारत

एक मार्च को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच शुरू हुआ। भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और पहले सेशन में ही टीम का स्कोर 84 रन पर 7 विकेट हो गया। टीम 33.2 ओवर ही बैटिंग कर सकी और 109 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में स्पिनर्स ने 10 में से 9 विकेट लिए, जबकि एक बैटर रनआउट हुआ।

### 83.87% विकेट स्पिनर्स को मिले

ऑस्ट्रेलिया भी पहली पारी में 197 रन ही बना सका। इस पारी के 10 में से 7 विकेट स्पिनर्स को मिले, जबकि 3 पेसर ने लिए। तीसरी पारी में भारत ने 60.3 ओवर बैटिंग कर 163 रन बनाए। इस बार भी स्पिनर्स को 9 विकेट मिले, जबकि एक विकेट तेज गेंदबाज को मिला। आखिरी पारी में ऑस्ट्रेलिया को 76 रन का टारगेट मिला। टीम ने एक विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया और ये एक विकेट भी स्पिनर ने ही लिया।

जैसा कि मैच रेफरी ने बताया, पिच स्पिनर्स के लिए ज्यादा मददगार थी। क्योंकि मैच के 31 में से 26 विकेट स्पिनर्स को ही मिले। 4 विकेट पेसर ने लिए और एक बैटर रनआउट हुआ। यानी मैच के 83.87% विकेट स्पिनर्स ने ही चटकाए।

### नागपुर, दिल्ली को मिली थी एवरेज रेटिंग

आईसीसी के मैच रेफरी द्वारा हर इंटरनेशनल क्रिकेट मैच के बाद पिच और स्टेडियम को रेटिंग दी जाती है। 6 पॉइंट की यह रेटिंग मैदान की पिच और आउटफील्ड को लेकर होती है। इनमें वेरी गुड, गुड, एवरेज, बिलो एवरेज, पुअर और अनफिट कैटेगरी होती है।

एवरेज रेटिंग तक पिच खेलने लायक होती है, लेकिन उससे नीचे रेटिंग मिलने पर स्टेडियम को डिमेरिट पॉइंट्स मिलते हैं। नागपुर और दिल्ली में भी टेस्ट मैच तीसरे दिन ही खत्म हो गया था, लेकिन उन दोनों स्टेडियम को आईसीसी ने एवरेज रेटिंग दी थी और वहां की पिच को खेलने लायक बताया था।




### पहले धर्मशाला में होना था तीसरा टेस्ट

इंदौर को टेस्ट मैच की पिच तैयार करने के लिए बहुत कम समय मिला। क्योंकि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट पहले धर्मशाला में होना था, लेकिन वहां की आउटफील्ड तैयार नहीं होने के कारण टेस्ट को इंदौर में शिफ्ट किया गया। मध्य प्रदेश क्रिकेट स्टेडियम ने फिर 15 से 17 दिन के अंदर पिच तैयार की। जिस पर 15 में से 7 सेशन का ही खेल हो सका।

### रोहित बोले- खिलाड़ियों पर बातें क्यों नहीं होतीं

मैच के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारत में टेस्ट मैच के बाद पिच पर ही क्यों बातें होती हैं। खिलाड़ियों के खेल और स्किल-सेट पर सवाल क्यों नहीं पूछे जाते। वह बोले, 'अगर मुझसे नाथन लायन की बॉलिंग, उस्मान ख्वाजा की बैटिंग और चेतेश्वर पुजारा के इनिंग पर सवाल पूछे जाए तो मैं बेहतर तरीके से जवाब दे सकूंगा।'

### स्मिथ बोले- मुझे चैलेंज लेना पसंद

ऑस्ट्रेलिया के स्टैंड-इन कैप्टन स्टीव स्मिथ ने मैच के बाद कहा कि उन्हें भारत में कप्तानी करना हमेशा से पसंद है। खास तौर पर इस तरह की पिचों पर बैटिंग करने में तो उन्हें और भी ज्यादा मजा आता है। उन्हें चैलेंज लेना पसंद है और खुशी हुई कि वह इस चैलेंज को सफलतापूर्वक पार सके।

# 6 साल बाद बांग्लादेश घर में सीरीज हारी

## दूसरे वनडे में इंग्लैंड ने 132 रन से हराया; 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त

ढाका, 4 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 132 रन से हरा दिया है। तीन वनडे मैचों की सीरीज में अंग्रेजों ने 2-0 की बढ़त बना ली है। इसके साथ ही इंग्लैंड ने 6 साल बाद बांग्लादेश को उसके घर में हराकर सीरीज पर कब्जा कर लिया है। भारत, श्रीलंका,वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे भी बांग्लादेश को घरेलू सीरीज में नहीं हरा पाए हैं। इससे पहले बांग्लादेश को जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड ने 2016-17 में हराया था। उसके बाद बांग्लादेश को अपने घर में घरेलू वनडे सीरीज में हार नहीं मिली थी।

### ओपनर जेसन रॉय ने शतक और कप्तान ने खेले अर्धशतकीय पारी

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने जेसन रॉय की शतकीय और कप्तान जोस बटलर की अर्धशतीय पारी की बदौलत 7 विकेट के नुकसान 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जेसन रॉय ने 124 गेंदों में 132 रन की पारी खेली। उन्होंने अपने शतकीय पारी में 18 चौके और 1 छक्का भी जड़ा। रॉय का यह वनडे में 12वां शतक है। उन्होंने 104 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रॉय ने टीम के कप्तान बटलर के साथ चौथे विकेट के लिए 109 रनों की तेज-तर्रार साझेदारी की। बटलर ने 64 गेंदों पर 76 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 2 छक्के भी जड़े। रॉय और बटलर के अलावा मोइन अली ने 42 और सैम करन नाबाद 33 रन की तेज पारी खेल कर टीम को 7 विकेट पर 326 रन तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद सबसे सफल साबित हुए। उन्होंने ही 3 विकेट हासिल किए।

इंग्लैंड का सीरीज पर कब्जा



### बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन शाबिक अल हसन ने बनाए

327 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की 3 विकेट 9 रन पर ही गिर गए। उसके बाद ओपनर तमीम इकबाल और शाकिब अल हसन ने बांग्लादेश की पारी को संभालने का प्रयास किया। इकबाल ने 65 गेंदों पर 35 रन और शाकिब अल हसन ने 69 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली।

### सैम करन और आदिल राशिद ने लिए 4-4 विकेट

इंग्लैंड की ओर से सैम करन और आदिल राशिद ने चार-चार विकेट लिए।

करन ने 6.4 ओवर में 29 रन देकर 4 और आदिल राशिद ने 10 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके अलावा मोईन अली ने 9 ओवर में 27 रन देकर 1 विकेट लिए।


## मैच के दौरान बांगलदेश ने बेवजह ले लिया रिव्यू

### बल्ले के बीच में लगी बॉल, कप्तान ने ले लिया डीआरएस

इंग्लैंड और बांग्लादेश के बीच तीन वनडे सीरीज का दूसरा वनडे को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियन में खेला गया।

इंग्लैंड के आदिल राशिद के सामने बांग्लादेश के तस्कीन ओवर फेंक रहे थे। 48वें ओवर की आखिरी गेंद पर तस्किन अहमद ने शानदार यॉर्कर फेंकी और स्ट्राइक पर खेल रहे राशिद ने बॉल को बैट के बीच से हिट कर दिया।

बॉल पैड के पास भी नहीं थी। फिर भी बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल ने रिव्यू ले लिया। जब इसका रीप्ले देखा गया तो बांग्लादेश टीम सोशल मीडिया पर ट्रोल हुई।



# वर्ल्ड चैंपियनशिप टीम-चयनकर्ता पर उठे सवाल

## हरियाणा की बॉक्सर मंजू और पूनम का फेडरेशन को लेटर, कहा- बेहतर प्रदर्शन पर भी बाहर निकाला

रोहतक, 4 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के रोहतक की बॉक्सर मंजू रानी व हिसार की बॉक्सर पूनम ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की चयन टीम व चयनकर्ताओं को कटघरे में खड़ा करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। साथ ही दोनों महिला बॉक्सरों ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (BFI) के प्रधान को पत्र लिखकर इस मामले में निष्पक्ष जांच व उचित कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते संतोषजनक कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा सकती हैं। दोनों महिला बॉक्सरों का नेशनल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन होने के बाद भी वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम में नाम नहीं था। इसलिए खफा होकर दोनों बॉक्सरों ने यह कदम उठाया है।

### नंबर 1 से दो पर लाकर वर्ल्ड चैंपियनशिप से की बाहर

उन्होंने आरोप लगाया कि जिस बॉक्सर को नंबर एक पर स्थान दिया गया है, वह केवल हरियाणा स्टेट में खेली और कोई मेडल भी नहीं ले सकी। जिसका कैंप के अंदर तीसरे नंबर पर नाम था और उसे वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाया जा रहा है और उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। जबकि उसने वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश को सिल्वर मेडल दिला रखा है।



> भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक विजेता हैं। अभी वर्ल्ड चैंपियनशिप होने वाली है। जिसमें उन्हें पहली रैंक से हटाकर दूसरे नंबर पर डाल दिया।
>
> मंजू रानी, बॉक्सर

### बिना कारण वर्ल्ड चैंपियनशिप से हटाया नाम

मंजू रानी ने पत्र में लिखा कि वह लगातार अपनी ट्रेनिंग कर रही हैं, और कोई छुट्टी भी नहीं ली। यहां तक कि आज तक कोई बीमारी व इंजरी भी नहीं हुई, लेकिन फिर भी बिना कारण वर्ल्ड चैंपियनशिप से नाम हटा दिया। उन्हें किस वजह से नंबर एक से हटाकर नंबर दो पर किया गया है और वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भी नियुक्त नहीं किया गया।

### न्याय नहीं मिला तो मजबूरन जाएंगी कोर्ट

उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि खिलाड़ियों का मनोबल तोड़ा जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसकी जांच की जानी चाहिए। जल्द से जल्द जांच करके न्याय दिलाया जाए और वर्ल्ड चैंपियनशिप में खेलने का मौका दिया जाए। साथ ही कहा कि अगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो वे मजबूरन कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगी।

### बीएफआई के प्रधान को लिखा पत्र

हिसार निवासी बॉक्सर पूनम पूनिया ने ने बीएफआई के प्रधान को पत्र लिखते हुए कहा कि उन्होंने नेशनल में गोल्ड मेडल जीता और उनके साथ 11 अन्य महिला बॉक्सरों ने गोल्ड मेडल जीता था। जिनमें से 9 बॉक्सर को प्रदर्शन को देखते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चुना गया। जब उनका नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिप्रेजेंटेटिव फोटो में वे नहीं दिखी तो आघात लगा।

### 48 घंटे में गलती ठीक करने के लिए कहा

उन्होंने कहा कि वे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रही थी। इंडिया के लिए टॉप परफॉर्मेंस देने के बाद भी देश के लिए नहीं खेल रही हैं। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि जो यह गलती है, उसको अगले 48 घंटे में ठीक किया जाए। अब चैंपियनशिप के लिए काफी कम समय है। ताकि वे भी तैयारी जारी रख सकें और देश को पदक दिला पाएं।

### चयन प्रक्रिया नहीं पारदर्शी

बॉक्सर पूनम ने पत्र में जिक्र किया कि पिछले कुछ सालों में देश के टॉप खिलाड़ी कोर्ट गए हैं। देश में कुछ खेल संघ को कोर्ट द्वारा निलंबित भी किया गया। अपना बेहतर प्रदर्शन करने के बाद भी इंसाफ नहीं मिला। इस पत्र का जवाब नहीं आने पेर उन्हें भी ऐसा ही करना पड़ेगा। यहां तक कि बॉक्सिंग संघ भी निलंबित हो सकता है, क्योंकि चयन प्रक्रिया पारदर्शी नहीं हैं।

# ये तो बस शुरुआत है: डब्ल्यूपीएल का ऑफिशियल एंथम हुआ रिलीज, शेफाली वर्मा आई नजर



स्पोर्ट्स डेस्क, 4 मार्च (एजेंसियां)। डब्ल्यूपीएल यानी विमेंस प्रीमियर लेग का ऑफिशियल एंथम 'ये तो बस शुरुआत है' शनिवार 4 मार्च को लांच हुआ। बीसीसीआई ने इसे लांच किया। बीसीसीआई सचिव जय शाह और डब्ल्यूपीएल ने एंथम सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। शंकर महादेवन, हरदीप कौर और नीति मोहन ने इस एंथम में अपनी आवाज दी। वहीं, दो मिनट के इस एंथम के वीडियो में दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा समेत कई विमेन क्रिकेटर भी नजर आई।

एंथम 'ये तो बस शुरुआत है' महिला क्रिकेट और समय के साथ स्पोर्ट के डेवलपमेंट के बारे में बता रहा है। एंथम विमेंस क्रिकेट की भावना को व्यक्त कर रहा है।

विमेंस इंडियन प्रीमियर लीग का मस्कट शेरनी है। इसको शक्ति नाम दिया गया है। गुरुवार यानी 2 मार्च को बीसीसीआई सचिव जय ने इसे जारी किया था। शक्ति को शेरनी का रूप दिया गया है।

# टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में घुसे दो फैन, पुजारा के साथ सेल्फी ली

## पुलिस ने बम निरोधक दस्ता बुलाया, एक गिरफ्तार



इंदौर, डेस्क, 4 मार्च (एजेंसियां)। इंदौर में शुक्रवार को तीसरे टेस्ट के दौरान टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में 2 फैंस घुसने का मामला सामने आया है। दोनों ने चेतेश्वर पुजारा के साथ सेल्फी भी ली। यह पूरी घटना टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार शाम को दिन का खेल समाप्त होने से कुछ समय पहले की थी।

दोनों सुरक्षाकर्मियों को चकमा देते हुए भारतीय ड्रेसिंग रूम में घुस गए। फैंस को ड्रेसिंग रूम के करीब देखकर सिक्योरिटी और एमपीसीए के अधिकारी घबरा गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

उधर, पुलिस ने कहा- एक फैन घुसा था। उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तत्काल बम निरोधक दस्ता को बुलाया गया। ड्रेसिंग रूम की तलाशी ली गई। यह टेस्ट ढाई दिन में ही समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 विकेट से पटखनी दी। सीरीज 1-2 पर कर दी।

तुकोगंज टीआई कमलेश शर्मा का कहना है कि एक ही फैन अंदर घुसा था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसने किचन के रास्ते ड्रेसिंग रूम में एंट्री की थी। यह घटना गुरुवार शाम करीब 4.30 बजे की है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम जावेद है। वह ठेला लगाता है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि दो फैंस ड्रेसिंग रूम में अंदर गए थे। दूसरे का नाम कय्यूम बताया जा रहा है। जावेद और कय्यूम दोनों मेवाती मोहल्ले में रहते हैं। तीसरे टेस्ट में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। भारतीय टीम पहली पारी में महज 109 रन पर सिमट गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 197 रन बनाए। कंगारू टीम ने पहली पारी के आधार पर 88 रन की बढ़त हासिल की।

भारतीय टीम का दूसरी पारी में भी खराब प्रदर्शन रहा और पूरी टीम 163 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 76 रन का आसान लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा का विकेट गंवाने के बाद 18.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम मौजूदा सीरीज में 2-1 की बढ़त पर है।

# विराट-अनुष्का ने महाकाल मंदिर में भस्म आरती की

## कोहली रुद्राक्ष की माला और धोती-सोला पहने दिखे, अनुष्का साड़ी में नजर आईं

उज्जैन, 4 मार्च (एजेंसियां)। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा शनिवार सुबह महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां दोनों ने सुबह 4 बजे भस्म आरती की। भगवान का आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद विराट ने मीडिया से जय महाकाल कहा। अनुष्का ने कहा कि भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेकर बहुत अच्छा लगा। विराट-अनुष्का डेढ़ घंटे तक नंदी हॉल में बैठे। आरती के बाद दोनों ने मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट ने गले में रुद्राक्ष की माला धारण की हुई थी। साथ ही मस्तक पर चंदन का त्रिपुंड लगाकर धोती सोला पहने हुए थे। अनुष्का शर्मा साड़ी में नजर आईं।



# कुश्ती के अखाड़े में बदला रियल मैड्रिड बनाम बार्सिलोना फुटबॉल मैच

खेल डेस्क, 4 मार्च (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड के एडर मिलिटाओ ने आत्मघाती गोल दागा। यही गोल निर्णायक साबित हुआ। मैच के दौरान कई मौकों पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच लड़ाई भी देखने को मिली।

स्पैनिश लीग ला लिगा की लीडर टीम बार्सिलोना ने शुक्रवार को कोपा डेल रे के सेमीफाइनल के फर्स्ट लेग मैच में रियल मैड्रिड को हरा दिया। स्टाडियो सैंटिएगो बर्नाबू स्टेडियम में खेले गए मैच में बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवानदॉस्की समेत कई स्टार खिलाड़ी चोट की वजह से नहीं खेल रहे थे। इसके बावजूद बार्सा की टीम रियल मैड्रिड पर हावी रही। पजेशन में डॉमिनेट करने के बाद भी मैड्रिड की टीम शॉट ऑन टारगेट लगाने में नाकामयाब रही। फर्स्ट लेग को 1-0 से जीतकर बार्सा की टीम अब दूसरे लेग में रियल मैड्रिड से कैंप नू में भिड़ेगी।



रियल मैड्रिड के एडर मिलिटाओ ने आत्मघाती गोल दागा। यही गोल निर्णायक साबित हुआ। मैच के दौरान कई मौकों पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच लड़ाई भी देखने को मिली। पहले हाफ में रियल मैड्रिड के विनीशियस जूनियर और बार्सिलोना के फ्रेंकी डी जोंग के बीच गर्मागर्मी वाला माहौल देखने को मिला। यह घटना मैच के 24वें मिनट में हुई जब विनीशियस और डी जोंग गेंद के पजेशन के लिए संघर्ष कर रहे थे।

# सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे टीपीसीसी प्रमुख रेवंत रेड्डी



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी के काफिले की छह कारें राजन्ना सिरसिल्ला जिले में एक दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गईं।

येल्लारेड्डीपेट में हुई घटना में समाचार चैनलों से संबंधित दो वाहनों में यात्रा कर रहे कुछ मीडियाकर्मी घायल हो गए, जब रेवंत रेड्डी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के लिए जा रहे थे। चार एसयूवी, जो रेवंत रेड्डी के काफिले का हिस्सा थीं, दो मीडिया वाहनों के साथ क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर तब हुई जब एक वाहन के चालक ने नियंत्रण खो दिया और सामने चल रहे वाहन से टकरा गया। पहले वाहन का पीछा कर रही कारें भी आपस में टकरा गईं। रेवंत रेड्डी और एसयूवी में सवार अन्य लोग बाल-बाल बच गए। टक्कर के प्रभाव से इन वाहनों में लगे गुब्बारे खुल गए और यात्रियों को गंभीर चोटें आने से बच गईं। हालांकि, समाचार चैनलों की दो कारों में यात्रा कर रहे कुछ मीडियाकर्मी घायल हो गए। रेवंत रेड्डी बाद में दूसरे वाहन में चले गए।

इस बीच, राज्य सरकार ने तेलंगाना उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि रेवंत रेड्डी को जारी यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रदान की गई है।

टीपीसीसी प्रमुख ने हाल की एक घटना के मद्देनजर सरकार को सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्देश देने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की है जिसमें सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के समर्थकों ने यात्रा पर हमला किया था। एडिशनल डीजीपी, इंटेलिजेंस ने हाईकोर्ट को बताया कि रेवंत की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा जिन जगहों से होकर गुजरेगी, वहां के सभी यूनिट अधिकारियों को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश देते हुए एक फैक्स मैसेज भेजा गया है। न्यायमूर्ति बी. विजयसेन रेड्डी ने सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। उन्होंने रेवंत रेड्डी को अदालत को सूचित करने का निर्देश दिया कि क्या उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई है।

# साइबर ठगों ने दो महीने में उड़ाए सात करोड़ रुपये

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सिर्फ दो महीनों में, साइबर जालसाजों द्वारा भोले-भाले पीड़ितों से 7 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम निकाल ली गई है और साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट में 388 मामले दर्ज किए गए हैं। संयोग से, पिछले दो महीनों में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामलों में, पीड़ितों की सबसे अधिक संख्या निजी कर्मचारियों की है जिसके बाद सॉफ्टवेयर पेशेवर हैं और स्थान-वार, अधिकांश शिकायतकर्ता माधापुर और कुकटपल्ली से हैं।

पिछले दो महीनों के लिए उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, निवेश धोखाधड़ी के तौर-तरीके 181 मामलों के साथ सूची में सबसे ऊपर हैं, जिसमें 6.60 करोड़ रुपये की ठगी की गई है, इसके बाद कस्टमर केयर धोखाधड़ी के 94 मामले हैं, जिसमें विज्ञापन धोखाधड़ी में 3.70 करोड़ रुपये और 95 लाख रुपये की राशि शामिल है।

साइबर क्राइम डीसीपी, साइबराबाद ऋतिराज ने कहा कि पीड़ितों के इन धोखाधड़ी के शिकार होने के सामान्य कारण आसान धन, साथियों के दबाव और निवेश में तेजी से वृद्धि का प्रलोभन हैं। आमतौर पर, छात्र, निजी कर्मचारी, आईटी कर्मचारी और गृहिणी आय के वैकल्पिक स्रोत की तलाश करते समय इन अप्रत्याशित धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं।

ऐसे ऐप्स और वेबसाइटों के लिए उनके उच्च जोखिम को देखते हुए, वे सबसे अधिक असुरक्षित हैं। उन्हें यह महसूस करने में काफी समय लगता है कि उनके साथ धोखा हुआ है।

21 वर्ष से 30 वर्ष के आयु वर्ग में पीड़ितों की संख्या 31 वर्ष से 40 वर्ष के आयु वर्ग में अधिक है। दूसरे समूह में ज्यादातर गृहिणियां शामिल हैं। इस बीच, बुजुर्ग व्यक्तियों और बच्चों को भी साइबर जालसाजों द्वारा तेजी से फंसाते पाया गया है।

# मंत्री ने एनआरआई डॉक्टरों से मातृभूमि की सेवा करने का आह्वान किया



हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने दुनिया भर के विभिन्न देशों में बसे तेलंगाना के एनआरआई डॉक्टरों से आगे आने और अपनी विशेषज्ञता के साथ राज्य के लोगों की सेवा करने का आह्वान किया है। स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव ने शनिवार को यहां निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनआईएमएस) में तेलंगाना के एनआरआई डॉक्टरों और नर्सों को सम्मानित किया। एनआरआई डॉक्टरों और नर्सों की 10-सदस्यीय टीम ने 27 फरवरी से 4 मार्च तक निम्स में गंभीर हृदय रोगों से पीड़ित बच्चों की लंदन स्थित डॉक्टर रमना के नेतृत्व में दिल की दुर्लभ सर्जरी की। इस अवसर पर मंत्री हरीश राव ने एनआरआई डॉक्टरों की स्वैच्छिक सेवा के लिए सराहना की और कहा कि अन्य एनआरआई डॉक्टरों को मातृभूमि की सेवा के लिए डॉ. रमना की टीम से प्रेरणा लेनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तेलंगाना में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए ईमानदारी से काम कर रही है और अपने प्रयास के तहत, वह राज्य की राजधानी के आसपास चार सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और वारंगल में 2000 बिस्तरों वाले एक अन्य सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण कर रही है। हरीश राव ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों का निर्माण 6,000 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है और राज्य सरकार सभी अस्पतालों के निर्माण को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अधिकारियों को अप्रैल अंत तक पिकेट नाला का काम पूरा करने का निर्देश

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने संबंधित अधिकारियों को पिकेट नाला के चल रहे कार्यों में तेजी लाने और उन्हें अप्रैल महीने के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया। तलसानी श्रीनिवास यादव ने अधिकारियों के साथ शनिवार को यहां बेगमपेट स्थित पिकेट नाला का दौरा किया और सामरिक नाला विकास कार्यक्रम (एसएनडीपी) के तहत 10 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। तलसानी ने कहा कि धरना नाला के पूरा होने से, अन्ना नगर, रसूलपुरा बस्ती, आईसीआरआईएसएटी, भेल कॉलोनी और अन्य कॉलोनियों के निवासियों को बारिश के मौसम में बाढ़ के पानी के खतरे से स्थायी समाधान होगा। मंत्री ने बताया कि नाला का काम तेजी से चल रहा है और जल निकासी और पानी की पाइपलाइन का काम पहले ही पूरा हो चुका है। इस मौके पर अधिकारियों को सभी लंबित कार्यों में तेजी लाने और उन्हें निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। बेगमपेट नगरसेवक माहेश्वरी, जोनल आयुक्त श्रीनिवास रेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# केन्द्रीय मंत्री ने बीदर-कलबुर्गी नई डेमू गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने शनिवार को बीदर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में गाड़ी सं.07746 बीदर- कलबुर्गी नई डेमू गाड़ी सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस समारोह में रघुनाथराव मलकापुरे, विधान परिषद सदस्य, रहीम खान, विधानसभा सदस्य और बाबु बालाजी, अध्यक्ष, बीदर शहरी विकास के विशिष्ट अतिथि रहे। ए.के.गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, सिकंदराबाद मंडल तथा अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उपस्थित थे।



इस अवसर पर भगवंत खुबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के कुशल नेतृत्व में कर्नाटक राज्य में रेल अवसंरचना विकास ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इससे रेल परिवहन सुविधाओं के विकास से इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बीदर-कलबुर्गी के बीच शुरू की गई दो जोड़ी नई डेमू गाड़ियां यात्रियों, विशेषकर व्यापारियों, कर्मचारियों और छात्रों की जरूरतों को पूरा करेगी। इसके अलावा, माननीय राज्य मंत्री ने कहा कि बीदर-नांदेड़ नई रेलवे लाइन परियोजना शुरू की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 100 करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं. उन्होंने यह भी बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बीदर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि यात्रियों की बहुप्रतीक्षित जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक सुख-सुविधाओं के साथ स्टेशन का उन्नयन किया जाएगा। उन्होंने सूचित किया कि केंद्र सरकार, कर्नाटक क्षेत्र के लोगों को सर्वोत्तम गाड़ी सेवाएं और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेल परिवहन अवसंरचना में वृद्धि पर विशेष ध्यान दे रही है। इससे पहले ए.के. गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक ने सभी का स्वागत किया और नई डेमू गाड़ी सेवाओं की विशेषताओं पर संक्षिप्त प्रस्तुति दी।

# चुनाव आयोग से वाईएसआरसीपी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह

विशाखापत्तनम, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारत सरकार के पूर्व सचिव, ईएएस सरमा ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के लिए आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए भारत के चुनाव आयोग से आग्रह किया है। शुक्रवार को यहां मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को संबोधित एक पत्र में, उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में एमएलसी चुनाव शीघ्र ही होने वाले हैं और प्रासंगिक अधिसूचना पिछले महीने जारी की गई थी। तभी से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू हो गई थी। उन्होंने आयोग से अनुरोध करते हुए कहा कि अभी, एमसीसी के उल्लंघन में, यहां की सत्ताधारी पार्टी एक" वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन "में लगी हुई है, जिसने सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में चुनावी प्रक्रिया में खेल के मैदान को काफी हद तक परेशान कर दिया है।

दि न्यू इंडिया एश्युरंस कंपनी लिमिटेड
हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय-610000
प्लाट नं. 1,2 एंड 3, हबसीगुडा,
इंडस्ट्रीयल पार्क उप्पल -500007,
तेलंगाना स्टेट फोनः 040-27155115,
ईमेलः hydro@newindia.co.in

हिमायत नगर प्रभागीय कार्यालय के कार्यालयीन परिसर का परिश्रम भवन 9वीं मंजिल पर स्थानांतरण

एतद्वारा सभी संबंधित हितधारकों को सूचित किया जाता है कि, सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अनुसार, प्रभावी तिथि 15-04-2023 से हैदराबाद स्थित हमारे कार्यालय डोर नं. 1 अनसुया काम्प्लेक्स, हिमायत नगर, पो.बाक्स नं. 1051, 500029 को 9 वीं मंजिल, परिश्रम भवन, बशीरबाग, 500029 पर स्थानांतरित किया जा रहा है।

कार्यालय फोनः 040-23221235/23223757
वरिष्ठ प्रभागीय प्रबंधक




## फार्म हाउस में अज्ञात लोगों ने की महिला की हत्या

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कंदुकुर के एक फार्महाउस में शुक्रवार रात एक महिला की अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी। महिला शैलजा रेड्डी अपने पति सुरेंद्र रेड्डी के साथ कंदुकुर मंडल के दसुरापल्ली गांव के एक फार्महाउस में रहती थी। रात करीब 8.30 बजे शैलजा सर्वेंट क्वार्टर में थी, जबकि सुरेंद्र फार्म हाउस बिल्डिंग में मालिक के परिवार की देखभाल कर रहे थे, जो वहां आए थे। एसीपी महेश्वरम, सी अंजैया ने कहा कि सुरेंद्र ने कुत्तों के लगातार भौंकने की आवाज़ सुनी और अपने कमरे में गया जहाँ उसने अपनी पत्नी को खून से लथपथ मृत पाया। कुछ लोगों ने चाकू का इस्तेमाल कर महिला की हत्या कर दी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जांचकर्ताओं की सहायता के लिए एक खोजी कुत्ते को तैनात किया गया था और एक सुराग टीम ने मौके का दौरा किया। हमलावर की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है।

# दो माओवादी पामेद दलम सदस्य सहित एक सहयोगी गिरफ्तार



कोठागुडेम, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने शुक्रवार को जिले में तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर पैदीगुडेम जंगलों में भाकपा (माओवादी) के दो सदस्यों पामेद दलम और एक माओवादी सहयोगी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. विनीत जीने एक बयान में बताया कि दुमुगुडेम पुलिस, सीआरपीएफ 212 और सीआरपीएफ 141 बटालियन के जवानों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए दलम के सदस्य कामराम के सोडी काम और सोडी बंधु और छत्तीसगढ़ के किस्ताराम थाना क्षेत्र के पालाचलमा के सोडी चंटी पुलिस को निशाना बनाकर पैदीगुडेम के जंगलों में बारूदी सुरंग लगाने आए थे। कामे और बंडू पिछले पांच साल से पामेद दलम में काम कर रहे हैं। उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ में कई मामलों के अलावा दुमुगुडेम थाने में एक और चेला पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है।

इनके पास से 10 जिलेटिन की छड़ें, चार इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 20 मीटर कॉर्डेक्स तार, 50 मीटर बिजली के तार, एक बैटरी और एक स्टील की बाल्टी बरामद हुई है। माओवादी नाबालिगों को पार्टी में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहे थे और वे मजदूरों के वेश में और सीमावर्ती इलाकों में रहने के लिए तेलंगाना आ रहे थे। वे इलाज के लिए अस्पतालों का दौरा कर रहे थे, विस्फोटक सामग्री और आवश्यक सामान खरीद रहे थे, जिन्हें छत्तीसगढ़ में पुलिस पर हमला करने के लिए माओवादियों को आपूर्ति की जा रही थी। डॉ. विनीत ने चेतावनी दी कि ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## पूरे राज्य में 300 नए पुलों का निर्माण करेगी तेलंगाना सरकार

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क और भवन विभाग कनेक्टिविटी में सुधार के लिए राज्य की सड़कों पर लगभग 300 नए पुलों का निर्माण करेगा। पिछले दो वर्षों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण राज्य में कई सड़कें और पुलिया गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थीं, अधिकारियों ने हाल ही में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपकर सड़कों, कार्यवाहियों, पुलियाओं और पुलों की मरम्मत के लिए धन की मांग की थी। आर एंड बी अधिकारियों ने नए पुलों के निर्माण के लिए राज्य भर में विभिन्न सड़कों पर 300 स्थानों की पहचान की है।

पिछले दो वर्षों में बाढ़ के कारण लगभग 133 पुल क्षतिग्रस्त हो गए और 167 स्थान ऐसे हैं जहाँ नदियाँ बहती हैं, लेकिन पुल नहीं हैं। आर एंड बी अधिकारियों के अनुसार, विभाग ने राज्य की सड़कों का व्यापक सर्वेक्षण करने के बाद सरकार से युद्धस्तर पर कम से कम 150 नए पुलों का निर्माण तुरंत शुरू करने का आग्रह किया था, अन्यथा अगले मानसून के दौरान सड़कों को गंभीर नुकसान होगा। अधिकारियों ने कहा कि सभी नए पुलों को जमीन से ऊपर 10 मीटर से 50 मीटर की लंबाई के साथ बनाया जाएगा ताकि पानी सुरक्षित रूप से नीचे से गुजर सके, ताकि भारी बारिश और बाढ़ के दौरान यह जलमग्न या अतिप्रवाह न हो।




## सुभाष ने राहुल गांधी पर देश को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा के आधिकारिक प्रवक्ता एन वी सुभाष ने आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश का नुकसान करने वाला करार दिया, जिन्होंने हमेशा विदेशों में भारत की छवि खराब करने की कोशिश की। कैंब्रिज में राहुल गांधी के भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुभाष ने कहा कि वास्तव में कांग्रेस के सत्ता में आने पर भारतीय लोकतंत्र को खतरा होगा क्योंकि कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में बने रहने के लिए एक विशेष समुदाय का इस्तेमाल किया और तुष्टिकरण की नीति अपनाई। लोगों को अब कांग्रेस पार्टी के हाथों अपनी दुर्दशा का एहसास हो गया है और जब भी और जहां भी चुनाव हो रहे हैं वे पार्टी को खारिज कर रहे हैं। ताजा उदाहरण पूर्वोत्तर राज्यों के चुनाव परिणाम हैं, जिन्होंने सभी वर्गों के लोगों की भलाई के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को पूरी तरह से अपना समर्थन दिया। राहुल गांधी के भाषण पर अफसोस जताते हुए सुभाष ने कहा कि अगर कोई जांच एजेंसी स्वतंत्र रूप से काम करती है और देश में किसी भी अपराध में शामिल व्यक्ति से पूछताछ करती है तो लोकतांत्रिक मूल्यों और मानदंडों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा हमेशा किसी भी समस्या को हल करने के लिए बातचीत और बातचीत में विश्वास करते हैं और रूस-यूक्रेन युद्ध पर हमारे पीएम द्वारा लिया गया रुख स्पष्ट है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.